सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-208 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 7 जनवरी 2024
24 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com






# आदित्य एल-1 मुकाम तक पहुंचा

**उपलब्धि**

- इसरो के हाथ लगी बड़ी सफलता
- एल-1 प्वॉइंट पर पहुंचा सूर्य मिशन
- आदित्य-एल-1 का प्रक्षेपण 2 सितंबर 2023 को किया गया था

**बेंगलुरु**

देश की पहली सौर वेधशाला 'आदित्य-एल1' अपने गंतव्य तक पहुंच गई है। 110 दिनों की यात्रा, 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय करने और बाद में एक सटीक कक्षा में प्रवेश के बाद, आदित्य-एल1 मिशन को अंतरिक्ष की विशालता में एक इष्टतम स्थान पर सफलतापूर्वक पार्क किया गया है, जहां से उसे सूर्य का अबाधित दृश्य दिखाई देगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया कि भारत के लिए यह साल कितना शानदार रहा। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, टीम इसरो द्वारा लिखी गई एक और सफलता की कहानी। सूर्य-पृथ्वी कनेक्शन के रहस्यों की खोज के लिए आदित्य एल1 अपनी अंतिम कक्षा में पहुंच गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अंतरिक्ष के माध्यम से भारत की यात्रा में एक और मील का पत्थर!! हमारा पहला सौर अनुसंधान उपग्रह आदित्य-एल1 अंतरिक्ष में अपने गंतव्य तक पहुंच गया है। यह इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है।

### पीएम मोदी ने दी इसरो को बधाई



इसरो की इस सफलता पर पीएम मोदी ने भी खुशी जाहिर की है। उन्होंने ट्वीट कर इसरो की सराहना करते हुए लिखा कि भारत ने एक और मील का पत्थर हासिल किया। भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल 1 अपने गंतव्य तक पहुंच गई। सबसे जटिल अंतरिक्ष मिशनों में से एक को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। यह असाधारण उपलब्धि सराहना योग्य है। हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।

### राष्ट्रपति ने भी दी बधाई



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को भारत के पहले सूर्य मिशन 'आदित्य-एल1' को उसकी गंतव्य कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित करने के लिए इसरो को बधाई दी और कहा कि इस अभियान से पूरी मानवता को लाभ होगा।

6.47 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का सीएम योगी ने किया शिलान्यास

# देश की तस्वीर और तकदीर बदली: योगी

**सौगात**

- बिना भेदभाव मिल रहा योजनाओं का लाभ
- विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। उनके नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है और देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं।


भारत में आज वैश्विक स्तर की इंफ्रास्ट्रक्चर, हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट का निर्माण हों रहा है। एम्स और फर्टिलाइजर के कारखाने बन रहे हैं। जनता की सुविधा के लिए प्रत्येक गांव को सड़क, पेयजल आदि की योजनाओं जोड़ने का कार्य हो रहा है। सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के संझाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 6.47 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार नहीं थी तो लोंगो को शौचालय, आवास, राशन, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली के लिए भटकना पड़ता था। पर, जब वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी तब उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों को परिवार की तरह समझकर प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ उनकी भलाई के लिए कार्य किया। उसी के परिणाम स्वरूप देश की जनता उनके आह्वान पर लगातार भाजपा को आशीर्वाद प्रदान कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बिना भेदभाव सभी गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पहले जहां गरीबों के राशन पर डकैती और भ्रष्टाचार का बोलबाला होता था, गरीब को राशन नहीं मिलता था, वहीं आज देश मे 80 करोड़ तथा यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पहले गरीब स्वास्थ्य सुविधा के आभाव में दम तोड़ देता था। जबकि आज देश में 50 करोड़ व यूपी में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है। पहले गरीबों के पास आवास नहीं थे, वे झोपड़ी में जैसे तैसे गुजर बसर करते थे जबकि आज देश में 4 करोड़ व प्रदेश में 55 लाख गरीब परिवारों को आवास का लाभ मिला है।

# ज्ञानवापी मामला: चार सप्ताह तक सार्वजनिक नहीं होगी सर्वे रिपोर्ट

**आदेश**

- अदालत ने एएसआई का आवेदन स्वीकार किया
- सर्वे रिपोर्ट लीक न हो, मीडिया कवरेज पर लगे रोक

**वाराणसी**



ज्ञानवापी परिसर से संबंधित एएसआई की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट के सार्वजनिक करने के मामले में शनिवार को जिला अदालत से आदेश आ गया है।

वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने एएसआई का आवेदन स्वीकार कर लिया है जिसमें टीम ने चार सप्ताह तक रिपोर्ट सार्वजनिक न करने की अपील की थी। बता दें कि एएसआई ने जिला जज की अदालत में आवेदन देकर कहा कि 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए। क्योंकि इलाहबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ऐसे में द्वितीय प्रति तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए समय दिया जाए और रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफों में ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट की मांग हिंदू के साथ ही मुस्लिम पक्ष ने भी की है। हिंदू पक्ष ने रिपोर्ट की प्रति तत्काल दिए जाने का अनुरोध किया था। मुस्लिम पक्ष ने पहले आपत्ति जताई थी, फिर ईमेल आईडी देकर रिपोर्ट मांगी है।

## यूपी के दो शहरों को सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म

**लखनऊ।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में बेहतर कार्य करने के लिए वाराणसी नगर निगम को राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार 11 जनवरी को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मिलेगा। सर्वेक्षण की रैंकिंग की घोषणा 11 जनवरी को ही की जाएगी। बीते साल स्वच्छ सर्वेक्षण में जिले की रैंकिंग 21 थी। इस बार टॉप टेन में आने की उम्मीद है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में स्वच्छता के मानकों को पूरा करने पर केंद्र सरकार की ओर से बीते साल सर्वेक्षण कराया गया था। इसी के आधार पर राष्ट्रीय पुरस्कार (स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अवार्ड सेरेमनी) की घोषणा की गई। उत्तर प्रदेश के दो नगर निगम को इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसमें नगर निगम वाराणसी और प्रयागराज शामिल है। इस पुरस्कार की घोषणा से संबंधित पत्र शहरी आवासन एवं कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने नगर निगम में भेजा है।

# दवाओं की क्वालिटी के लिए फार्मा कंपनियां होंगी जिम्मेदारी

**एडवाइजरी**

- खराब दवाएं वापस बुलाने पर ड्रग्स अथॉरिटी को बताना होगा
- सरकार ने कंपनियों के लिए नए स्टैंडर्ड बनाए



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने फार्मास्युटिकल कंपनियों के लिए नई गाइडलाइंस का नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसके तहत कंपनियां अगर किसी ड्रग को वापस बुलाती हैं, तो उन्हें लाइसेंसिंग अथॉरिटी को इसकी जानकारी देनी होगी। साथ ही प्रोडक्ट के डिफेक्ट, खराब गुणवत्ता या गलत प्रोडक्शन के बारे में भी बताना होगा। सरकार ने 28 दिसंबर को एक नोटिफिकेशन जारी करके कंपनियों को यह निर्देश दिया है। हालांकि मीडिया में यह जानकारी 6 जनवरी को आई। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के शेड्यूल एम के तहत फार्मास्युटिकल कंपनी के लिए गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस बताई गई हैं। नए नोटिफिकेशन में सरकार ने इस शेड्यूल रू में नई गाइडलाइन्स जोड़ी हैं। दरअसल, 2022 में भारत में बनी दवाओं से विदेश में कई लोगों की जान गई थी। इसके चलते केंद्र सरकार ने फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री की स्क्रूटनी बढ़ाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

# इंडिया गठबंधन में फंसा पेंच

**उलझन**

- कांग्रेस से बड़ी कुर्बानी मांग रहे सहयोगी दल
- जदयू, राजद जैसी पार्टियां कम सीटों के लिए तैयार नहीं



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। राजग के घटक दलों के साथ भाजपा सहज दिख रही है, किंतु विपक्षी गठबंधन सीट बंटवारे को लेकर उलझन में है। घटक दलों के साथ कई बैठकों के बावजूद किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है। सीट बंटवारे का ना फार्मूला तय हो पाया है और ना ही बातचीत के लिए कोई तिथि। सब अपनी बंशी अलग बजा रहे हैं।

कहीं क्षेत्रीय दलों की अपेक्षा बड़ी है तो कहीं कांग्रेस अपनी जमीन छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। आधार वाले राज्यों में जदयू, राजद, सपा, आम आदमी पार्टी (आप), तृणमूल कांग्रेस एवं शिवसेना कम सीटों पर तालमेल के लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें सीटों के साथ ड्राइविंग भी चाहिए। कांग्रेस के टालू रवैये से घटक दलों की बेचैनी बढ़ने लगी है। कांग्रेस राष्ट्रीय गठबंधन समिति के सदस्य सलमान खुर्शीद का बयान आया कि सीट बंटवारे के लिए रविवार से बैठकें होंगी, किंतु कांग्रेस की ओर से तत्काल कह दिया गया कि यह पार्टी का आधिकारिक बयान नहीं है। खबर है कि समिति के संयोजक मुकुल वासनिक ने घटक दलों से विमर्श करके सीट बंटवारे का फार्मूला तैयार किया है। शीर्ष नेतृत्व को रिपोर्ट भी सौंप दी है। माना जा रहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होने से पहले मसला सुलझा लिया जाएगा। उन राज्यों पर भी चर्चा कर ली गई है, जहां सीटों को लेकर ज्यादा मारामारी है। सूचना है कि कांग्रेस की दावेदारी उन सीटों पर भी है, जिनपर उसकी जमानत बच गई थी। इस हिसाब से कुल 273 सीटों पर कांग्रेस की दावेदारी मजबूत है। ऐसे में सहयोगी दलों के पास लड़ने के लिए 270 सीटें बच जाएंगी।13 राज्यों में कांग्रेस शून्य पर आउट हुई थी 2014 एवं 2019 के लगातार दो लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को 13 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में एक भी सीट नहीं मिली थी। ऐसे राज्यों में दिल्ली, गुजरात, हिमाचल, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा नगर हवेली, दमन-दीव, नागालैंड, सिक्किम एवं त्रिपुरा है।

> कांग्रेस को खटका है कि मित्र दल उसे ऐसी सीटें लेने के लिए मजबूर कर सकते हैं जिनपर हार की ज्यादा आशंका है। कांग्रेस 2019 के संसदीय चुनाव में 52 सीटें जीती थी एवं 209 सीटों पर दूसरे नंबर पर थी। इस हिसाब से 261 सीटों पर कांग्रेस की दावेदारी प्रबल है। शेष 282 सीटें मित्र दलों के लिए बच जाती हैं।

# अब 10 जनवरी तक बंद रहेंगे आठवीं तक के विद्यालय

**लखनऊ।** ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने आठवीं कक्षा तक के विद्यालयों में अवकाश को जारी रखा है। सभी सरकारी, गैर सरकारी व निजी विद्यालयों में प्री प्राइमरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यालय 10 जनवरी तक बंद रहेंगे। जबकि नौवीं से 12वीं कक्षा तक के समय अवधि सुबह 10 से तीन बजे तक संचालित रहेंगी।

ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने आठवीं कक्षा तक के विद्यालयों में अवकाश को जारी रखा है। सभी सरकारी, गैर सरकारी व निजी विद्यालयों में प्री प्राइमरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यालय 10 जनवरी तक बंद रहेंगे। जबकि नौवीं से 12वीं कक्षा तक के समय अवधि सुबह 10 से तीन बजे तक संचालित रहेंगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय संचालन होने के दौरान ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था करनी होगी।

विद्यालय प्रधानाचार्य व प्रबंधक की जिम्मेदारी होगी, कक्ष में तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए हीटर व अन्य की व्यवस्थाएं की जाएंगी। विद्यार्थियों पर यूनिफार्म पहनने का दबाव नहीं बनाया जाएगा। ठंड बचाव के लिए किसी भी तरह के गर्म कपड़े पहन सकेंगे।

संभव हो तो विद्यालयों की कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से कराया जा सकता है।




**शिलान्यास** गुरुओं के नाम पर ही सनातन की पहचान है

# संस्कृत वैज्ञानिक भाषा है: राजनाथ

**तोहफा**

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रखी पतंजलि गुरुकुलम् की आधारशिला
- गुरुकुल परंपरा ने भारत को पूरे विश्व में स्थान दिलाया है



**देहरादून।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हरिद्वार में पतंजलि गुरूकुलम् एवं आचार्यकुलम् शिलान्यास समारोह में पहुंचे। उन्होंने पतंजलि गुरुकुलम् की आधारशिला रखी। इसके बाद उन्होंने संबोधन में कहा कि हमारे देश में जो सिख धर्म है, वह शिष्य शब्द से ही निर्मित है।

भारत में कई सारे ऐसे धर्म और संप्रदाय हैं, जो गुरुवाणी के आधार पर ही कायम है। यदि भारतीय संस्कृति जीवित है और यह सनातन बनी हुई है, तो इसकी जीवंतता को बनाए रखने में इस देश के गुरुओं का सबसे बड़ा योगदान है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए देश के गुरुकुल आगे आए। उन्होंने कहा कि संस्कृत वैज्ञानिक भाषा है। दुनिया के कई विद्वानों ने प्रकृति और सृष्टि को समझने के लिए संस्कृत का ही अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत का अहम स्थान है। योग दर्शन भी महर्षि पतंजलि ने संस्कृत में ही लिखा था। उन्होंने संस्कृत पढ़ने लिखने और बोलने वालों की कम होती संख्या को लेकर चिंता जताई। कहा कि देवभाषा की यह स्थिति देखकर मन में पीड़ा होती है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि योग गुरु बाबा रामदेव वेद और योग को सरलता से जनमानस तक पहुंचा रहे हैं इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। गुरु शिष्य परंपरा पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि गुरुओं के नाम पर ही सनातन की पहचान है। सभी धर्म में मतभेद हो सकता है लेकिन गुरु को सभी ने स्वीकार किया है। रक्षामंत्री ने कहा कि गुरुकुल परंपरा ने भारत का पूरे विश्व में स्थान दिलाया है।

### हर जगह हो रहा काम

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भगवान राम फिर से अयोध्या में विराजमान हो रहे हैं। आज चाहे काशी विश्वनाथ के भव्य कॉरिडोर का निर्माण हो या बद्रीनाथ का मास्टर प्लान और केदारनाथ का पुनर्निर्माण हो। हर जगह काम हो रहा है।

# श्रद्धालुओं को अयोध्या पहुंचाने के लिए रेलवे ने की खास तैयारी

**सुविधा**



- 430 शहरों से चलेंगी 72 ट्रेनें
- रेलवे अयोध्या के लिए नई ट्रेनों का शेड्यूल कर सकता है जारी

**अयोध्या।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक सफर कराने के लिए भारतीय रेलवे ने खास तैयारी की है। रेलवे अयोध्या के लिए कई नई ट्रेनें शुरू करने जा रहा है। इसमें एसी से लेकर स्लीपर और जनरल सभी श्रेणी की ट्रेनें शामिल होंगी। आने वाले कुछ दिनों में रेलवे अयोध्या की ओर जाने वाली नई ट्रेनों का शेड्यूल जारी कर सकता है। मौजूदा समय अयोध्या के लिए 35 ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इसमें रोजाना चलने वाली ट्रेनों के अलावा साप्ताहिक ट्रेनें भी शामिल हैं। लेकिन 22 जनवरी के बाद से मौजूदा ट्रेनों के अलावा 37 अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इस तरह देशभर के 430 शहरों से कुल 72 ट्रेनों का संचालन होगा। रेलवे से जुड़े सूत्रों का कहना है कि राम मंदिर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए अयोध्या के लिए अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। रेलवे की कोशिश है कि अधिक से अधिक शहरों को अयोध्या से सीधा जोड़ा जाए। इन ट्रेनों के माध्यम से राम नगरी अयोध्या को देश के बड़े शहरों से जोड़ने की तैयारी है।

# सदर में डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

*अवधनामा संवाददाता*

त्त्ग्ड्ढ4 त्त्ग्ह्यड्ढद्मह्य×द्बद्ध0 1

**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोकसभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ सुबोध जायसवाल व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 11 शिकायत का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 24, पुलिस 16, विकास 08, नगर निकाय 05, आपूर्ति 03, विद्युत 05, कृषि के 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया।



इस दौरान मुख्य रूप से पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ संदीप सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम-एसपी ने संपूर्ण पोषण के लिए सैम श्रेणी के 05 बच्चों को बाटी सुपोषण किट

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सदर के लोकसभागार में सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी के साथ शहर के आंगनबाड़ी केंद्र शमशेरनगर में नामांकित शिशु जा पहुंचे, जहां डीपीओ भारत प्रसाद की अगुवाई में शिशु रिया, हफ्सा, कायनात और अलीजा ने अपने हाथों से बनाई नववर्ष की ग्रीटिंग डीएम, एसपी को भेंट की। इस दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अभिनव पहल ÷संपूर्ण सुपोषण अभियान÷ के तहत (सैम श्रेणी) अतिकुपोषित श्रेणी की शिशु सपना, अर्पिता, शिवानी, हसन, रिजा को न केवल दुलारा बल्कि उनके अभिभावकों सुपोषण किट प्रदान की।इस मौके पर डीएम ने कहा कि आज प्रदान की जा रही सुपोषण किट सामग्री का नियमित सेवन कराए, यह किट बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए वरदान साबित होगी। डीएम ने सीडीपीओ-आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दिए कि वह इन बच्चों का नियमित मॉनिटरिंग करके यह सुनिश्चित कराएं कि सुपोषित किट एवं केंद्र से मिलने वाले पोषाहार का बच्चे को नियमित सेवन कराए।

### यूको बैंक ने स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

**सहारनपुर।** यूको बैंक के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 23 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और बैंक की योजनाओं से भी लोगों को अवगत कराया गया।

जैन डिग्री कॉलेज रोड स्थित यूको बैंक शाखा में स्थापना दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन बैंक व हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें 23 यूनिट रक्तदान हुआ। ब्लड डोनेट करने वालो में बैंक के कर्मचारियों एवं ग्राहकों ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि बैंक द्वारा अब हर तीन माह के अंतराल में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक सिद्धांत गुप्ता ने बताया कि यूको बैंक की स्थापना 06 जनवरी 1943 को घनश्याम दास बिरला द्वारा कोलकाता में की गई थी। यूको बैंक की 3280 शाखाएं समस्त भारत में फैली हुई है और अपनी उत्कृष्ट सेवाए प्रदान कर रही है।

# 25-25 हजार रुपये के इनामिया दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश साहा ने कोतवाली सदर में प्रेसवार्ता करते हुये बताया कि कोतवाली सदर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 05/2024 धारा 302 भादवि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट की घटना में वांछित दो नफर शातिर 25-25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्तों कुलदीप बाजपेई पुत्र राकेश बाजपेई व विकास दीक्षित उर्फ विक्कू पुत्र रमाशंकर दीक्षित को लालपुर बैरियर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त कुलदीप बाजपेई के कब्जे से आलाकत्ल 01 अदद अवैध तमंचा, 01 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया व अभियुक्त विकास दीक्षित उर्फ विक्कू के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्पलेण्डर मोटरसाइकिल रजि0 नं0-UP31 BZ 4566 को भी



बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है दिनाक 02.01.2024 को थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत मो0 प्रकाशनगर में निर्माणाधीन टंकी की बाउण्ड्री के पास गली में मोटर साइकिल रोककर तथा बाउन्ड्री की दीवार पर शराब की बोतल रखकर पीने से मना करने की बात लेकर कहासुनी होने पर गोली मारकर मृतक बलराम पुत्र रंजीत नि0 सिरटा थाना सदर जिला कैथल राज्य हरियाणा की हत्या कर दी गई थी। जिसके संबंध में थाना कोतवाली सदर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

## भूमि पर कब्जा करने आये लोगो को ग्रामीणो ने दौड़ाया

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मगरेना में दो सौ वर्ष पूर्व नवाब वाहिद अली द्वारा लगभग आधा एकड़ भूमि करबला के लिये दान दी गयी थी। उस भूमि को उनकी पुत्री द्वारा बिक्री कर दी गयी। जिन लोगो ने उक्त भूमि को खरीदा था जब वो लोग उक्त भूमि पर कब्जा करने के लिये गए तो ग्रामीणों ने उन्हे दौड़ा लिया जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी सी मच गयी। ग्रामीण अपने धार्मिक स्थल की जमीन को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। बताते चले कि लगभग 200 वर्ष पूर्व तत्कालीन मोहम्मदी नवाब वाहिद अली द्वारा अपनी उक्त मगरेना गांव को बसाया और इबादत करने के लिये मस्जिद का निर्माण भी कराया था साथ ही ताजियादारो को कर्बला के लगभग आधा एकड़ भूमि दी थी। जिस पर आज तक ताजियादारी होती चली आ रही है। नवाब की पुत्री मेहरतिलत जो लखनऊ में निवास करती है ने अचानक एक व्यक्ति को उक्त भूमि की बिक्री कर दी। भूमि बिक्री किये जाने की जानकारी ग्रामीणो में रोष फैल गया और भूमि पर कब्जा करने आये लोगो को ग्रामीणो ने दौड़ा लिया माहौल बिगड़ने की भनक लगते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल और एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। आस्था से जुड़े कर्बला की भूमि की बिक्री के मामले मे आज गांव के सैकड़ो लोग एकत्र होकर क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह के आवास पर पहुंचकर अपनी बात को रखा। जिस पर क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने ग्रामीण को आश्वासन दिया कि किसी भी कीमत पर धार्मिक स्थलो व करबला पर कब्जा नहीं होने दिया जायेगा। उक्त समस्या का बैठकर कर सम्मानजनक हल निकाला जायेगा। क्षेत्रीय विधायक ने कल (आज) दोनो पक्षो को अपने आवास पर आमंत्रित किया है।

## ग्राम पंचायतों की लगभग एक लाख से अधिक आबादी 32 घंटों से बिजली गुल

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** जहां एक ओर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ग्रामीण अंचल में 18 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा कर रहे हैं, तो वहीं यहां चंदापुर फीडर से जुड़े करीब 14



ग्राम पंचायतों की लगभग एक लाख से अधिक आबादी 32 घंटों से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी बिजली की त्रासदी झेल रही हैं। संबंधित फीडर पर विभागीय अधिकारी महराजगंज चंदापुर 33/11 केवी लाइन पर तकनीकी फाल्ट बता रहे हैं, तो कभी बछरावां से 33 केवी खराब होने और बिजली गिरने से इंसुलेटर पंचर हो जाने की वजह बताई जा रही है। अब प्रश्न उठता है कि, आखिर आए दिन 33 केवी लाइन पर फॉल्ट क्यों हो रहा है? शुक्रवार को डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायतों से जुड़े हजारों उपभोक्ता विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से अंधेरे में रहने को विवश हुए। शनिवार को भी शाम 5¬43 खबर लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी।

आपको बता दें कि, चंदापुर फीडर से जुड़े मऊ, ताजुद्दीनपुर, जमोलिया, कैंडावा, मुरैनी, सिकंदरपुर, ज्योना, मोन, डोमापुर, कैर सहित 14 ग्राम पंचायतों के हजारों उपभोक्ताओं तथा एक लाख से अधिक आबादी को शुक्रवार सुबह नौ बजे से शनिवार शाम 5¬45 बजे तक बिजली नसीब नहीं हुई है। शुक्रवार को सुबह 9¬00 बजे के बाद उपकेंद्र में तकनीकी फाल्ट आने का दावा किया गया, उसके बाद 33 केवी लाइन में फाल्ट आ गया, फिर आकाशीय बिजली गिरने से कई इंसुलेटर पंचर होने की बात कही गई। जिसकी वजह से आटा चक्की, कारखाना, नलकूप ठप है, ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। पिछले 32 घंटे में कल सुबह महज तीन से चार घंटे बिजली मिली है। ऐसे में आम जनमानस बिजली संकट से हैरान व परेशान है। शुक्रवार की सुबह करीब 9:00 बजे विद्युत उपकेंद्र चंदापुर के पैनल में तकनीकी खराबी आ जान से 8 घंटे से ज्यादा का वक्त गुजर गया, उसके बाद 33 केवी मे फाल्ट आ गया, फिर आकाशीय बिजली गिरने से इंसुलेटर पंचर हो गए, जिसके कारण शनिवार की सुबह तक एक लाख से अधिक आबादी, बिजली संकट से जूझती रही, प्रतिदिन तकनीकी खराबी और फॉल्ट से घरेलू बत्ती, प्राइवेट नलकूप, कनेक्शन धारक, आटा चक्की, टावर, स्कूल, अस्पताल के साथ ही हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। क्षेत्र में बिजली से चलने वाली सभी सेवाएं बंद होने से लोगों में नाराजी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि, आए दिन हो रहे फाल्ट से जीवन प्रभावित हो रहा है। शासन प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके कारण आम जनमानस पीने के पानी से लेकर मोबाइल चार्ज करने व अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। चांदपुर फीडर पर शनिवार समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति नहीं हो सकी थी, उपभोक्ता में आक्रोश है। उधर अवर अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि, शुक्रवार को 33 केवी लाइन पर तकनीकी फाल्ट आने और आकाशीय बिजली गिरने से कई इंसुलेटर पंचर हो जाने से विद्युत की आपूर्ति बाधित है। इंसुलेटर बदलने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि, कल शाम बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट से खंभे पर चढ़कर कार्य कर रहा एक विद्युत कर्मी दहशत में आकर बेहोश हो गया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। इस कारण रात में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। जल्द ही उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी।

### एडीएम ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में दी जानकारी

**लखीमपुर खीरी।** डिप्टी डीईओ/ एडीएम संजय कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर सर्विस मतदाताओं से सम्बन्धित निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु पूर्व में निर्गत कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण की अवधि दिनांक 12.01.2024 (शुक्रवार) तक एवं निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 22.01.2024 (मंगलवार) को किया जायेगा।

### बेरीबाग में तुलसी वन विकसित करेगा नगर निगम

**सहारनपुर।** नगर निगम वार्ड 29 बेरीबाग में गीता मंदिर के सामने तुलसी वन विकसित करेगा। गीता मंदिर पार्क का भी सौंदर्यीकरण किया जायेगा। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने आज वार्ड 29 के निरीक्षण के दौरान इस सम्बंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रत्येक सप्ताह दो वार्डो के निरीक्षण के निर्धारित क्रम में नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज शनिवार की सुबह नगर निगम अधिकारियों की टीम के साथ वार्ड 29 बेरी बाग में निरीक्षण के लिए पहुंची। क्षेत्रीय पार्षद दीपक रहेजा व क्षेत्र के सुरेन्द्र क्वात्रा, साहिल गाबा, स.तजेंद्र सिंह तथा संजय बटला आदि ने बुके देकर नगरायुक्त का स्वागत किया। नगरायुक्त ने नगर निगम द्वारा विकसित किये जा रहे प्रधानमंत्री स्वनिधि बाजार का निरीक्षण करते हुए उसके विस्तार का सुझाव दिया और दीवार पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गीता मंदिर के सामने निगम द्वारा बनाये गए सेल्फी प्वाइंट/पार्क का निरीक्षण करते हुए उसका भी विस्तार करने तथा वहां ओपन जिम लगाने और पार्क में सोलर लाइट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम्पनी गार्डन की दीवार के साथ ही तुलसी वन विकसित करने को भी कहा। नगरायुक्त ने सेल्फी प्वाइंट की साफ सफाई पर संतोष व्यक्त किया और उसके रखरखाव के लिए पार्षद व क्षेत्रीय लोगों की सराहना की।

### मंदिर का दानपात्र उखाड़ हजारों की नगदी ले उड़े चोर

**सहारनपुर।** अज्ञात चोरों ने एक गांव के दो धार्मिक स्थलों एवं किरयाना की दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। पूरा मामला कोतवाली बेहट के गांव रुहालकी का है जहां के ग्राम प्रधान रणवीर सिंह ने कोतवाली बेहट में तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात्रि में अज्ञात चोरों ने धार्मिक स्थलों एवम किरयाना की दुकान को निशाना बनाते हुए शिवमंदिर का दान पात्र उखाड़ कर करीब 50,000 हजार रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है एवं रविदास मंदिर का दान पात्र जिसमे करीब 20,000 रुपए थे उसे लेकर अज्ञात चोर फरार हो गए। इतना ही नहीं अज्ञात चोरों ने किरयाना की एक दुकान के ताले तोड़कर करीब 5,000 रुपए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। ग्राम प्रधान ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई एवं मंदिर के दान पात्र व चोरी किए गए रुपए की बरामदगी की मांग की है। चोरी की घटना की सूचना ग्रामीणों के द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी है। वही इस संबंध में जब कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया की मामले की जांच की जा रही है जल्द ही अज्ञात चोरों को गिरफ्तार कर ठोस कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## समस्याओं को मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर समयबद्धता से करें निस्तारणः डीएम

## प्राप्त शिकायतों का टीम बनाकर सत्यापन कर निस्तारण करना करें सुनिश्चित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत निस्तारण के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं समयबद्धता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए कि राशन कार्डो के सत्यापन में तेजी लाई जाए एवं अपात्रों को चिन्हित कर उनके राशन कार्ड निरस्त करते हुए पात्रों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागीय कार्यो के लिए संवेदनशील रहें और जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करें। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र तहसील नकुड में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनशिकायतों का निस्तारण कर रहे थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निदान करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों व समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही न बरती जाए एवं मानवीय दृष्टिकोण से भी शिकायतों का निस्तारण किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विकास विभाग की 06, राजस्व विभाग की 26, विद्युत विभाग की 02, पुलिस विभाग की 05, स्थानीय निकाय की 02, लोक निर्माण विभाग की 01 कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होने निर्देश दिए कि शीतलहरी से बचाव हेतु रैन बसेरों में प्रयाप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



इसी के साथ यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी खुले में न सोए। चिन्हित स्थलों पर अलाव जलाए जाएं। जिलाधिकारी ने आए हुए लोगों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टी भी मिलनी चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा लगायी गयी स्टॉल में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों को अन्न प्राशन कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही कोहरे के दृष्टिगत गश्त बढाया जाए। उन्होने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ छेड-छाड करने वालों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजीव मांगलिक, तहसीलदार राधेश्याम शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## यूपी सीनियर महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नीशू चौधरी बनी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने यूपी सीनियर महिला क्रिकेट टीम घोषित की है, जिसमे टीम की कप्तान सहारनपुर की निशु चौधरी पुत्री हरबीर सिंह ग्राम झबीरण सरसावा को बनाया गया है और पूर्व रणजी खिलाड़ी, लेवल 2 कोच भावना तोमर को यूपी की सीनियर महिला टीम की कोच नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने खुशी का इजहार किया है।

शुक्रवार को एसडीसीए के चेयरमैन मौ.अकरम ने बताया कि यूपी सीनियर महिला टीम का पहला मैच 6 जनवरी से त्रिवेंद्रम में महाराष्ट्र की टीम से होगा। उन्होंने चयनित खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना। उन्होंने कहा जिले में महिला क्रिकेट को लगातार प्रोत्साहित किया



जा रहा है। महिला क्रिकेट को इस कामयाबी से बहुत प्रोत्साहन मिलेगा। इस कामयाबी पर एसडीसीए के पदाधिकारियों अमर गुप्ता, साजिद उमर, राजकुमार राजू, राजीव गुप्ता, पुण्य गर्ग, सत्यम शर्मा, सैयद मशकूर, परविंदर सिंह, पाली कालड़ा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, अमित सेठी, राजीव गोयल (टप्पू), रणधीर कपुर, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार, सचिन सैनी, रविश राठी, राजशेखर, अर्जुन सिंह, शोएब, अर्जुन चौहान, मुजीब रहमान, मृदुल गर्ग व खेल प्रेमियों ने खुशी का इजहार किया है।

### आईवीएफके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का किया स्वागत

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता का वैश्य समाज के लोगों ने अभिनंदन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संगठन पदाधिकारियों का आभार जताया और रविवार को होने वाले सम्मेलन में भागेदारी करने का आह्वान किया।

संगठन संरक्षक वाईके गुप्ता के स्कूल में आयोजित सादे समारोह में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने संगठन अध्यक्ष अशोक अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है, उसे वह निष्ठा के साथ पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने समाज के सभी लोगों से रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में होने वाले वैश्य महासम्मेलन में बढ़-चढ़कर भागेदारी करने का आह्वान किया। बैठक में मुख्य रूप से राम राजीव सिंगल, आदेश अग्रवाल, विनोद गुप्ता, विनीत मित्तल, बृजेश अग्रवाल, नवीन गुप्ता, श्रीमती कुसुम अग्रवाल, श्रीमती संगीता गोयल, पंकज गुप्ता, डीके बंसल, विपुल गुप्ता, संदीप गुप्ता, तुषार अग्रवाल एडवोकेट, मनोज गुप्ता, मुकुल मित्तल, राहुल कुमार, एकांश अग्रवाल ने सुनील गुप्ता को बधाई दी व 7 जनवरी को अग्रवाल धर्मशाला मे आयोजित वैश्य महासम्मेलन में भाग लेने का आवाहन किया।

## जेसीबी मशीन की खुदाई के दौरान मकान का अगला हिस्सा हुआ धराशायी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत वार्ड 55 में चल रहे कार्य के तहत विकास प्राधिकरण द्वारा नाला खुदायी व सड़क निर्माण के दौरान एक व्यक्ति का अगला हिस्सा धराशायी हो गया, जिससे निर्माण कार्य कर रही टीम में खलबली मच गयी और वह मौके से भाग खड़े हुए। सूचना पाते ही नगर निगम के उपसभापति सहित अन्य पार्षद, निगम अधिकारी व विकास प्राधिकरण के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटना पर खेद व्यक्त करते हुए पीड़ित व्यक्ति को हर संभव सहायता दिये जाने का आश्वासन दिया।

आज मिशन कम्पाउंड चर्च रोड नगर निगम के वार्ड 55 में स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, जिसको विकास प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है। बताया जाता है कि आज विकास प्राधिकरण का ठेकेदार अनुज चौधरी व दया शंकर के श्रमिकों द्वारा नाला निर्माण व सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सुबह पांच बजे कर्मचारी कार्य कर रहे थे कि अचानक सतीश कुमार धोबी के मकान का अगला हिस्सा जेसीबी द्वारा खुदायी किए जाने के दौरान धराशायी हो गया। इसी बीच पीड़ित सतीश कुमार ने क्षेत्रीय पार्षद व सदन दल के नेता संजय गर्ग को फोन से सूचना दी। सूचना पाते ही संजय गर्ग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक ठेकेदार के कर्मचारी मौके से भाग चुके थे। इसी बीच पार्षद संजय गर्ग ने मकान में रह रहे लोगों का हालचाल जाना। इसी बीच उन्होंने विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को भी घटना की बाबत जानकारी देते हुए बताया कि यदि पीड़ित परिवार को शीघ्र ही मुआवजा नहीं मिला, तो ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

## पीएम स्वनिधि बाजार का विस्तार किया जायेगाः नगरायुक्त

# नगर आयुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने वार्ड का निरीक्षण कर स्टॉफ को काम मैं गुणवत्ता व तेज़ी लाने के दिये निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** (अहमद रज़ा) प्रत्येक सप्ताह के दौरान दो वार्डो के निरीक्षण करने के निर्धारित क्रम में नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने आज शनिवार की सुबह नगर निगम अधिकारियों की टीम के साथ वार्ड 29 बेरी बाग में निरीक्षण के लिए पहुंची। क्षेत्रीय पार्षद दीपक रहेजा व क्षेत्र के सुरेन्द्र क्वात्रा, साहिल गाबा, स.तजेंद्र सिंह तथा संजय बटला आदि ने बुके देकर नगरायुक्त का स्वागत किया। नगरायुक्त ने नगर निगम द्वारा विकसित किये जा रहे प्रधानमंत्री स्वनिधि बाजार का निरीक्षण करते हुए उसके विस्तार का सुझाव दिया और दीवार पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गीता मंदिर के सामने निगम द्वारा बनाये गए सेल्फी प्वाइंट/पार्क का



निरीक्षण करते हुए उसका भी विस्तार करने तथा वहां ओपन जिम लगाने और पार्क में सोलर लाइट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम्पनी गार्डन की दीवार के साथ ही तुलसी वन विकसित करने को भी कहा। नगरायुक्त ने सेल्फी प्वाइंट की साफ सफाई पर संतोष व्यक्त किया और उसके रखरखाव के लिए पार्षद व क्षेत्रीय लोगों की सराहना की।पार्षद व क्षेत्रीय लोगों की मांग पर नगरायुक्त ने मंदिर के सामने स्थित मुख्य पार्क को पार्क का स्वरुप देने के लिए पार्क में घास लगाने, तथा चारों ओर वॉकिंग ट्रैक बनाने व चारदीवारी पर सुंदर पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय लोगों ने डॉ धवन तिराहे से जेल चुंगी तक सड़क का चौड़ीकरण कराने तथा अतिक्रमण हटवाने के अलावा गीता मंदिर के मुख्य पार्क के बराबर वाली गली का निर्माण कराने की भी मांग की। जिस पर नगरायुक्त ने क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने और सड़क किनारे टाइलिंग कराने के अलावा निर्माण विभाग को गली का निर्माण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम, अधिशासी अभियंता जलकल वी बी सिंह, सहायक अभियंता रतन पाण्डेय सहित अनेक अधिकारियों के अलावा क्षेत्र के प्रवीण गाबा, गौरव, रोमी आहूजा, विष्णु कुमार व दारा आदि मौजूद रहे।

### मण्डल के छात्र-छात्राओं ने मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय पर किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** मण्डल के तीनों जनपदों के महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने आज विभिन्न समस्याओं को लेकर मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया और कुलपति की अनुपस्थिति में रजिस्ट्रार को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रार द्वारा दिये गये आश्वासन से वह संतुष्ट नहीं है। आज सहारनपुर, मु.नगर व शामली के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र व छात्राएं जनता रोड स्थित मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने बताया कि पाठ्यक्रमों में गत् वर्ष 2021 के बच्चों को प्रमोट किया गया। उसी प्रकार 2022 के छात्रों को भी प्रमोट किया जाए। कुछ छात्र 2021 के बचे हुए है उन्हें भी प्रमोट किया जाए एवं जिन बच्चों की कॉपी चैक दिखाई गयी और रिजल्ट अपडेट बोला गया, जबकि अभी तक रिजल्ट अपडेट नही हुआ है। अत्याधिक समस्याएँ कॉपियो की जाँच करने मे हुई है। पोर्टल पर मूल्यांकन सही दर्ज नहीं किया गया। ज्ञापन मे मांग की गई कि हमारी सभी माँगो पर ध्यान देकर उनका निस्तारण किया जाये, अन्यथा छात्र सड़को एवं परिसरों को बाधित करेंगे। ज्ञापन देन वालो मे विशु मलिक, मनीष कालखण्डे, सहैुल अहमद, वैभव कुमार समेत कई छात्र व छात्रायें मौजद रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद

# शासन के मंशानुरूप प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय करें

अवधनामा ब्यूरो


पडरौना तहसील दिवस में फरियाद सुनते डीएम व एसपी

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की उपस्थिति में तहसील सदर पडरौना के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों की समस्याओं को बारी-बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों यथा आबादी, बैनामा, अवैध कब्जा अन्य प्रकरणों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे मामले जिनके निस्तारण में व्यवधान हो ऐसे मामलों के सम्बन्ध में अपने उच्च अधिकारियों को अवश्य अवगत कराएं, तथा दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशानुसार गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए तथा मामले के निस्तारण पश्चात शिकायत कर्ता से बात कर सभी विभागाध्यक्ष फीडबैक लें कि संतुष्ट है कि नही। असंतुष्ट होने की स्थिति में अपने स्तर से कार्यवाही करें। इस अवसर एक प्रार्थना पत्र विनोद दुबे निवासी चखनी भोज छपरा के द्वारा गाटा संख्या 658 चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण तथा निज भूमि व खेत गाटा संख्या 657 में विपक्षी के द्वारा गंदा पानी गिराए जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर एवं बीडीओ नेबुआ नौरंगिया को मौके का स्थलीय निरीक्षण कर प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिए, तथा एक प्रकरण शाकिर पुत्र हफीज द्वारा ग्राम हजारी पट्टी में उसकी भूमिधरी गाटा संख्या 50 में अवैध रास्ता बनाने की शिकायत की जिसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार समाधान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में लोगो की समस्याओं का निस्तारण करना और उन्हें सरकारी सुविधा मुहैया कराना मुख्य उद्देश्य है। जो भी प्रकरण पेंशन, राशन कार्ड, जात आय निवास आदि का आए उसे तत्काल निस्तारित करने का प्रयास करें।

समाधान दिवस के उपरांत सभी अधिकारी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आज ही फील्ड में जाकर निस्तारण करने का प्रयास करें। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 82 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 48 में से 08 को तत्काल निस्तारित कराया गया एवं पुलिस विभाग के 17, विकास विभाग के 09, अन्य विभाग के 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, अवशेष 74 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

### समस्त ईओ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देशित किया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस/थाना समाधान दिवस शासन के सर्वोच्च प्राथमिकताओं का कार्यक्रम है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही है। प्रत्येक माह रोस्टर के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस/थाना समाधान दिवस का आयोजन होता है। जिसमें आपसे सम्बन्धित काफी संख्या में शिकायते प्राप्त हो रही है, जिनका निस्तारण मौके पर नहीं हो पा रहा है। उन्होंने उक्त समस्त को निर्देशित किया है कि प्रत्येक माह में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस/थाना समाधान दिवस में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर शिकायतो का गुणवत्तापरक निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# घर में सो रहे युवक की गला रेतकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

## विशुनपुरा थाना क्षेत्र के तिलकपट्टी गांव का मामला



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में विशुनपुरा थाना क्षेत्र के तिलका पट्टी में घर में अकेले सो रहे 30 वर्षीय युवक की शुक्रवार की रात अज्ञात लोगों ने घर में गला रेत कर हत्या कर दी। शनिवार की सुबह छोटे भाई की पत्नी घर में जगाने गई, तो चौकी पर खून से लथपथ शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक शर्मा निषाद (30) पुत्र कृपाल कोकिल पट्टी निवासी तिलक पट्टी गांव का निवासी है। वे गांव के पास नहर की पटरी पर एक झोपड़ी डाल कर परिवार पत्नी और पांच बच्चों के साथ रहते है। करीब पांच माह पहले वह बाहर से आया था। शुक्रवार को उसकी पत्नी बच्चों के साथ मायके जुगनी गांव चली गई। शनिवार को सुबह करीब 8 बजे उसकी छोटे भाई की पत्नी जगाने गई, तो पैर के तरफ से शरीर बोरी से ढंका पड़ा था। उनका शरीर शव खून से लतपथ बिस्तर पर पड़ा था। उसने यह बात अपने ससुर से बताई। इसकी सूचना ग्राम प्रधान व पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में एडिशनल एसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक की हत्या की सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंची। पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाइ में जुट गई है।

### बनकटा बड़ी नहर में अज्ञात महिला का शव बरामद

**बोदरवार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** बनकटा बड़ी नहर के रेगुलेटर पर कप्तानगंज पुलिस ने अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। शनिवार शाम 3 बजे के करीब किसी ग्रामीण ने बनकटा बड़ी नहर में एक महिला का शव तैरते हुए देखा। देखते देखते यह खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई और लोगों का भीड़ जुटने लगा। किसी ने कप्तानगंज पुलिस को सूचना दे दिया। मौके पर मय फोर्स पहुंचे कप्तानगंज थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने शव को नहर से निकलवा कर कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाने का प्रयास किया। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी शव का शिनाख्त नहीं हो सका। महिला शरीर में हरे रंग का ब्लाउज पहने हुई है। शेष शरीर नग्न प्रतीत हो रहा है। थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार ने बताया शव को कब्जे में लेकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का सही पता चल सकेगा। शव देखने में कई दिन पुराना नजर आ रहा है तथा सड़ गया है। नहर में पानी अधिक है शव तैरते हुए कहीं दूर से आया प्रतीत हो रहा है।

## डीएम ने की श्रम विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में श्रम विभाग के मासिक कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित गांधी सभागार में देर सायं आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि सरकार की श्रमिक हितैषी योजनाओं में लापरवाही किसी भी दशा में क्षम्य नहीं है। समीक्षा में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 422 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके सापेक्ष पात्रता अनुसार 293 आवेदन स्वीकृत किये गये है। मातृत्व, शिशु व बालिका मदद योजना के अंतर्गत कुल 224 आवेदन प्राप्त हुए हैं, 124 की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत श्रमिकों के मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना अन्तर्गत 58 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, 21 की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। पुत्री विकास सहायता योजना 522 आवेदन पत्र के सापेक्ष 305 की स्वीकृति कर दी गयी है। अधिष्ठान पंजीयन के अन्तर्गत अब तक 300 अधिष्ठानो का पंजीयन किया गया है। जिलाधिकारी इस संबंध में निर्देश दिए कि जिस किसी भी प्रतिष्ठान में 10 से अधिक श्रमिक कार्यरत हो, उनका पंजीयन अनिवार्य रुप से कराया जाये। उन्होंने श्रमिकों के पंजीकरण नवीनीकरण में तेजी लाये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से पंचायत सचिवों को इस कार्य में जोडा जाये और घर घर सत्यापन कर वे श्रमिकों का नवीनीकरण सुनिश्चित करायेगें। जिलाधिकारी ने लेबर सेस की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। वित्तीय वर्ष 2023-24 के 7 करोड रुपए लक्ष्य के सापेक्ष अब तक कुल 04 करोड़ 15 लाख रुपए जमा किया गया है जो की कुल लक्ष्य का 59.31 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने जनपद में कार्यरत समस्त निर्माण संस्थाओं एवं निजी स्तर पर होने वाले भवन निर्माण में प्रवर्तन कार्यवाही तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 10 लाख से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों पर कुल लागत का एक प्रतिशत लेबर सेस के रूप में जमा करना अनिवार्य है। जनपद में अब तक कुल 1,72837 श्रमिक पंजीकृत है। वर्तमान में कुल 150514 एक्टिव पंजीकृत श्रमिक हैं। डीएम ने श्रमिकों को उनके कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में जागरूक करने का निर्देश दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**गाजीपुर।** करंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत चहारन चट्टी तिराहे के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। एक अन्य युवक घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के खिजिरपुर निवासी विकास राम (19) पुत्र सुभाष राम शनिवार को लगभग ग्यारह बजे चोचकपुर से आ रहा था तभी चहारन चट्टी के पास किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। एक अन्य साथी घायल हो गया। मृतक विकास तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजनों पर दुःख का पहाड़ टूट गया। मृतक के भाई शैलेश व कैलेंश के आंखों की आंसू रूकने का नाम ही नहीं ले रही है। वहीं मृतक की मां नीलम देवी व तीन बहनों का रो रोकर बुरा हाल हुआ है। मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातम छाया हुआ है। इस संबंध में करंडा थानाध्यक्ष रामसजन नागर ने बताया किसी अज्ञात वाहन से हुई टक्कर में युवक की मौत हुई है परिजनों की तहरीर पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

## नगर में हुआ पूजित अक्षत का वितरण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** रामभक्तों ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत का मोहल्ला गणेशजी, चिमनदुबे, पुरानीहाट व मुरलीमनोहर में घर घर जाकर वितरण किया और 22 जनवरी को दीपावली की तरह हर घर को सजाने की अपील की। राम भक्तों के साथ बजरंग बस्ती संयोजक त्रिलोकीनाथ गुप्ता, पुनीत मित्तल, शशिकांत वर्मा, कार्तिक, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, महेंद्र पाटकार, इंद्रजीत सिंह गुर्जर, ललित अग्रवाल, दिनेश लोहिया, योगेंद्र राठौर आदि ने मोहल्ला गणेशजी, पुरानीहाट, चिमनदुबे, मुरालीमनोहर में अयोध्या धाम से भेजे गए पूजित अक्षत के घर-घर वितरण का श्रीगणेश किया। राम भक्तों ने श्रीराम जय राम, जय जय राम का नाद करते हुए श्रीराम जन्मभूमि भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में निमंत्रण के लिए श्रीअयोध्या धाम से भेजे गए पूजित अक्षत घर घर पहुचाए। रामभक्तों से अपील की गई कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम स्थित श्रीराम मंदिर में भगवान राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस दिन आप सभी लोग अपने घर मे दीपावली मनाएं जालौन को अयोध्या बनाएं। घर के समीप के मंदिर में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड व रामरक्षा स्त्रोत का पाठ करें। श्रीराम जय राम जय जय राम विजय मंत्र का जप करे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर वृद्ध की मौत

**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** पिपरी थाना क्षेत्र के औधन गाव में 70 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों आग में जलकर मौत हो गई। महिला बीती रात अपने छप्पर नुमा घर में खाना कर सोई थी। सुबह पड़ोसियों ने महिला की लाश अधजली हालत में छप्पर में देखी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। औधन गांव निवासी शांति देवी (70) पत्नी स्व छोटे लाल रहती थी। शांति देवी के 4 बेटे है। शादी के बाद से गांव में अलग अलग घर बना कर रहते है। महिला शांति देवी बेटो से अलग छप्पर बना कर रहती थी। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक देर शाम ठण्ड ज्यादा होने के कारण महिला छप्पर के नीचे आग जलाकर बैठी थी। अंदेशा है कि वह आग अपने छप्पर के नीचे जलाकर सो गई। जिसके चलते आग फैलकर बिस्तर व छप्पर में लगी। जिससे महिला की सोते समय जिन्दा जलकर मौत हो गई।मौत की खबर बेटो को हुई तो रोना पीटना मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआइना कर लाश को अपने कब्जे ले लिया। मौके से फोरेंसिक सबूत जुटा कर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी दिनेश सिंह परिहार ने बताया,औधन में महिला की मौत की सूचना पुलिस को परिजनों के जरिए मिली। मौके से शव को कब्जे में लेकर जांच कराई जा रही है। पीएम रिपोर्ट व् परिवार से मिलने वाली तहरीर के आधार पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### रोजगार मेले में 183 अभ्यर्थियों को रोजगार

**कौशाम्बी।** कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत विकास खण्ड-मूरतगंज में एस0पी0 मेमोरियल इजी0 कॉलेज, भीटी के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 396 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं 05 नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा कुल 183 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

यह जानकारी जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन द्वारा दी गयी। रोजगार मेले का शुभारम्भ मण्डल अध्यक्षा श्रीमती दीपा श्रीवास्तव द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने रोजगार मेले में उपस्थित प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

## नाली न होने से गलियों में फैला गंदा पानी

**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** ग्राम पंचायत में विकास कराए जाने के लिए योगी सरकार ने सरकारी खजाने को खोल दिया है सरकारी खजाने से रकम निकाल करके पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान मनमानी पर उतारू है भ्रष्टाचार में शामिल ग्राम प्रधान अक्सर भाजपा नेताओं के कार्यक्रमों में शामिल दिखाई पड़ते हैं जिससे इन पर अधिकारी कार्रवाई नही करते दिख रहे हैं पंचायत सचिव ग्राम प्रधान के बढ़ते भ्रष्टाचार के चलते गांव क्षेत्र का विकास नहीं रहा है ताजा मामला सिराथू विकासखंड क्षेत्र के कसिया पश्चिम गांव का है। सिराथू ब्लॉक अंतर्गत कशिया पश्चिम में इंटरलॉकिंग रास्ते से लेकर रामलीला मैदान स्थल तक गंदगी का अम्बार लगा है वर्षों बीत जाने के बाद भी सफाई कर्मी नही पहुंचते कई बार ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से शिकायत की लेकिन गांव में सफाई कर्मी नहीं पहुंचा सड़कों पर कीचड़ भरा हुआ है लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है रास्ते भी खराब हो गए हैं लेकिन मरम्मत कराने के नाम पर भी ग्राम पंचायत पहल नहीं कर रहा है जिससे आम जनमानस में जिम्मेदारों के प्रति आक्रोश दिखाई पड़ रहा है।



## डीएम ने तहसील चायल में सुनी जनशिकायतें

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** चायल तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या सुन सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। वहीं राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश भी दिया।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को समयान्तर्गत निस्तारित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रामकरन निवासी ग्राम-नीबी शाना ने प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया कि उनको पट्टा दिया गया था, किन्तु अभी तक कब्जा नही दिलाया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता मैसूर अली निवासी ग्राम-बरक्कतपुर ने प्रार्थना पत्र देकर आवास की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी मूरतगंज को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। समाधान दिवस में तहसील मंझनपुर में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया एवं तहसील सिराथू में कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

## 250 कंबल का किया वितरण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** निर्धन व बेसहारा लोगों को शीतलहर से बचाव के लिए अधिवक्ता व समाजसेवी संतोष यादव ने अपने पिता कन्हैयालाल यादव लंबरदार की स्मृति में कंबल वितरित किए। उस दौरान निर्धन व बेसहारा वर्ग के 250 लोगों को कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इस समय शीतलहर से सभी कांप रहे हैं। पिछले लगभग दस दिनों से सर्दी कम नहीं हो रही है। सबसे खराब हालत निर्धन व गरीब लोगों वर्ग के लोगों को हो रही है। जिनके पास ठंड से बचने के लिए पर्याप्त कपड़े भी नहीं हैं। ऐसे में समाजसेवी व अधिवक्ता संतोष यादव व उनके पुत्र सिद्धार्थ यादव आगे आए हैं। उन्होंने पिता कन्हैयालाल यादव लंबरदार की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में नगर के निर्धन, गरीब व बेसहारा 250 लोगों की लिस्ट तैयार कराई। जिन्हें गर्म कपड़ों की आवश्यकता था। उन्हें सर्दी के मौसम में राहत पहुंचाने के लिए अधिवक्ता व उनके पुत्र ने मिलकर 250 लोगों को कंबलों का वितरण किया। कंबल पाने वालों के चेहरे खिले नजर आए। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य बाराबंकी धर्मेंद्र यादव ने कहा कि समाज की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। सर्दी के मौसम में कंबल वितरण से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने लोगों से सर्दी से बचाव की अपील भी की। इस मौके पर अधिक्ता अशरफ अली, अजीज अहमद, थोपन यादव, हरिश्चंद्र यादव, वीरेंद्र, राजकुमार मिश्रा, अम्बिका प्रसाद, साहुल त्रिपाठी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, राघवेंद्र निरंजन,कुंवर सिंह यादव (महामंत्री), सुनील यादव, पुष्पेंद्र सिंह यादव, बादाम सिंह यादव, मुलायम सिंह, प्रदुम्न यादव, कमल कुशवाहा, जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।


## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील बांसी में मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता व उपजिलाधिकारी कुणाल की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ तहसील बांसी में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर फरियादियों द्वारा कुल 45 मामले पेश हुए जिनमें से 03 मामलों का मौके पर ही निस्तारण हुआ शेष जिम्मेदारों के सुपुर्द किया गया। राजस्व से 16 , विकास से 09 , पुलिस से 06, चकबंदी 02, सिंचाई 02 , पूर्ति 03, विद्युत 04, बन विभाग 01, नपा0 तथा बालविकास से संबंधित 1-1 मामले प्रस्तुत हुए जिनकी सुनवाई मु0 वि0 अ0 जयेन्द्र कुमार व उपजिलाधिकारी बांसी कुणाल द्वारा की गई। पुलिस विभाग से सम्बंधित आई शिकायतों को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ संबंधित थानाधिकारियों के सुपुर्द किया गया। मु0वि0अ0 ने पिछले तहसील समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया उन्होंने अधिकारियों को समाधान दिवस के अलावा आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का भी दोनों पक्षों की उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रभारी तहसीलदार राघवेंद्र पाण्डेय, तहसीलदार न्यायिक डा0 संजीव दिक्षित, बीडिओ बांसी लालजी शुक्ल, बीडिओ खेसरहा चन्द्रभान उपाध्याय, बीडिओ मिठ्वल सतीश सिंह के अलावा पूर्ति निरीक्षक अर्चना सिंह,सीडीपीओ मिठ्वल व बांसी, नलकूप विभाग से रामप्रसाद चौधरी सहित सभी थानाधिकारी भी मौजूद रहे।



## अभियान चलाकर राशन कार्डों का सत्यापन कराया जाए: पर्यटन मंत्री

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कानून व्यवस्था, विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, विद्युत आपूर्ति, सिंचाई एवं जन-शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान जन-शिकायतों के त्वरित निस्तारण में जनपद प्रदेश में दूसरे स्थान पर होने पर जिलाधिकारी सहित उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि सभी अधिकारी इसी लगन-निष्ठा से कार्य करें, जनपद को संचालित विकास कार्यक्रमों, जन-शिकायतों के निस्तारण में सर्वोच्च स्थान पर स्थापित करने में अपना योगदान दें, संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन पूरी भव्यता के साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में हो, सम्बन्धित विभागों के ग्राम स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहकर योजना का लाभ पाने से वंचित पात्रों को चिन्हित कर लाभान्वित करायें, जानकारी करने पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 549 ग्राम पंचायत के सापेक्ष अब तक 400 ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हो चुका है, शेष 149 ग्राम पंचायत में अगले 15 दिन में कार्यक्रम आयोजित होंगे। पर्यटन मंत्री ने अधीक्षण, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण को आदेशित करते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र में सड़क निर्माण से पूर्व जल निकासी हेतु नाली, नाले का कार्य कराया जाए, आबादी के क्षेत्र में सी.सी. रोड का प्राविधान किया जाए, सड़क के किनारे कहीं भी अनाधिकृत कब्जे न रहे, अभियान चलाकर अनाधिकृत कब्जे हटायें जाएं, सड़क के किनारे किसी भी दशा में गिट्टी, मोरम आदि न रखी जाएं, गिट्टी-मोरम के दुकानदारों को नोटिस जारी कर तत्काल सड़क के किनारे से गिट्टी-मोरम हटवाया जाएं। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी निराश्रित गोवंश सड़कों पर दिखाई न दें, जो भी छुट्टा गोवंश सड़कों पर है, उन्हें तत्काल गौशाला में संरक्षित कराया जाए, गौशाला में संरक्षित दुधारू गोवंशों को मुख्यमंत्री पशु सहभागिता योजना में गोपालकों को उपलब्ध कराया जाए, दुधारू गोवंशों को अति कुपोषित बच्चों के परिजनों को देने में वरीयता प्रदान की जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ समय से उपस्थित होकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें, सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में दावाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो, किसी भी दशा में मरीजों को बाहर से दबा न लिखी जाए, परिवार नियोजन के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति की जाए। उन्होंने अधिशाषी अभियंता सिंचाई को आदेशित करते हुए कहा कि जनपद में जिन रजवाहों, अल्पिकाओं की सिल्ट-सफाई करायी गई है, तत्काल सिल्ट के निस्तारण की कार्यवाही करें, सिल्ट के कारण आवागमन वाधित न हो, नहरों के अंतिम टेल तक पानी पहुंचे, सुनिश्चित किया जाए।

## आरएसएस के खंड कार्यवाह वेद प्रकाश के नेतृत्व में वितरण हुआ अक्षत व पत्रक

### डुमरियागंज के कादिराबाद न्याय पंचायत के गांवों में निकाली गयी अक्षत कलश यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज।** डुमरियागंज क्षेत्र कादिराबाद न्याय पंचायत में शनिवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से आए पूजित अक्षत व पत्रक घर घर पहुंचाया गया। आरएसएस के डुमरियागंज खंड कार्यवाह वेद प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में निकाली गयी कलश पद यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

यात्रा के दौरान लगाए जा रहे प्रभु श्री राम के जयकारे से पूरा माहौल भक्ति में बना रहा। इन दिनों लोगों में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए विशेष उत्साह देखा जा रहा। बहेरिया में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर व परसपुर में संकटमोचन हनुमान मंदिर से प्रभु श्रीराम के पूजन के साथ अक्षत कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। संघ के खण्ड कार्यवाह वेद प्रकाश पाण्डेय ने अक्षत कलश को सिर पर धारण कर गांवो में निकले, जिनके साथ विहिप व भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का जत्था चल रहा था। एक एक घर जाकर लोगों को अच्छत प्रदान कर श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण सौंपा। वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पूर्व श्री रामलला के दर्शन का न्योता पूजित अक्षत पत्रक चित्र के माध्यम से प्रत्येक परिवार तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होने कहा कि सभी लोग अपने गांव के मंदिर में रामभजन हनुमान चालीसा का पाठ करें।

इस दौरान डुमरियागंज के प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, आरएसएस के सुभाष, कुमारै विश्वकर्मा, अमरनाथ पाण्डेय, शिवानंद पाण्डेय, वीरेंद्र दूबे, शिव कुमार, राजेश पाण्डेय, रक्षाराम यादव, जनार्दन, दिलीप, प्रदीप, गया प्रसाद, विक्की पाल, राकेश पाल, धर्मराज यादव आदि मौजूद रहे। कलश यात्रा व अच्छत वितरण कार्यक्रम बहेरिया, परसपुर के अलावा कादिराबाद न्याय पंचायत के अन्य गांवों में भी हुआ।

# यूको बैंक ने स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर व पौधरोपण का किया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या।यूको बैंक ने मनाया 82 वां स्थापना दिवस। स्थापना दिवस के अवसर रक्त शिविर और यात्रियों को उपहार, अंगवस्त्र , स्मृति चिन्ह व बुके देकर स्वागत सम्मान किया। स्वागत कार्यक्रम में बैंक की सभी अधिकारी भी लगे रहे।इस अवसर पर सुश्री मिलन दुबे अंचल दूसरे को खिलाकर स्थापना दिवस मनाया। वही दूसरी तरफ देवकली स्थित अंचल कार्यालय यूको बैंक में भी ग्राहकों के साथ केक काटकर और उनको उपहार देकर स्थापना दिवस




पौधारोपण का हुआ आयोजन।वाल्मीकि महर्षि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यूको बैंक ने दिल्ली से आने वाली इंडिगो फ्लाइट के यात्रियों का स्वागत किया। यूको बैंक की अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे ने अपने बैंक की टीम के साथ फ्लाइट से आए 180 प्रमुख ने बताया कि आज बैंक का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है, आज हमारी पूरी टीम एयरपोर्ट पर पहुंचकर दिल्ली से अयोध्या आने वाले 180 यात्रियों को उपहार व मिष्ठान देकर स्वागत किया है। इस दौरान हमने यात्रियों के बीच केक काटकर एक मनाया गया, और दो बच्चों को राष्ट्रभाषा में उन्नति पाने पर बैंक की तरफ से 5000 -2 का चेक व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नीरज सचान, रजनीश त्रिपाठी विक्रांत त्यागी सहित बैंक के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी हमेशा विकास की बात किया है जब भी सत्ता में रही है प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया: अवधेश प्रसाद

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी की जिला मासिक बैठक पार्टी कार्यालय गुलाब बाड़ी लोहिया भवन पर संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से बूथ कमेटी को मजबूत करने की चर्चा हुई साथ ही वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा विकास की बात किया है जब भी सत्ता में रही है उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश मे सर्वाधिक सीट जीत कर दिल्ली में केंद्र की सत्ता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी । पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बहुत ही मजबूती के साथ पार्टी के कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करते हैं ।उन्हीं के बदौलत लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे श्री पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लिए विकास का काम किया है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक विकास किया है उन्होंने कन्या विद्याधन बेरोजगारी भत्ता नौजवानों को रोजगार आगरा लखनऊ एक्सप्रेस और मेट्रो जैसी सौगात दिया है जिसे जनता आज भी याद कर रही है सपा प्रदेश महासचिव पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करेगी हमारे कार्यकर्ताओं को अभी से ही लोकसभा चुनाव के लिए लग जाना है श्री यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में लोकसभा



चुनाव जीत कर दिल्ली के सत्ता पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे । बीकापुर विधानसभा प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनहित के कामों को लेकर जनता के बीच में अपनी आवाज को बुलंद किया है उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाकर दिल्ली भेजने का काम करेंगे । कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से बूथ कमेटी को मजबूत करने के लिए व लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करने के लिए अभी से ही लग जाने का आह्वान किया । सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज के बैठक में पार्टी के सभी नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी को लोकसभा 2024 चुनाव जीतने का संकल्प लिया । इसी के साथ प्रदेश से नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत भी किया गया ।

## नेपाल से कारसेवकपुरम् पहुंचा तीन हजार से ऊपर भार सनेश

**अयोध्या।** श्रीराम जी के ससुराल जनकपुर धाम नेपाल से कारसेवकपुरम् पहुंचा तीन हजार से ऊपर भार सनेश ।श्रीराम लला के प्राणप्रतिष्ठा से पूर्व भारत ही नही विश्व के अनेक देश भी अपने लला को उपहार समर्पित कर रहे हैं,और जब उपहार उनके ससुराल से पहुंचे तो यह और भी रोचक हो जाता है। जनकपुर धाम रामजानकी मंदिर नेपाल राष्ट्र से निकली भार सनेश यात्रा आज देर लगभग तीन दर्जन वाहनों से रात्रि कारसेवकपुरम् पहुंची जिसमें पांच सौ से ऊपर राम लला के ससुराल पक्ष के भक्त गण सम्मलित हैं,जो अपने साथ तीन हजार से ऊपर उपहार भी लेकर आये हैं,जिसमे फल मिष्ठान, सोना, चांदी आदि समलित हैं। नेपाल से आये बंधुओं का कहना है यह हमारा सौभाग्य है कि आज हमारे दामाद राजा की जन्मभूमि का निर्माण हो रहा है और 22जनवरी को वह अपने सिंहासन पर विराजमान होंगे।

# वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से गई तेंदुआ की जान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** वन प्रभाग अयोध्या के मया रेंज में एक तेंदुए की मौत हो गई है। जिसको लेकर पूरा महकमा



शखते में है द्य वन्यजीव संरक्षण के अधिनियम के तहत तेंदुए की मौत को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। बताते चले वन प्रभाग अयोध्या के मया रेंज के अयोध्या कोतवाली के चौकी दर्शननगर अंतर्गत सिरसिण्डा गाँव के पास कई दिनों से तेदुआ कुछ ग्रामीणों द्वारा देखा गया था जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा विभाग के कर्मियों को दिया गया था द्य जिसका नतीजा आज तेदुआ किसी वाहन या फिर ट्रेन की चपेट में आ गया और मौत हो गई द्य तेदुआ की मौत को लेकर नीचे से ऊपर तक अधिकारियों में हड़कंप मचा है। इसको लेकर डीएफओ और मया वन रेंज के रेंजर पर गाज गिरना तय माना जा रहा है द्य वन्य एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत तेंदुए की मौत को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इसको लेकर डीएफओ और मया वन रेंज के रेंजर पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। सूत्रों की माने तो गाँव वालों ने तरफ से तेंदुआ होने की सूचना कई बार वन विभाग को दी गई, लेकिन इसपर वन विभाग गहरी नींद में सोया हुआ था और कोई संज्ञान नहीं लिया द्य जिसका नतीजा आज रात्रि को तेदुआ किसी अज्ञात वाहन ट्रेन की चपेट में आ गया।

# सड़कें किसी क्षेत्र के विकास का आईना होती है: सांसद लल्लू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने विधानसभा क्षेत्र रूदौली क्षेत्र में पांच इंटरलाकिंग सड़कों का शिलान्यास किया। जिसमें नगर शामिल है। सांसद ने रूदौली के ग्राम-पंचायत शाहपुर व बिरौली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से



पालिका रूदौली वार्ड संख्या 2 में 9.97 लाख की लागत से 200 मी, वार्ड संख्या 5 में 11.33 लाख की लागत से 220 मी, रुदौली ब्लॉक के ऐथर में 9.03 लाख की लागत से 165 मी?, रुदौली ब्लॉक के शाहपुर में 9.82 लाख की लागत से 195 मी?, मवई ब्लाक के नूरपुर में 9.47 लाख की लागत से 195 मी. की इंटरलाकिंग सड़कें अवगत कराते हुए लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सड़कें किसी क्षेत्र के विकास का आईना होती है। क्षेत्र के विकास के लिए सड़कों का उच्चस्तरीय होना आवश्यक है। गांवों को मुख्य मार्गो से जोड़कर बेहतर परिवाहन सुविधा प्रदान की जा रही है। डबल इंजन की सरकार चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। उन्होनें कहा कि अयोध्या पुरातन कालीन अपने वैभव को प्राप्त कर रही है। आधुनिक सुविधाओं से लैस अयोध्या का रेलवे स्टेशन, अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, आवगमन की बेहतर सुविधाओं के साथ अयोध्या पर्यटन नगरी के रूप में विकसित की जा रही है। इसके साथ ही जनपद के अन्य पौराणिक व धार्मिक स्थलों का विकास किया जा रहा है।

## 22 जनवरी को घर-घर जलेगी राम ज्योति

**अयोध्या।** 22 जनवरी को अयोध्या में नव निर्मित भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बनकर सामने आएगा। देश भर में इस दिन को लेकर लोग अपने-अपने तरीके से तैयारी कर रहे हैं। वहीं, योगी सरकार ने पूरे प्रदेश में इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए कमर कस ली है। अयोध्या समेत पूरे प्रदेश में 14 जनवरी से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होने जा रहा है, जिनमें रामकथा, रामलीला, शास्त्रीय संगीत की पूरी श्रृंखला शामिल है। इन कार्यक्रमों के साथ ही 22 जनवरी को पूरे देश में दीपोत्सव मनाए जाने की भी योजना है, जिसमें प्रदेशवासी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इसे एक पर्व की तरह मनाएं इसके प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि यह दीपोत्सव दीपावली के पर्व पर अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव से बिल्कुल अलग होगा। इसमें सरयू के तट पर दीप नहीं जलाए जाएंगे, बल्कि प्रदेश के सभी पौराणिक स्थलों के साथ हर घर में दीप जलाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें दीया और तेल सब कुछ प्रदेशवासियों का होगा जो भगवान राम के प्रति उनकी अगाध आस्था को प्रदर्शित करेगा। पीएम मोदी ने इस दीपोत्सव की लौ को राम ज्योतिका नाम दिया था और अब इसी राम ज्योति को प्रदेश के हर घर में प्रज्ज्वलित करने के लिए योगी सरकार ने संकल्प लिया है।

## दिखावा बनी जनप्रतिनिधियों की सहानुभूति किसी ने पेट्रोल अटैक घायल छात्रा को नही दी एक धेला आर्थिक मदद

*अवधनामा संवाददाता*

**तारुन अयोध्या। तारुन** थाना क्षेत्र अंतर्गत स्कूल जा रही एक गांव की छात्रा पर सिरफिरे युवक द्वारा सरेराह पेट्रोल डालकर जिंदा जलाकर मारने की हुई कोशिश मामले में गम्भीर रूप से घायल छात्रा के लखनऊ में चल रहे इलाज की घटना की जानकारी होने के बावजूद हालचाल लेने पीड़िता के घर जनप्रतिनिधि पहुँचे।परन्तु किसी ने मदद के लिए अभी तक हाथ नही बढ़ाया।जिससे छात्रा के इलाज को आर्थिक तंगी परिवार को आड़े आ रही हैं। जिससे जनप्रतिनिधियों का दलित प्रेम दिखावा साबित हो रहा है। बीते 27 दिसम्बर को 11 वी की छात्रा स्कूल के चंद कदम की दूरी पर पहुँची थी। उसी दौरान एकतरफा प्रेम में सिरफिरे युवक ने छात्रा के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर मार डालने की नीयत से आग लगा दिया था। इस दौरान छात्रा बगल के पानी भरे गड्ढे में कूदकर अपनी जान बचाने में तो कामयाब हो गयी। लेकिन अब उसके इलाज को परिवार के सामने आर्थिक तंगी आड़े हाथों आ रही हैं। इस परिवार को अभी तक किसी जनप्रतिनिधि ने मदद को हाथ नही बढ़ाया।जिससे सभी का दलित प्रेम मात्र दिखावा साबित हो रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुँचे महाविद्यालय प्रबन्धक प्रेम वर्मा ने उसे तारुन अस्पताल, ट्रामा सेंटर दर्शननगर के बाद इलाज के लिए के जी एम यू लखनऊ ले जाकर भर्ती करा दवा इलाज में फौरी तौर पर मदत किया था। लेकिन अब कोई मदत कही से नही मिल पा रही हैं तो दूसरी ओर घायल बेटी को दिल्ली से देखने आ रहे छात्रा के पिता की ट्रेन दुर्घटना में गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर मौत हो चुकी हैं।परिवार पर आफत का पहाड़ टूट पड़ा है। पीड़िता के भाई सूर्यभान ने बताया कि इस घटना की जानकारी होने पर कुछ जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि उसके घर आये।और महज सहानुभूति दिखाकर वापस चले गये। किसी ने कोई मदद को इमदाद नही किया।

# अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया है इस बैठक में राष्ट्रीय, प्रांतीय, मंडल, जिला, महानगर के समस्त प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे बैठक में 14 जनवरी को होने वाले परिषद की स्थापना दिवस



पर ब्राह्मण बंधुओं से आग्रह किया गया है की सभी ब्राह्मण अपने स्वाभिमान, सम्मान की रक्षा के लिए एकजुट होकर स्थापना दिवस के दिन अधिक से अधिक ब्राह्मण बंधुओं को एकत्रित कर अपने समाज में महती भूमिका का परिचय दें । ब्राह्मण का मान सम्मान और उनकी प्रतिष्ठा तभी बची रहेगी जब सभी लोग आपसी दुराव, वैमनष्यता समाप्त कर सभी क्षेत्र से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम स्थल से हुंकार भरते हुए समाज को मजबूती प्रदान करने में सहयोगी बनेगा और दृढ़संकल्पित भाव से संकल्प लेते हुए समाज के उत्थान में अपना योगदान सुनिश्चित करने में आगे रहेगा तभी ब्राह्मण वर्ग एवं वंश का सम्मान बढ सकेगा और हमारी आने वाली पीढ़ियां समाज में सम्मान से अपना जीवन सुरक्षित कर सकेगा और सभी का सर्वांगीण विकास हो पाएगा।राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र ने समाज की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए परिषद की समाज के प्रति योगदान बढ़ाने पर जोर दिया और सभी से जन जागरण करने का आह्वान किया।इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने ब्राह्मण समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया एवं समाज को किसी भी प्रकार की पीड़ा होने पर उसकी मदद करने के लिए दृढ़ संकल्पित भाव के साथ सभी साधन संपन्न विप्र जन को प्रेरित किया।डॉक्टर वीरेंद्र कुमार मिश्र ने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि स्थापना दिवस के सुअवसर पर कार्यक्रम में आने वाले सभी विप्र बंधुओं को निशुल्क उपचार एवं दवा वितरण किया जाएगा। परिषद सभी ब्राह्मण वर्ग को सम्मानित करते हुए चाणक्य धारा पुस्तिका एवं भगवान परशुराम का कैलेंडर प्रदान करेगा और सभी आने वाले परिवार के लिए सहभोज का आयोजन किया जाएगा सभी ब्राह्मण एक समान है परिषद में ना कोई छोटा है ना कोई बड़ा है इस बार परिषद के कार्यक्रम में साधु-संतों , का भी आशीर्वाद प्राप्त होगा अखिल भारतीय चाणक्य परिषद सभी के उत्थान के लिए कार्य करता है और सदैव करता रहेगा।अंत में परिषद के संरक्षक राम अनुज तिवारी ने अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के आगामी 14 जनवरी को सूरजकुंड मंगल चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर घर से बड़ी से बड़ी संख्या में ब्राह्मण बंधुओ से पहुंचने के लिए आवाह्न किया और सभी के सहयोग की कामना की है और यह सूत्र दिया है ब्राह्मण तय परिषद तय उक्त अवसर पर डॉ जय गुरुदेव शुक्ल प्रदेश महामंत्री, राधा रमण त्रिपाठी, जयप्रकाश तिवारी कार्यक्रम प्रभारी काशीनाथ तिवारी सतीश पांडेय, क्षीरेश्वर दत्त मिश्र, प्रमोद नारायण तिवारी, महंतओम प्रकाश मिश्र एवं जिला अध्यक्ष अयोध्या सत्यदेव मिश्र ने अपनी सहमति दर्ज कराई और साथ में मुकेश तिवारी महानगर अध्यक्ष आचार्य राकेश पांडेय, सचिन तिवारी, अंबरीश पांडेय, संतोष पांडेय, धीरेंद्र पांडेय, रुपेश तिवारी, अन्यान्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में वर्ष 2024 के माह जनवरी के प्रथम शनिवार को



तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं को बहुत ही गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों को आवश्यकतानुसार मौके पर ही पहुँच कर उभय पक्षों की उपस्थिति में उनका निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को समस्त नहरों एवं माइनरों में टेल तक कृषकों को फसलों की सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता एवं समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाय। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें तथा शिकायतकर्ता को कृत कार्यवाही से अवगत कराते हुए आइजीआरएस पोर्टल पर भी विस्तृत एवं स्पष्ट आख्या अपलोड करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का यथासंभव मौके पर ही निस्तारित किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया।इसी प्रकार अन्य समस्त तहसीलों में जनपद स्तरीय अधिकारियों की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर जन शिकायतों को सुनकर यथा संभव मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सदर सहित अन्य संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी तथा क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकास कार्य कराने पर प्रधान व सचिव हुए सम्मानित

**मसौली बाराबंकी।** ग्राम पंचायत बड़ागांव के सतत विकास पर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान एव पंचायत सचिव को पंचायत भवन मे शाल डायरी पेन भेंटकर सम्मानित किया। ग्राम प्रधान द्वारा कराये गये कार्यो से खुश होकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान नूर फातिमा एव पंचायत सचिव जैसराम का सामूहिक रूप से सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान को सम्मानित करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि प्रधान ने अपने ढाई वर्ष के कार्यकाल मे अनेक विकास कार्य किये है और उनसे आगे भी बेहतर कार्य की उम्मीद है। ग्राम प्रधान नूर फातिमा ने कहा कि इस क्षण ने मेरा मनोबल बढ़ाने के साथ ही और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने का काम किया है। ग्राम प्रधान एव पंचायत सचिव जैसराम ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि गांव के विकास मे कोई कमी नही रखी जायेगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गईं फरियाद

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आये हुए फरियादियों की समस्या सुनकर उनके निराकरण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह हैदरगढ़ तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील हैदरगढ़ में जनता की समस्याएं सुनी गई व उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहें। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सीएन सिन्हा द्वारा तहसील फतेहपुर में व समस्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अपने-अपने सर्किल में जनता की समस्याएं सुनी गई व उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।



## परमिट से अधिक मिट्टी खनन की रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी।** राजस्व टीम की जांच में परमिट से अधिक मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। लेखपाल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। खनन अधिकारी के अनुसार ग्राम जाटा में मिट्टी खनन अनुज्ञा की जाँच ग्राम जाटा मे क्षेत्रीय लेखपाल के साथ की गई। जिसमे रामसमुझ पुत्र श्री नन्हे निवासी ग्राम रामपुर जोगा पो बरौली तहसील नवाबगंज के नाम 22 मीटर गहराई तक मिट्टी खनन अनुज्ञा जारी हुई थी, जिसके अनुसार 14200 घनमीटर मिट्टी खनन करनी थी, जो 28 दिवस के लिए स्वीकृत है। मौके पर पैमाइश की गई तो पता चला कि इनके द्वारा मात्रा 19600 घनमीटर का खनन किया गया है, जो कि स्वीकृत मात्रा से 5400 घनमीटर अधिक है। इस तरह रामसमुझ पुत्र ने स्वीकृत मात्रा से अधिक का साधारण मिटटी का खनन किया गया है जो उपखनिज परिहार नियमावली के तहत दण्डनीय अपराध है।

## कृषि विभाग कर्मी के खाते से 74 हजार रुपए गायब

**बाराबंकी।** कृषि विभाग में तैनात एक कर्मी के खाते से अचानक 74 हजार रुपये गायब हो गए। यह धनराशि उसके एटीएम से निकाली गई। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार रामनारायन पुत्र बालकराम रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बिछलखा का रहने वाला है। वह विकास खण्ड पूरेडलई क्षेत्र में कामदार पद पर तैनात है। उसने बताया कि उसका बचत खाता मुख्य शाखा बाराबंकी में खुला है। 18 नवम्बर 2023 को उसके उक्त खाते से 10 10 हजार करके कई बार रुपये एक ही तिथि में निकल गए इस तरह उसके खाते से कुल 74 हजार रुपए निकाल लिए गए। यह रकम किसी जालसाज व्यक्ति द्वारा एटीएम से निकाली गई है। वह जब खाता जांचने बैक पहुंचा तो इसकी पूरी जानकारी हुई।

# स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

## प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित हो

*अवधनामा संवाददाता*

**देवां/बाराबंकी।** प्रयाग पब्लिक स्कूल के बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने मॉडल्स प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष सत्यनाम शर्मा, प्रबंधक सत्यप्रकाश वर्मा, सचिव अवध शरणवर्मा, प्रतिभा इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल जी.एम. वर्मा, प्रयाग पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल राजा हिमांशु शर्मा के द्वारा किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल राजा हिमांशु शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया जाये। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में प्रयाग पब्लिक स्कूल के




बच्चों ने जल प्रदूषण, बायो गैस प्लांट, सौर ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, चन्द्रग्रहण, सूर्य ग्रहण, अम्लीय वर्षा, पदार्थ की अवस्थायें, डायलिसिस प्रक्रिया, रात दिन मॉडल, सौर ऊर्जा कैप फैन, स्मार्ट सिटी, एटीएम मशीन, जल शुद्धिकरण, वैक्यूम क्लीनर, चुम्बकीय बल, कार्बेट बंदूक, जल नाव, जेसीबी मशीन, ड्रिप्पिंग वाट रिंग, ज्वाला मुखी, गोबर गैस, किडनी वर्किंग मॉडल, पवन ऊर्जा, भूकंप मॉडल, वायु प्रदूषण चन्द्रयान-3, वायुयान, स्थाई कृषि, कूलर, हृदय मॉडल, एमआरआई मशीन, ऋतु मॉडल, जैव विभिन्नता मॉडल, मानव मस्तिष्क, कंकाल तंत्र, रॉकेट आदित्य, ड्रोन, जैविक कृषि मॉडल, विभिन्न प्रकार के चतुर्भज मॉडल आदि बनाए। इस अवसर पर प्रयाग पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य, राजा हिमांशु शर्मा, सहायक अध्यापक, संजय ड्क्षसह, रजनीश वर्मा, जयशंकर वर्मा, हर्षित वर्मा, दानिया खान, नेहा मौर्या, सुभाषिनी वर्मा, अनामिका वर्मा, शालिनी वर्मा, सोनिका यादव, मारिया खान, संजना मौर्या, बबिता, रंजना शर्मा, शाहीन जहां, ममता गुप्ता, ममता, प्रियंका यादव, पूजा वर्मा, साजिया, साक्षी मौर्या, सरिता मौर्या मौजूद रहे।

## एलआईसी अभिकर्ता बलिराम गुप्ता ने हासिल किया एमडीआरटी अहर्ता



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के आगया निवासी बलिराम गुप्ता पुत्र शंकर गुप्ता ने पहली बार एमडीआरटी (मिलीनियर डॉलर राउंड टेबल) अहर्ता प्राप्त कर भारतीय जीवन बीमा निगम की बांसी शाखा में कीर्तिमान स्थापित किया है। एमडीआरटी (यूएसए) होने से अभिकर्ता को अब अंतर्राष्ट्रीय बीमा क्लब की सदस्यता प्राप्त हो जाएगी।

अभिकर्ता को इसका बड़ा फायदा यह होगा कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन व समारोह में आसानी से भाग लेने का मौका मिल जाएगा।अभिकर्ता बलिराम गुप्ता ने बताया कि बांसी शाखा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई है। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बलिराम गुप्ता एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं। बलिराम गुप्ता कर्मठ, बहुत ही मेहनती एवं शालीन अभिकर्ता हैं। इनके नाम पूर्व में भी कई रिकार्ड दर्ज हैं। बलिराम गुप्ता पहली बार एमडीआरटी (यूएसए) अहर्ता प्राप्त किया है। अभिकर्ता की इस सफलता पर वरिष्ठ मंडल प्रबंधक जेएस चौहान, विपणन प्रबंधक संजीव गर्ग, प्रबंधक विक्रय चारू तिवारी, विकास श्रीवास्तव, मार्कंडेय पाठक, परमात्मा राव, सीबी मिश्रा आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### सपा कार्यालय पर हुई जिला कार्य समिति की मासिक बैठक

# भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से पूरा देश बेहाल है: माता प्रसाद पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला कार्य समिति की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल जी यादव की अध्यक्षता तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडेय एवं विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडेय ने पार्टी संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ है हम अपने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बल पर जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे और कार्यकर्ताओं को आवाहन करते हुए कहा कि देश बहुत ही विषम परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार पुलिसिया उत्पीड़न तथा भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से पूरा देश बेहाल है। सपा कार्यकर्ता समाजवादी सरकार में किसानों मजदूरों नौजवानों बेरोजगारों एवं गरीबों के हित में जितने भी विकास कार्य हुए थे उसे जनता के बीच में लेकर जाएं और अपने बूथों को मजबूत करने का काम करें इस जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हमें अपने बूथो को जीतना होगा। विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून ने कहा कि हमें अपने सभी गिले शिकवे भूलकर कर सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर 2024 की इस लड़ाई को लड़ना होगा। भाजपा सरकार में महंगाई की मार से आम आदमी कराह रहा है। सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि हमारे सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एवं नेता अपने-अपने क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तर से लेकर बूथ स्तर तक जन चौपाल लगाकर समाजवादी सरकार में किए गए कार्यो की उपलब्धियां को जनता के बीच में लेकर जाएं और सबसे सहयोग लेकर इस जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करें। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव कमरूज्जमा खान ने किया। बैठक में पूर्व विधायक अनिल सिंह, चमन आरा रायनी, नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, मो. इदरीश पटवारी, जावेद आलम उर्फ चुन्ने, प्रधान बेचई यादव, वीरेंद्र तिवारी, कमाल अहमद, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, अयोध्या साहू, फिरोज आलम, रामू यादव, अनीता द्विवेदी, जोखन चौधरी, राजेंद्र चौधरी, रामसेवक लोधी, विजय चौधरी, दिलीप चौरसिया, रमजान अली, सुनील यादव, जेपी यादव, राजकुमार यादव, राजू चौधरी व निलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## शराब की दुकान हटाने के लिए किया प्रदर्शन



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को भिऊरा कप्तानगंज मार्ग पर स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान पर सुबह साढे नौ बजे दर्जनों महिलाओं ने पहुंचकर दुकान के सामने घंटो प्रर्दशन कर दुकान नही खुलने दिया। प्रदर्शन की सूचना पर कप्तानगंज थाने की पुलिस पहुंचकर काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन महिलाएं अपनी मांग पर अडी रही। महिलाओं का आरोप है। यह शराब का ठेका फेरसहन गांव के नाम से संचालित है। दो महिने पहले तक वही संचालित हो रहा था। लेकिन अब दो महिने से रसोइया गांव में आबादी के पास शराब का ठेका खोल दिया गया है। जिसका बुरा असर बच्चों पर पड रहा है। प्रदर्शन कर रही महिला सुशीला, संगीता, पिंकी, अमरावती, सरिता, सुमित्रा आदि ने कहा की शराब पीने के बाद आपस मे अपशब्दों का प्रयोग करते है। बहन बेटियों का घर से निकलना दूभर हो गया है। हमारी मांग है कि रसोइया गांव से आबादी के पास से तुरंत शराब का ठेका हटाया जाए। आबकारी निरीक्षक हर्रैया क्षेत्र 2 अंगद गौड ने बताया की जनभावनाओं को देखते हुए। अनुज्ञापी को नोटिस दिया गया है।जल्द से जल्द दुकान उचित स्थान पर संचालित करे। महिलाओं को समझाया बुझाया गया है।

## सरस्वती द्विवेदी सेवा संस्थान ने किया कंबल वितरण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भीषण ठंड के प्रकोप को देखते हुए सरस्वती द्विवेदी सेवा संस्थान ने शनिवार को जिले के कई जगहों पर कंबल विरतण किया। संस्थान की प्रमुख वंदना द्विवेदी ने अपने कई साथियों के साथ जिले के मलीन बस्ती में ठंड के प्रकोप से जूझ रहे गरीबों में कंबल वितरण किया। वंदना द्विवेदी ने बताया कि पिछले कई दिनों से ठंड ने भीषण रूप अख्तियार कर लिया जिससे मलीन बस्ती में रह रहे लोगों को इस ठंड से राहत देने के लिये संस्थान ने लोगों में कंबल वितरण करने का निर्णय लिया है। वंदना द्विवेदी ने बताया कि संस्थान जिले के अलग-अलग हिस्सों में रह रहे ऐसे तमाम गरीब लोग जो इस भीषण ठंड के प्रकोप से जूझ रहे हैं उन्हें इस ठंड से बचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। कहा कि आज से कंबल वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ है, जो तब तक जारी रहेगा जब तक हम ऐसे निरीह लोगों तक पहुच नहीं जाते। वंदना द्विवेदी ने बताया कि शनिवार को कंबल वितरण का कार्यक्रम जिला मुख्यालय के शास्त्री नगर मुहल्ला, अब्दुल कलाम मुहल्ला, विजय नगर मुहल्ला में तकरीब 97 लोगों में किया गया है। इस दौरान ओमप्रकाश चौबे, प्रशांत द्विवेदी, सुमित्रा द्विवेदी पियूष चौबे व संस्थान के कई साथी मौजूद रहे।

# बच्चों ने दिखाई संस्कृति उत्सव कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा

### अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत व खंड शिक्षा अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयास से संस्कृति उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाओं को आगे लाना व उचित मंच देना था। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी डुमरियागंज महेश प्रताप श्रीवास्तव व खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का विधवत शुभारंभ सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज के बालिकाओं द्वारा किया गया। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य कस्तूरबा विद्यालय की आंचल, लोक नृत्य गुंजा और टीम, लोकगीत जिस देश में गंगा रहती है गीत, बेटियां बचाओ कस्तूरबा की आंचल और टीम, कश्मीर जिगर का टुकड़ा, मेरे बांके बिहारी लाल गीत आदि कार्यक्रम गीतांजलि, संजना, रीना, अंजलि, मानसी, मुस्कान, करिश्मा आदि ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है बस उन्हें निखारने की आवश्यकता है। उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य दबी हुई प्रतिभाओं को आगे लाना है। इस मौके पर बीईओ संजय कुमार ने कहा कि आज भी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए लोकगीत, लोक नृत्य, समूह गान जैसे कार्यक्रम का सहारा लिया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि आज बच्चे अलग-अलग क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन नफीस हैदर ने किया। इस मौके पर नसीम अहमद, धर्मराज दुबे, बशीर अहमद, शकील अहमद, लेखपाल संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव, नगर पंचायत लिपिक हसन ताक़ीब रिज़वी, अमित मिश्रा, अर्चना, रंजना मिश्रा, सीमा, रानी पाल, अमृत लाल, जियाफत फारुकी, अहमद सईद, अभिषेक सिंह, प्रेम गुप्ता, अकमल फारुकी, विष्णुकांत दुबे आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## गन्ना लदी ट्राली बीच सड़क पर खड़ी कर चालक हुआ ग़ायब

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मालीपुर चौराहे पर मुख्य मार्ग पर गन्ना लदी ट्राला खड़ी कर चालक गायब हो गया। शाहगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक, जलालपुर की तरफ से शाहगंज की ओर मुड़ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में एक दुकान को तोड़ते हुए ट्राली में टक्कर मार दिया। ट्राली अकबरपुर की तरफ भागने लगी और ट्रक पीपल के पेड़ में स्थित भगवान शिवलिंग को तोड़ते वही रुक गई। ट्रैक्टर ट्राली अकबरपुर की तरफ दौड़ने से चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही ट्रैक्टर ट्राली आगे जा कर रुक गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोटहिल ट्रक चालक को नगपुर अस्पताल भेजा और ट्राला को मंदिर के पास खड़ा कर दिया।खबर प्रेषण तक ट्रक और ट्राला चौराहे पर ही खड़ा है। दुर्घटना बीते रात लगभग 8 बजे के करीब घटित हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार रात को ओवर लोड गन्ना ट्रैक्टर ट्राला को चालक मालीपुर मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर खड़ा कर कहीं चला गया। शाहगंज की तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रक आ रही थी। इसी दौरान जलालपुर की तरफ से एक ट्रक शाहगंज की तरफ मुड़ रही थी। शाहगंज की तरफ से आ रहा ट्रक चालक घबरा गया और वह रामधारी की चाय की दुकान को तोड़ते हुए ट्रैक्टर में टक्कर मार दिया। ट्रक दुकान को तोड़ते ट्राला को टक्कर मारते मंदिर के सामने पीपल के पेड़ में स्थापित शिवजी चबूतरे को टक्कर मार रुक गई। टक्कर लगने से ट्राला अकबरपुर की तरफ भागने लगी जिससे दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी थानाध्यक्ष हवलदार यादव घायल ट्रक चालक धर्मेन्द्र निवासी अकबरपुर गौरा को नगपुर अस्पताल भेजा।

## पूजित अक्षत और पत्रक का किया वितरण



**बर्डपुर सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बर्डपुर के दुल्हा चौराहे से ककरहवा बाजार तक शनिवार को आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम जी के भव्य मंदिर उद्घाटन प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अयोध्या नगरी से आए हुए पूजित अक्षत और पत्रक को भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर वितरित कर आगामी 22 जनवरी को दीप जलाकर उत्सव मानने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अंबरीश प्रसाद जायसवाल, अरविंद उपाध्याय, भाजपा मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, सदस्य जिला पंचायत सबलू सहानी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।तहसील दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले कार्यालय में जो भी लाभार्थी/नागरिक आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी तथा बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव यात्रा की सफलता के लिए बैठक का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को शाम को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के आवास हिन्दू भवन पर हिन्दू युवा वाहिनी व धर्म रक्षा मंच के जिम्मेदारों के साथ बैठककर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव यात्रा की कार्ययोजना बनाने व कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां बांटी। हियुवा के प्रदेश प्रभारी, धर्म रक्षा मंच के मुख्य संरक्षक व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया 20 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में भी बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है।

राम मंदिर में भगवान श्री राम को विराजमान करने के लिए 22 जनवरी 2024 का दिन चुना गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश के लोगों से उस दिन अपने आस पास के मठ मंदिरों पर उत्सव मानने का आवाहन किया हैं। इसी क्रम में 20 जनवरी दिन शनिवार को हिन्दू युवा वाहिनी व धर्म रक्षा मंच के संयुक्त तत्वाधान में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव यात्रा का आयोजन किया गया हैं। जिसमें प्रभु श्रीराम जी, भरत जी, लक्ष्मण जी, शत्रुहन जी सपत्नी, हनुमान जी व उनकी पूरी सेना की झांकी रथों पर सवार होकर शोभा यात्रा में शामिल होंगे।

उत्सव यात्रा का आरंभ शाहपुर से होकर, डुमरियागंज, बांसी, नौगढ़, शोहरतगढ़, ढेबरुआ, इटवा होते हुए चौखड़ा स्थिति श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण में यात्रा का समापन किया जायेगा। उत्सव यात्रा का जिले के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर पुष्प वर्षा व आरती से स्वागत किया जायेगा। कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रमुख लोगों का दायित्व निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी से इस उत्सव यात्रा के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर सम्मलित होने का आवाहन किया हैं।

इस दौरान पंडित राकेश शास्त्री, मधुसूदन अग्रहरि, अमरेंद्र त्रिपाठी, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, शत्रुहन सोनी, राजन अग्रहरि, कमलेंद्र त्रिपाठी, अजीत उपाध्याय आदि सहित अन्य जिम्मेदार लोग उपस्थित रहें।

## सड़को पर बेखौफ होकर नाबालिग दौड़ा रहे वाहन

**अम्बेडकरनगर।** परिवहन विभाग के नियम के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को बाइक या स्कूटी नहीं चलाना है। इसी को ध्यान में रखते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेश जारी करते हुए अनुपालन करने का निर्देश दिया है लेकिन अभी जो स्थिति है वह बिल्कुल अलग है। अभिभावक अपने बच्चों को लाड और प्यार में बाइक और स्कूटी की हैंडल पकड़ दे रहे हैं। इससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है मीडिया ने नाबालिगों के हाथों में बाइक और स्कूटी को लेकर एक पड़ताल की जिसमें यह बात सामने आई कि अभी भी बड़े पैमाने पर नाबालिग स्कूटी और बाइक चला रहे हैं। खास बात है कि स्कूल से जुड़े शिक्षक और प्रधानाचार्य ही ऐसे बच्चों को बाइक और स्कूटी लाने से नहीं रोक रहे हैं। जबकि उनका भी दायित्व है कि वह 18 वर्ष से कम आयु के छात्र-छात्राओं को बाइक और स्कूटी लेकर विद्यालय न आने दें। शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए आदेश के अनुसार यदि कोई नाबालिग छात्र स्कूटी या बाइक लेकर पकड़ जाता है तो इस मामले में वाहन स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने दिव्यांग लाभार्थियों को दिया प्रमाण पत्र

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सदर तहसील नौगढ़ में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को दिव्यांग लाभार्थियों का प्रमाण पत्र बनाने हेतु लगाये गये स्वास्थ्य शिविर मे जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा स्वयं प्रमाण-पत्र तथा घरौनी एवं वरासत प्रमाण-पत्र भी दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये कैम्प के माध्यम से 10 लाभार्थियों शिवप्रसाद, सुमित, उमेश कुमार, राम जियावन, सृष्टि त्रिपाठी, आरफा खातून, वीरेन्द्र कुमार चौरसिया, सुरेमन प्रसाद, मो0 नफीस शाह तथा राम नेवास को दिव्यांग प्रमाण-पत्र दिया। ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) के लाभार्थी प्रदीप, बसन्त, अब्दुल्लाह, बकरीदन, प्रेमचंद, राजाराम, भूती, तालुक, लालता तथा अजमत अली तथा वरासत प्रमाण-पत्र के लाभार्थी रीता देवी, बिन्दा, रामवृक्ष, हरीराम तथा नियाज अहमद को जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा प्रमाण-पत्र दिया गया। जिलाधिकारी ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि तहसील समाधान दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोग कैम्प में आने के लिए लोगो को जागरूक करे। अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त करे। कोई भी दिव्यांग छूटने न पाये। सभी को शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ मिल सके इसके लिए सभी अधिकारी/कर्मचारी पूरी तन्मयता के साथ काम करें।



# चिकित्सा विभाग के निर्माण में हो रही देरी पर डीएम ने लगायी फटकार

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय मिशन के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों यथा- जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, मातृ मृत्यु, परिवार कल्याण, दवाओं की उपलब्धता, टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, कायाकल्प, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आदि की समीक्षा की गयी है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा एमओआईसी को निर्देशित किया गया कि सी एच ओ की रिपोर्ट कार्ड तैयार करे। कर्मचारियों के भुगतान समय से कराने के कड़े निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग में हो रहे निर्माण में देरी पर संबंधित को कड़ी फटकार लगाई गई।

अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड को बनाने हेतु निर्देशित किया गया ।सभी एमओआईसी को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि संचालित सभी योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए, एमओआईसी सहित सभी चिकित्सकों को समय से चिकित्सालय में बैठने को निर्देशित किया गया एवं पोर्टल पर फीड होने वाले सभी आंकड़ों को ससमय फीड कराए जाने का भी निर्देश दिया गया, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में उपस्थित सभी डॉक्टरों को उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मरीजो के बेहतर चिकित्सीय सुविधा देने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओम प्रकाश,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, समस्त एमओआईसी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी /कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## आज निकलेगी पूजित अक्षत कलश यात्रा

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** श्री रामलला मंदिर अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को अयोध्या में संपन्न होने जा रहा है, इस निमित्त शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार तक अयोध्या जाने का आमंत्रण देने के लिए पूजित अक्षत कलश एवं पीले चावल के द्वारा निमंत्रण दिए जा रहे है। इसी कड़ी में जलालपुर नगर में एक दिव्य व भव्य कलश यात्रा के आगामी सात जनवरी, दिन रविवार को होने वाले आयोजन को लेकर भाजपा पदाधिकारी एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ आरएसएस पदाधिकारी नवनीत तथा नगर कार्यवाहक अभिषेक उपाध्याय ने तैयारी बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र, सुरेंद्र सोनी गोविंद लाल गौड, बेचन पांडे, देवेश मिश्र, अजीत निषाद, विकाश निषाद, आनंद मिश्र, अमित मद्धेशिया, विनोद गुप्ता आदि मौजूद रहे। नगर कार्यवाहक अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि मां गायत्री मंदिर रामगढ़ रोड से प्रारंभ होकर भव्य कलश यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से होते हुए नगर के श्री शीतला माता मठिया मंदिर में भव्य आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न होगा।

# बहादुरपुर पीएचसी बदहाल, चिकित्सक नदारद

अवधनामा संवाददाता



- चिकित्सक की अनुपस्थिति में मरीज देखते हैं फार्मासिस्ट
- अस्पताल खुद बीमार जगह जगह पसरा गंदगी का अम्बार

**कुदरहा, बस्ती।** ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को बेहतर व अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा पीएचसी व सीएचसी पर चिकित्सको की तैनाती किया गया है। पीएचसी पर ठंडक में सुबह 10 से शाम 04 बजे तक जबकि गर्मी सुबह आठ से दो बजे तक चिकित्सकों का रहना अनिवार्य है। लाख निर्देशों के बाद भी चिकित्सको के कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा है। चिकित्सकों के आने जाने का कोई समय नहीं रह गया है। मनमानी तरीके से अस्पताल से अक्सर गायब मिलते है। जिससे मरीजों को मज़बूरी में निराश लौटना पड़ता है।

पूरा मामला पीएचसी बहादुरपुर का है जहां शनिवार की शाम तीन बजे ही चिकित्सक गायब हो गये। उसके बाद आने वाले मरीजो का इलाज फार्मासिस्ट करते है। पीएचसी बहादुरपुर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पवन वर्मा के अलावा चिकित्सक डॉ. प्रभाकर चौधरी, नेत्र सहायक गिरीश चन्द्र वर्मा तैनात है। शनिवार तीन बजे के पहले ही चिकित्सको की कुर्सी खाली हो गया। मरीज देख रहे फार्मासिस्ट चन्द्र प्रकाश ने पूछने पर बताया की कौन कहां गया हमें पता नहीं वह अपने ड्यूटी पर मौजूद है। मरीजो को समस्या न हो इसके लिए सामान्य दवाईया दी जा रही है। अस्पताल में जगह जगह पसरा गंदगी का अम्बार, प्रतिबंधित डिस्पोजल व चिकित्सीय अवशेष परिसर में बिखरा मिला। तीन के बजे के बाद इलाज के लिए पहुंचे मटेरा निवासी राकेश पाण्डेय ने बताया कि ठंडक के कारण सीने में दर्द है दवा के लिए आये तो चिकित्सक गायब मिले। फार्मासिस्ट ने बीपी नाप कुछ दवाईया देकर अगले दिन दिखाने को कहा। कैथोलिया निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि पेट में दर्द होने पर डाक्टर को दिखाने आया तो उनकी अनुपस्थित में फार्मासिस्ट ने दवा दिया। पिलाई निवासी सुन्दर ने बताया कि डाक्टर को दिखाया था जांच लिखे थे उसकी रिपोर्ट दिखाने आया तो है ही नहीं। स्थानीय लोगों की माने तो अक्सर समय से पहले चिकित्सक अस्पातल से चले जाते हैं। अस्पातल में मरीज देखने से ज्यादा स्वयं की क्लीनिक पर प्रैक्टिस करने में रूचि लेते हैं। ऐसे में सरकार के मंसूबों पर यह चिकित्सक पानी फेर रहे हैं। इस सम्बन्ध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पवन वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के मीटिंग में शामिल होने के लिए एक बजे बस्ती चले गये थे। एसीएमओ के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर चिकित्सक काली पट्टी बांधकर स्वास्थ्य चिकित्सकीय कार्य कर रहे थे। चिकित्सक प्रभाकर चौधरी व नेत्र सहायक गिरीश वर्मा को चार बजे तक रहना चाहिए था। तीन बजे गायब हो गये इसका स्पष्टीकरण लिया जायेगा।

## हिरासत में तीन मौत

जम्मू कश्मीर बहुत ही संवेदनशील राज्य है। मोदी जी ने इसे 370 को हटाकर पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रंशसनीय कार्य किया है जिस पर अदालत ने मोहर लगा दी है। पर वहां कुछ न कुछ घटता रहता है सीमा का राज्य होने की वजह से वहां आतंकियों द्वारा कुछ न कुछ उपद्रव होता रहता है। सेना प्रशंसनीय रूप से इन आतंकियो को दबाने में सफल रही है और अभी भी है। सेना द्वारा अनजाने में भी कोई चूक हो जाय तो वहां के नेता जिनके विरासत पर 370 की वजह से प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है वे सेना पुलिस राज्य सरकार और केन्द्र सरकारो की आलोचना कर लोगो को भड़काने की कोशिश करते रहते है।

हाल की घटना से असन्तुष्ट नेता जम्मू कश्मीर में उबाल लाने की कोशिश में लगे हुये है। कोई कह रहा है यहां गाजा का हाल होगा। हुआ यह की गुर्जरो की 50 आबादी वाले गांव में सन्दिग्ध मामले में तीन गुर्जरो को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया। सेना के पूछताछ के दौरान कथित रूप से तीन जनों की मौत हो गई। जिस समय पूछताछ हो रही था वहां चार गुर्जर थे। सेना ने एक को भगा दिया। कहते है कि सेना द्वारा पूछताछ के लिये टार्चर किये जाने की वजह से तीनों चीखे रहे थे। उनकी चीख सुन शिविर के पास की औरते घुसने की कोशिश की तो उन्हें भी भगा दिया गया। इस सिलसिले में पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लोगो में सेना के प्रति बेहद गुस्सा दिख रहा है। हालाकि वह गांव सील है जहां के तीनो युवकों की मौत हुई और यह गुर्जरों का गांव है। केन्द्र सरकार ने गुर्जरो को मुख्य धारा में लाने के लिये उन्हें जनप्रतिनिधित्व में विधिवन हिस्सेदारी देकर उन्हें अपना भक्त बना लिया है। उनमें भारत के प्रति प्रेम भावना पनप गयी है। गुर्जर आमतौर भारतीय सेना के समर्थक और प्रशंसक होते है। पर इस कान्ड ने जिसमें पूरी तरह गुर्जर गांव के तीन गुर्जर की मौत सेना की पूछताछ के दौरान हो गई है उनमें खटास पैदा कर रही है। वे अपने भरोसा को टूटता देख रहे है और वे टूट भी गये है। गुर्जरो की भावना को दिली चोट पहुंची है। जैसे आस्था दरक गयी है।

दर्दनाक और अफसोसनाक पहलू यह भी है कि पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाई को लोग औपचारिकता मान रहे है। उन्हें लगता है यह बचाव की कारवाई है। इसे राज्य धर्म निभाने का तरीका माना जा रहा है। अफसोसनाक पहलू यह भी है कि तीनों युवकों से जिनसे सेना ने पूछताछ किया है उनके शरीर पर यातना के निशान है। कहते है इसका सबूत वीडियो भी है। सारी तथाकथित पक्षधरता और शंकाओं के निराकरण के लिये सेना द्वारा दिया गया आदेश कोर्ट आफ इन्क्वायरी के लिये स्वागत योग्य प्रयास है। मामले की संवेदनशीलता से प्रभावित हो सेना अध्यक्ष ने वहां का दौरा किया और सेना को सेना धर्म निभाने के लिये जागृत किया। सारी कसरत प्रशासन और सेना का मानवाधिकार को लेकर पक्षधरता साबित करता है। इन प्रयासों को जनता शान्त होकर देख रही है। सेना और व्यवस्था के प्रति उसका टूटता भरोसा धीरे-धीरे फिर मजबूत हो जायेगा। एक ब्रिगेडियर का कहना है सेना द्वारा ऐसी कारवाई पहली बार देख रहे है। सेना जो आतंकवाद से सक्षमता से निपट रही थी दशकों से वह दबाव में कैसे आ गयी है। पर दबाव का मतलब निर्दयी हो जाना नहीं होता है।

अब देश की प्रतिष्ठा और साख तथा मानवाधिकार की सुरक्षा के लिये यह जरूरी हो गया कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से त्वरित जाच हो दोषियों पर कठोर कारवाई की जाय। न्यायपूर्ण त्वरित गति से उचित कार्यवाई किये जाने से जम्मू कश्मीर के लोगो द्वारा बुरी तरह से सतायें गये पन्डितों को जिन्हें अपना राज्य छोड़कर भागना भी पड़ा है सभी में भारत के प्रति जम्मू कश्मीर के प्रति डगमागती आस्था पुनः मजबूत हो जायेगी। जम्मू विधानसभा के चुनाव के लिये लम्बी तैयारियां किया जना है चुनाव क्षेत्रों का फिर से सीमा निर्धारण किया जाना है। इसलिये वहां की पार्टियां बेचैन है उन्हें भी त्वरित न्यायपूर्ण कारवाई से दोषियों को उचित दन्ड देकर शान्त किया जा सकेगा।

## अफ्रीकी फोटो-पत्रकार जिसका कैमरा ही अपना बंदूक था!


के. विक्रम राव

अफ्रीकी स्वतंत्रता सेनानी और अदम्य फोटो पत्रकार पीटर मगुबेन के गत दिनों निधन से वैश्विक संघर्ष का एक अनुच्छेद समाप्त हो गया। नेल्सन मंडेला का यह निजी फोटोग्राफर उस अंग्रेज कवि विलियम ब्लैक की पंक्तियां अनायास याद दिलाता है मैं काला हूं, पर मेरी आत्मा सफेद है। एक अश्वेत बालक की यह पुकार थी। पीटर जिनकी आयु 91 वर्ष की थी ने आजीवन गोरे उपनिवेशवादियों के जुल्म सहे। इसमें 586 दिन तन्हा कोठरी में कैद भी शामिल है।

हम श्रमजीवी पत्रकार पीटर को याद रखते हैं क्योंकि उन्होंने अपने कैमरे को एक बंदूक की तरह प्रयोग किया। शूट किया क्लिक द्वारा, गोली नहीं। हम मानते हैं कि हमारे हजार शब्दों से कई गुना अधिक प्रभावी एक फोटो होता है। खबर को महत्वपूर्ण बना देता है। पीटर ने दक्षिण अफ्रीका का वह जुल्मी दौर देखा जिसे महात्मा गांधी ने गत सदी के प्रारंभ में उजागर किया था। वे लड़े थे, आजादी के लिए। उसी गांधीवादी आंदोलन के ही एक आयाम थे यह फोटो-पत्रकार। कालो पर गोरे शासकों के अत्याचारों की फोटो लेने में पीटर ने अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल किया। कभी तो वे कैमरा को अपनी खोखली डबल रोटी में दबाकर चित्र लेते रहे थे। एकदा बाइबिल किताब के आवरण के भीतर छिपाकर कैमरा रखा था। अन्य प्रयोग भी किए। कभी दूध के कार्टन की दफ्ती में छिपाया। हर बार बढ़िया मार्मिक फोटो लेते रहे।

पीटर की मशहूर फोटो में है 21 मार्च 1960 की शार्पविले पुलिस थाने की। इसमें सात हजार प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलीबारी हुई थी। करीब 70 लाशें बिछ गई थीं। उनकी अद्भुत फोटों थी जब नेल्सन मंडेला पर रिवोनिया नगर में गोरे शासको ने मुकदमा चलाया था। बात 1963-64 की है। अफ्रीका राष्ट्रीय कांग्रेस पर षड्यंत्र और विद्रोह का आरोप था। मंडेला मुख्य अभियुक्त थे। मंडेला को कुल मिलाकर 27 वर्षो तक जेल में रखा गया था। पीटर ने उनकी यादगार फोटो ली थी।

मगर पीटर की गज़ब की फोटो थी जब उन्होंने जोहान्सबर्ग उपनगर में पार्क के बेंच पर बैठी एक श्वेत लड़की और पीछे खड़ी उसकी अश्वेत आया की। इसका शीर्षक था केवल गोरों के लिए। यह पुरस्कृत चित्र था। पीटर का खुद बयान है कि फोटोग्राफर के रूप में क्या-क्या झेला उन्होंने। एक बार उन्होंने बताया मुझे कई बार गिरफ्तार किया गया और पुलिस ने मुझे बहुत मारा-पीटा। उन लोगों ने एक बार मेरी नाक तोड़ दी। मैंने अपनी एक फिल्म को प्रदर्शित करने और छवि खराब करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने मुझे 1974 में गिरफ्तार कर लिया और 586 दिनों के लिए एकांत कारावास में रखा गया। यह नहीं बताया गया था कि रंगभेदी दक्षिण अफ्रीका में मुझे एकान्त में ले जा रहे हैं। केवल तभी पता चला जब मैं अपनी कोठरी में दाल दिया गया। कोई आगंतुक नहीं मिले। एकमात्र व्यक्ति जिसे मैंने देखा वह गार्ड था, जो कहता था मुझसे बात मत करो। लेकिन मुझे पता था कि वहां मुझसे भी बदतर हालत में लोग थे। नीचे की कोठरियों में नामीबियाई लोगों को हर दिन, हर रात पीटा जाता था। सौभाग्य से मुझे पीटा नहीं गया, क्योंकि वे जानते थे कि मेरा अखबार मेरी तलाश कर रहा था। वे बस मुझे बंद कर सकते थे। खिड़की पर एक चिड़िया आकर बैठती। जब मैं खड़ा होता तो वह उड़ जाता। मैं बस यही सोच सकता था कि मैं वह पक्षी बनना कितना चाहता था। पीटर को 1975 के अंत में रिहा कर दिया गया। लेकिन पाँच साल के लिए तस्वीरें लेने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। पुलिस को बताए बिना वे अपना घर नहीं छोड़ सकते थे। पीटर ने कहा जब उन्होंने मुझे रिहा किया, तो मैंने खुद से कहा मैं इन लोगों के नियमों का पालन नहीं करूंगा। मैं तस्वीरें ले रहा हूं, कोई अपराध नहीं कर रहा हूं। इसलिए 1976 में, जब सोवतो विद्रोह हुआ, मैं अपना कैमरा और प्रतिशोध लेने गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, देश में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ व हरियाणा में साइबर अपराध की दर सबसे ज्यादा है। बल्कि हरियाणा में मेवात साइबर अपराधों के जरिये वसूली का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यह स्थिति कितनी चिंताजनक है कि पिछले तीन साल में वित्तीय धोखाधड़ी में दस हजार तीन सौ नब्बे करोड़ रुपये का चूना लोगों को लगा। कमोबेश साइबर अपराधियों के सुनियोजित गिरोहों द्वारा लोगों के विश्वास के साथ छल करके खून-पसीने की कमाई पर हाथ साफकिया जा रहा है। लोग शातिर अपराधियों के भ्रमजाल में फंस जाते है और उसकी बड़ी कीमत चुकाते हैं।

# साइबर अपराध की बढ़ती घटनाएं


डॉ. ओपी त्रिपाठी

हाल के वर्षों में साइबर अपराधों और साइबर धोखाधड़ी की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, खासकर देश में यूनिफाइड पेमैंट इंटरफेस (यू.पी.आई.) की शुरूआत के बाद। भारत इस तकनीक को शुरू करने वाले अग्रणी देशों में से एक था और यह बहुत गर्व की बात है कि बहुत कम देश हमारे देश में प्रचलित समान व्यापक और सुविधाजनक वित्तीय प्रणाली का दावा कर सकते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इंटरनेट और ऑन लाइन सेवाओं के विस्तार ने हमारे जीवन को जितना सुगम व सरल बनाया है, उतना ही खतरा साइबर अपराधों का भी बढ़ा है। सरल शब्दों में, साइबर अपराध उन आपराधिक गतिविधियों को संदर्भित करता है जिनमें कंप्यूटर, कंप्यूटर नेटवर्क या इंटरनेट शामिल होता है। भारत में बहुत से लोग इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों के प्रयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में पूरी तरह से जागरूक नहीं हैं। साइबर खतरों तथा साइबर सुरक्षा पद्धतियों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण व्यक्ति और व्यवसाय, साइबर हमलों के प्रति अधिक सुभेध्य हो जाते हैं। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी का विकास होता है, वैसे-वैसे साइबर खतरे भी बढ़ते हैं। साइबर अपराधी सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और नेटवर्क सिस्टम में कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए लगातार नयें तरीके ढूंढते रहते हैं। भारत में साइबर अपराध 1990 के दशक की शुरुआत में इंटरनेट के आगमन और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के बढ़ते उपयोग के साथ शुरू हुई। फिर जैसे-जैसे देश में इंटरनेट की पहुंच और डिजिटलीकरण का विस्तार हुआ, साइबर अपराध विकसित अवस्था में और अधिक परिष्कृत होते गए। देश में साइबर अपराधों का वर्ष 2022 से 2023 में 61 फीसदी की दर से बढ़ना गंभीर चेतावनी है। यह बदलाव है कि इससे पहले वर्ष में यह वृद्धि एक सौ तेरह प्रतिशत थी। यह अच्छी बात है कि वर्ष 2019 में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल लॉन्च होने के बाद लोगों को राहत मिली है। जिसके चलते साइबर अपराधों में 4.3 लाख नागरिकों के हुए नुकसान में से एक हजार एक सौ सत्ताईस करोड़ रुपये की वसूली की जा सकी है। लोगों को ऐप की अनुमति देते वक्त सावधान रहने की बात कही गई है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, देश में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ व हरियाणा में साइबर अपराध की दर सबसे ज्यादा है। बल्कि हरियाणा में मेवात साइबर अपराधों के जरिये वसूली का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यह स्थिति कितनी चिंताजनक है कि पिछले तीन साल में वित्तीय धोखाधड़ी में दस हजार तीन सौ नब्बे करोड़ रुपये का चूना लोगों को लगा। कमोबेश साइबर अपराधियों के सुनियोजित गिरोहों द्वारा लोगों के विश्वास के साथ छल करके खून-पसीने की कमाई पर हाथ साफ किया जा रहा है। लोग शातिर अपराधियों के भ्रमजाल में फंस जाते है और उसकी बड़ी कीमत चुकाते हैं।

यह समस्या कितना जटिल रूप ले चुकी है



कि देश में एक लाख की आबादी पर 129 साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं। लेकिन इसकी संख्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रति लाख आबादी पर 755, चंडीगढ़ में 432 तथा हरियाणा में 381 है। इन स्थानों पर ज्यादा साइबर क्राइम होने की एक वजह यह भी है कि ऑनलाइन विकल्पों के प्रति जागरूकता के चलते अधिक लोग इन सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। वैसे साइबर क्राइम की छद्म प्रवृत्ति से अनभिज्ञ लोग भी जल्दी अपराधियों के झांसे में फंस जाते हैं। हालांकि, देश की केंद्रीय एजेंसियां लगातार अपराधियों पर नजर रखे हुए हैं और निरंतर इनके खिलाफ अभियान चलाती रहती हैं। मेवात सहित कई राज्यों में साइबर क्राइम के खिलाफ बड़े अभियान चलाए गए हैं।

राष्ट्रीय एजेंसियों ने 2.9 लाख फर्जी सिम, 2810 गलत मंशा से चलाए जा रहे यूआरएल और 595 मोबाइल ऐप्स ब्लॉक किए हैं। लेकिन इसके बावजूद कहना कठिन है कि साइबर क्राइम इन कार्रवाइयों से कम हुए हैं। दरअसल, साइबर अपराधी पुलिस व जांच एजेंसियों की सक्रियता के बावजूद अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। भारतीय कम्प्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम द्वारा रिपोर्ट और ट्रैक की गई जानकारी के अनुसार, 2022 में दुर्भावनापूर्ण मोबाइल एप्लीकेशन फिशिंग और रैंसमवेयर जैसी साइबर सुरक्षा घटनाओं की संख्या 13.91 लाख थी। यह स्पष्ट है कि बड़ी संख्या में इसी तरह के अपराध दर्ज नहीं किए गए होंगे। जैसा कि बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा रिपोर्ट किया गया है, वास्तविक धोखाधड़ी के मामले 7.05 लाख थे, जिसकी कीमत वित्तीय वर्ष 2021 में 542.7 करोड़ रुपए थी। यह मात्रा बढ़कर 12.27 लाख हो गई, जिसका कुल मूल्य 2022 में 1,357.06 करोड़ रुपए हो गया और 19.94 लाख बढ़कर इस वित्तीय वर्ष में 2,537.35 करोड़ रुपए हो गए। पूरे देश में दर्ज किए गए वित्तीय अपराधों की मात्रा के बारे में गृह मंत्रालय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में दर्ज किए गए वित्तीय अपराधों की मात्रा 2.62 लाख थी। 2022 में यह 6.94 लाख हो गई है।

साइबर अपराधों का दायरा इतना विस्तृत व जटिल है कि पुलिस भी उन पर आसानी से हाथ नहीं डाल सकती। असल में, अपराध की दुनिया में साइबर अपराध की शुरुआत एक नया खतरा है, जिसके लिए हम अपनी पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं कर पाए हैं। साथ ही नागरिकों को भी इस भ्रमजाल से बचने के लिये पर्याप्त रूप से जागरूक करने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर अपराध का स्वरूप देखें तो वर्ष 2023 में सभी साइबर अपराधों में 38 फीसदी धोखाधड़ी निवेश से संबंधित थी। इसके बाद ग्राहक सेवा या रिफंड लौटाने के नाम पर जरूरी जानकारी लेकर फ्राड करने अथवा केवाईसी समाप्ति संबंधी झूठी सूचना देकर ठगने के मामले प्रकाश में आए। इतना ही नहीं सेक्सटॉर्शन के जरिये भी धन वसूली के बहुत मामले प्रकाश में आए। इसमें वीडियो कॉल के जरिये लोगों के चित्र को अश्लील दृश्यों से जोड़कर बदनाम करने की धमकी देकर धन वसूला जाता है। यही वजह है कि साइबर विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि अनजान वीडियो कॉल का जवाब न दें। यदि वे कॉल लेते हैं तो सेक्सटॉर्शन के शिकार बन सकते हैं। दरअसल, साइबर विशेषज्ञ बैंकों के साथ काम करके उस गिरोहबंदी को रोकने पर काम कर रहे हैं जिसमें एक खाते से धन हस्तांतरित करके आगे अन्य खातों में भेज दिया जाता है और दूसरे के नाम से निकाल लिया जाता है। दरअसल, देश में साइबर अपराधों पर शिकंजा कसने में देरी और लोगों में जागरूकता की कमी से भी अपराधी अपने मंसूबों में कामयाब हो जाते हैं। भारत में साइबर सुरक्षा बुनियादी ढांचा अभी भी विकसित हो रहा है। कई संगठनों, विशेष रूप से छोटे व्यवसायों के पास मजबूत साइबर सुरक्षा अवसरंचना नहीं हो सकती, इसलिए वे साइबर अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। हालांकि भारत में इन मुद्दों के समाधान के लिए कानून एवं नियम हैं, वर्तमान में भी कानूनी ढांचा लगातार विकसित हो रहा है, जिससे कई बार प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इससे साइबर अपराधियों पर प्रभावी ढंग से मुकदमा चलाने में देरी हो सकती है। इंटरनेट का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर, साइबरस्पेस में अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

# ग्लोबल वार्मिंग एक संवेदनशील मुद्दा

**अलीज़े नजफ**

वैश्विक तापमान में निरंतर वृद्धि के बारे में जलवायु वैज्ञानिकों के बीच व्यापक सहमति ने कई राज्यों और निगमों और व्यक्तियों को ग्लोबल वार्मिंग को रोकने और पर्यावरण को वापस सामान्य स्थिति में लाने के लिए प्रेरित किया है। इसने सुझाव दिया कि पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों और निगमों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए कि लोग इसकी गंभीरता से वाकिफ हों। पर्यावरण की सुरक्षा और उसे क्षरण से बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं बल्कि आम नागरिकों की भी है क्योंकि यह एक वैश्विक समस्या है जिसमें हर कोई मौलिक भूमिका निभा सकता है।

दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। 21वीं सदी ने इस तेज गति को और तेज कर दिया है, जहां दुनिया में कई बदलाव हुए हैं, जो नकारात्मक और सकारात्मक दोनों हैं। उन परिवर्तनों में से एक को ग्लोबल वार्मिंग कहा जाता है। तापमान सामान्य से बढ़ रहा है और यह वृद्धि धीरे-धीरे बढ़ रही है। मनुष्यों ने गलतियाँ की हैं जिससे विश्व व्यवस्था में उथल-पुथल मच गई है और इसके परिणामस्वरूप होने वाले नकारात्मक प्रभावों में ग्लोबल वार्मिंग भी शामिल है। वैज्ञानिकों ने इसे एक बड़ी आपदा बताया है और इस आपदा के पीछे कई कारण हैं। वर्तमान समय में अंतरिक्ष में विभिन्न गैसें पाई जाती हैं, जो अर्ध-स्थायी हैं, जिनकी विशेषता यह है कि वे प्राकृतिक रूप से नहीं बल्कि पृथ्वी पर होने वाले विभिन्न कारकों, विशेषकर कार्बन के कारण उत्पन्न होती हैं। कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, क्लोरोफ्लोरोकार्बन ऐसी गैसें हैं जो बढ़ती हैं इन्हें हवा में मिलाकर तापमान। पिछले 30 से 35 वर्षों में तापमान तेजी से बढ़ा है। इसमें ग्रीनहाउस गैसों की अहम भूमिका है। वायुमंडल में अबाधित वृद्धि के कारण ऐसी अव्यवस्था पैदा हो रही है, यदि समय रहते इसे रोका ना गया तो इसे नियंत्रित करना और समय बीतने के साथ इसे अपने प्राकृतिक स्तर पर लाना मुश्किल हो जाएगा।

पृथ्वी के तापमान में इस वृद्धि का कारण मुख्य रूप से मनुष्य और उसके आविष्कार हैं। जंगलों के कटने से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ गई है, भाप बनने की दर भी तेज हो गई है। जलवायु प्रणाली पर असर पड़ता है ग्लोबल वार्मिंग के कारण दुनिया के कुछ हिस्सों में नमी और कुछ हिस्सों में शुष्कता बढ़ रही है। इससे कृषि और तटीय क्षेत्रों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा क्योंकि ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का स्तर बढ़ जाएगा। जिससे वृद्धि का खतरा है। बारिश के दौरान इन क्षेत्रों में बाढ़ आने की प्रबल संभावना है और इस जलवायु परिवर्तन के कारण कुछ क्षेत्र सूखे से भी प्रभावित हो सकते हैं, जंगलों में पौधों और पक्षियों को भी खतरा है। हवा, वर्षा और तापमान सभी एक दूसरे से जुड़े हो सकते हैं, इसलिए उन्हें समान महत्व देना महत्वपूर्ण है। और भूमि और पानी दोनों पर काम करने वाले पारिस्थितिकी तंत्र के प्रभाव की संभावित सीमा की भविष्यवाणी करता है, भूख युद्ध और ऐसी भविष्यवाणियां वास्तव में इसलिए की जाती हैं ताकि हम पहले से ही सर्वोत्तम रणनीतियों द्वारा इन संभावित नुकसानों से बच सकें। यदि हम इस पहलू में गंभीरता से रुचि रखते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, तो यह प्रयास इस सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम बन सकता है। हम केवल वर्तमान सभ्यता में पाई जाने वाली विलासिता के प्रति अपना दृष्टिकोण बदलकर ग्लोबल वार्मिंग को नहीं हरा सकते, क्योंकि वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का मुख्य स्रोत विनिर्माण उद्योगों से जुड़ा हुआ है जब



तक कि कोई हानिरहित विकल्प नहीं मिल जाता। इस समस्या की गंभीरता इसी प्रकार बनी रहेगी कारखाने विभिन्न प्रकार के ईंधन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के रसायनों का उपयोग करते हैं और अपने सभी जहरीले कचरे और कचरे को भूमि पर या नदियों और महासागरों में फेंक देते हैं। नकारात्मक प्रभावों के कारण, समुद्री जानवरों का जीवन खतरे में पड़ गया है और कई जानवरों की प्रजातियाँ भी विलुप्त हो रही हैं।

वैश्विक तापमान में निरंतर वृद्धि के बारे में जलवायु वैज्ञानिकों के बीच व्यापक सहमति ने कई राज्यों और निगमों और व्यक्तियों को ग्लोबल वार्मिंग को रोकने और पर्यावरण को वापस सामान्य स्थिति में लाने के लिए प्रेरित किया है। इसने सुझाव दिया कि पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों और निगमों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए कि लोग इसकी गंभीरता से वाकिफ हों। पर्यावरण की सुरक्षा और उसे क्षरण से बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं बल्कि आम नागरिकों की भी है क्योंकि यह एक वैश्विक समस्या है जिसमें हर कोई मौलिक भूमिका निभा सकता है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए नीतियों का निर्धारण, उसके क्रियान्वयन में जो सख्ती और ईमानदारी दिखनी चाहिए, वह प्रायः देखने को नहीं मिलती।

संसाधनों के संरक्षण और नई संसाधन परियोजनाओं के साथ-साथ आधुनिक तकनीक से पर्यावरण को बेहतर बनाने के प्रयास भी जारी रहने चाहिए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया की आबादी फिलहाल 68 अरब है और 2030 तक इसके बढ़कर 83 अरब होने का अनुमान है। जनसंख्या कुछ अधिक है, जिससे संसाधनों पर दबाव बढ़ता है और गरीबी और बीमारी भी बढ़ती है, इसलिए इस संबंध में एक राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता है, जिससे मानव जनसंख्या के अनुपात के साथ-साथ संसाधनों में भी वृद्धि हो सके। इन सबका सार यह है कि हमें पर्यावरणीय क्षरण को रोकने और नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करते रहना चाहिए क्योंकि इसके बिना सतत विकास संभव नहीं है।

इसके लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकल्पों को अपनाना सबसे महत्वपूर्ण है, हम सदियों से कोयला, तेल, गैस का उपयोग करते आ रहे हैं, जिनसे बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड और हरित गैसें निकलती हैं और जारी हैं। इसलिए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। पवन, सौर और जल विद्युत जैसी नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने पर, क्योंकि ऐसी ऊर्जा से हरित गैसों का उत्सर्जन बहुत कम होता है। ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए ऐसे कानून बनाने की तत्काल आवश्यकता है कार्बन टैक्स और ऊर्जा कुशल प्रथाओं, इसके लिए सरकारी सब्सिडी को बढ़ावा दें, इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने राजनीतिक नेताओं को वोट देना चाहिए। जो जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्राथमिकता देता है और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने की कोशिश करता है और ऐसे व्यवसायों का समर्थन करता है जो पर्यावरण के अनुकूल हैं। दुनिया के जंगल एक स्पंज की तरह काम करते हैं जो वायुमंडल में छोड़े गए कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, इसलिए यह निश्चित है कि बड़े पैमाने पर वनीकरण और पुनर्वनीकरण प्रयासों के माध्यम से ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निपटा जा सकता है।

इसके अलावा, हमारे कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करने के लिए परिवहन के सही साधनों जैसे पैदल चलना, बाइक चलाना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना या हाइब्रिड या इलेक्ट्रिक कारों को चलाकर इस जोखिम को कम किया जा सकता है। घरों में बिजली के अनावश्यक उपयोग को कम करना भी एक प्रभावी प्रक्रिया हो सकती है, ऐसे उपायों से ऊर्जा की बचत हो सकती है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। निस्संदेह, ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए परिवर्तनकारी, ठोस और निरंतर प्रयास की आवश्यकता है।

# भगवान पार्श्वनाथ हैं पुरुषार्थ एवं जीवंत धर्म की प्रेरणा

बचपन से ही पार्श्वनाथ चिंतनशील और दयालु थे। पार्श्व युवा हुए। इनका क्षत्रियत्व शौर्यशाली था। सभी विद्याओं में ये प्रवीण थे। एक बार अपने मामा की सहायता के लिए युद्ध किया। शत्रु को इन्होंने परास्त कर, उसे बंदी बना अपने शौर्य का परिचय दिया। उन्होंने अपने समय की हिंसक स्थितियों को नियंत्रित कर अहिंसा का प्रकाश फैलाया। यूं लगता है पार्श्वनाथ जीवन दर्शन के पुरोधा बनकर आये थे। उनका अतः से इति तक का पूरा सफर पुरुषार्थ एवं धर्म की प्रेरणा है।


ललित गर्ग

भगवान पार्श्वनाथ ने सत्य की तलाश में राज-वैभव को त्याग संसार में संन्यस्त हुए। उन्होंने कठिन तप तपा, वीतरागता तक पहुंचकर अपने जीये गये सच को भाषा दी। जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर के रूप में उन्होंने वास्तविक धर्म को स्थापित कर उपदेश दिया कि यदि धर्म इस जन्म में शांति और सुख नहीं देता है तो उससे पारलौकिक शांति की कल्पना व्यर्थ है। उन्होंने हमारी आस्था को नये आयाम दिये और कहा कि हमारे भीतर अनंत शक्ति है, असीम क्षमता है। इसलिए उन्होंने उपासनापरक और क्रियाकाण्डयुक्त धर्म को महत्व न देकर जीवंत धर्म की प्रतिस्थापना की। अज्ञान-अंधकार-आडम्बर एवं क्रियाकाण्ड के मध्य में क्रांति का बीज बन कर पृथ्वी पर विचरण करते हुए उन्होंने धर्म का सही अर्थ समझाया। पार्श्वनाथ के जीए गये वे सारे सत्य धर्म के व्याख्या सूत्र बने हैं, जिन्हें उन्होंने ओढ़ा नहीं था, साधना एवं तप की गहराइयों में उतरकर आत्मचेतना के तल पर पाया था। उनके धर्म का शाश्वत सन्देश यही है कि स्वयं के द्वारा स्वयं को खोजें।

भगवान पार्श्वनाथ तापस परम्परा में क्रांति-ज्वाला की तरह ऐसे प्रकट हुए, जैसे वर्षों तप में लीन रहने के बाद सहसा ज्ञान का तीसरा नेत्र खुल जाता है। उनका जीवन जहां तापस युग का अंत था तो दूसरे बौद्धिक साधना का प्रारम्भ। उनका जन्म आज से लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व पौष कृष्ण एकादशी के दिन वाराणसी में हुआ था, जो इस वर्ष 7 जनवरी 2023 को है। उनके पिता का नाम अश्वसेन और माता का नाम वामादेवी था। राजा अश्वसेन वाराणसी के राजा थे। जैन पुराणों के अनुसार तीर्थंकर बनने के लिए पार्श्वनाथ को पूरे नौ जन्म लेने पड़े थे। पूर्व जन्म के संचित पुण्यों और दसवें जन्म के तप के फलतः ही वे तेईसवें तीर्थंकर बने। पुराणों के अनुसार पहले जन्म में वे मरुभूमि नामक ब्राह्मण बने, दूसरे जन्म में वज्रघोष नामक हाथी, तीसरे जन्म में स्वर्ग के देवता, चौथे जन्म में रश्मिवेग नामक राजा, पांचवें जन्म में देव, छठे जन्म में वज्रनाभि नामक चक्रवर्ती सम्राट, सातवें जन्म में देवता, आठवें जन्म में आनंद नामक राजा, नौवें जन्म में स्वर्ग के राजा इन्द्र और दसवें जन्म में तीर्थंकर बने।

बचपन में पार्श्वनाथ का जीवन राजसी वैभव और ठाटबाठ में व्यतीत हुआ। जब उनकी उम्र सोलह वर्ष की हुई और वे एक दिन वन भ्रमण कर रहे थे, तभी उनकी दृष्टि एक तपस्वी पर पड़ी, जो कुल्हाड़ी से एक वृक्ष पर प्रहार कर रहा था। यह दृश्य देखकर पार्श्वनाथ सहज ही चीख उठे और बोले-'ठहरो! उन निरीह जीवों को मत मारो।' उस तपस्वी का नाम महीपाल था। अपनी पत्नी की मृत्यु के दुख में वह साधु बन गया था। वह क्रोध से पार्श्वनाथ की ओर पलटा और कहा- मैं किसे मार रहा हूं? देखते नहीं, मैं तो तप के लिए लकड़ी काट रहा हूं। पार्श्वनाथ ने व्यथित स्वर में कहा- लेकिन उस वृक्ष पर नाग-नागिन का जोड़ा है।



महीपाल ने तिरस्कारपूर्वक कहा-तू क्या त्रिकालदर्शी है? और पुनः वृक्ष पर वार करने लगा। तभी वृक्ष के चिरे तने से छटपटाता, रक्त से नहाया हुआ नाग-नागिन का एक जोड़ा बाहर निकला। एक बार तो क्रोधित महीपाल उन्हें देखकर कांप उठा, लेकिन अगले ही पल वह धूर्ततापूर्वक हंसने लगा। तभी पार्श्वनाथ ने नाग-नागिन को णमोकार मंत्र सुनाया, जिससे उनकी मृत्यु की पीड़ा शांत हो गई और अगले जन्म में वे नाग जाति के इन्द्र-इन्द्राणी धरणेन्द्र और पद्मावती बने और मरणोपरांत महीपाल सम्बर नामक दुष्ट देव के रूप में जन्मा। इस घटना ने पार्श्वनाथ की जीवन दिशा ही बदल दी और उनकी संसार के जीवन-मृत्यु से विरक्ति हो गई। उन्होंने ऐसा कुछ करने की ठानी जिससे जीवन-मृत्यु के बंधन से हमेशा के लिए मुक्ति मिल सके। वे सत्योपलब्धि की साधना में जुटें और जन-जन को रोशनी बांटी।

बचपन से ही पार्श्वनाथ चिंतनशील और दयालु थे। पार्श्व युवा हुए। इनका क्षत्रियत्व शौर्यशाली था। सभी विद्याओं में ये प्रवीण थे। एक बार अपने मामा की सहायता के लिए युद्ध किया। शत्रु को इन्होंने परास्त कर, उसे बंदी बना अपने शौर्य का परिचय दिया। उन्होंने अपने समय की हिंसक स्थितियों को नियंत्रित कर अहिंसा का प्रकाश फैलाया। यूं लगता है पार्श्वनाथ जीवन दर्शन के पुरोधा बनकर आये थे। उनका अतः से इति तक का पूरा सफर पुरुषार्थ एवं धर्म की प्रेरणा है। वे सम्राट से संन्यासी बने, वर्षों तक दीर्घ तप तपा, कर्म निर्जरा की, तीर्थंकर बने। जैन दर्शन के रूप में शाश्वत सत्यों का उद्घाटन किया। उनका संपूर्ण व्यक्तित्व एवं कृर्तित्व जैन इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। पार्श्वनाथ ने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे पदार्थ छोड़ परमार्थ की यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने जीवन शुद्धि के लिए कठोर तप किया। उनके तप में सादगी थी और जीवन शुद्धि का मर्म था। वास्तव में तप वही है जिसके साथ न प्रदर्शन जुड़ा है और न प्रलोभन। इसमें न केवल उपदेश काम करता है और न अनुकरण।

जीवन स्वयं एक तपस्या है। सुविधाओं के बीच सीमाकरण में रहना और अभावों के बीच तृप्ति को पा लेना भी तप है। प्रतिकूलताओं को समत्व से सह लेना, वैचारिक संघर्ष में सही समाधान पा लेना, इन्द्रियों को विवेकी बना लेना, मन की दिशा और दृष्टि को बदल देना भी तप है और ऐसे ही तप के माध्यम से पार्श्वनाथ न केवल स्वयं तीर्थंकर बने बल्कि जन-जन में ऐसी ही पात्रता को उन्होंने विकसित किया। उनकी साधना की कसौटी थी- शुद्ध आत्मा में धर्म का स्थिरीकरण। बिना पवित्रता धर्म आचरण नहीं बन सकता। जैसे-मुखौटों में सच नहीं छिपता, वैसे ही वासनाएं, कामनाएं, असत् संस्कार और असत् व्यवहार धर्म को आवरण नहीं बना सकता। इसलिए उपासना के इस बिन्दु से जोड़े कि धर्म मंदिर या पूजा पाठ में नहीं, धर्म मन के मंदिर में हैं। पार्श्वनाथ ने अहिंसा एवं सह-अस्तित्व का दर्शन दिया। अहिंसा सबके जीने का अधिकार है, उन्होंने इसे स्वीकृत किया। प्राचीन उद्घोष एक बार फिर से करते हुए उन्होंने जनता को संदेश दिया- 'सव्वे पाणा पियाउवा, सव्वे दुक्ख पडिकुला'- यानी सबको जीवन प्रिय है, दुख को कोई नहीं चाहता। पर हमने अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर प्रकृति पदार्थ, प्राणी और पर्यावरण को नकार दिया। तीर्थंकर पार्श्वनाथ भी उन धर्मनायकों एवं तीर्थंकरों में से ऐसे महापुरुष थे, जो धर्म नीतियों का प्रकाश संसार में लेकर आए और ऐसे जीवन मूल्यों की स्थापना की जिनके माध्यम से धर्म एक नये रूप में प्रस्तुत हुआ। इस धर्म दर्शन में जीवन के इर्द-गिर्द छिपी बाहरी ही नहीं, भीतरी परछाइयां भी रोशनी बनकर प्रस्तुत होती है। अच्छाइयों की सही पहचान होती है, अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बनता। पार्श्वनाथ ने जो कुछ कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। वे प्रणम्य बने अपनी तपस्विता एवं पवित्रता की बुनियाद पर। उनका सम्पूर्ण जीवन, आदर्श और सिद्धान्त मानवता के नाम आत्म-विकास की प्रेरणा है। भगवान पार्श्वनाथ हमारे लिए वंदनीय है। वे हमारे जीवन दर्शन के स्रोत हैं, प्रेरक आदर्श हैं।

# महिला अग्निवीरों की शिरकत से और सशक्त हुई भारतीय नौसेना

**नौसेना बलों की उपलब्धियां और राष्ट्र में उनके योगदान का वर्णन जितना किया जाए, उतना कम होगा। इसलिए भारत में ही नहीं, पूरे वर्ल्ड में हमारी नौसेना की वाहवाही होती है। इसलिए क्योंकि वह दिनों दिन अपने नए-नए प्रयोगों से नित नई ऊंचाइयां छू रही है। इस कड़ी में अब एक और नया अध्याय जुड़ गया है। नौसेना में आधी आबादी ने दस्तक दे दी है। इसी सीजन में एक हजार ‘अग्निवीर महिला सैनिक’ नौसेना में शामिल हुई हैं जिससे इस टुकडी की न सिर्फ ताकत बढ़ी, बल्कि उनके अनुशासन कार्यान्वयन में भी क्रांतिकारी परिवर्तन आना शुरू हुआ। नौसेना में पहली मर्तबा ‘नौसैनिक पोत’ पर महिला कमांडिंग अधिकारी को नियुक्त किया गया। सरकार का ये कदम निश्चित रूप से अकल्पनीय और सराहनीय है। महिला सशक्तिकरण में भारत ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया है।**



बहरहाल, आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण और जलीय निगरानी तंत्र में स्वदेशी जहाज, पनडुब्बी, आईएनएस विक्रांत, जलीय विमान, यूएवी यानी मानव रहित हवाई वाहन, हमारी नौसेना की ताकत हैं। उनकी सुरक्षा अभेद है। पलक झपकते ही दुश्मन को पानी में डुबोने की हिम्मत रखती है। नौसेना के इतिहास और आज के खास दिवस की बात करें, तो उसका एक सुनहरा युग हमने व्यतीत किया है। सन् 1971 के इंडो-पाक युद्ध के दौरान ‘ऑपरेशन ट्राइडेंट’ के शुरू होने की याद में हमारी सेना प्रत्येक वर्ष 4 दिसंबर को ‘नौसेना दिवस’ का पर्व मनाती है। इंडियन नेवी की पूर्ण स्थापना की जहां तक बात है तो श्रीगणेश 1612 में हुआ। जब ईस्ट इंडिया कंपनी ने ‘रायल इंडियन नेवी’ नाम से अपनी सेना बनाई थी। उस वक्त ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने कमर्शियल शिपों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर इस सैन्य का गठन किया था। पर, आजादी मिलने के बाद स्वतंत्र व्यवस्था ने 1950 में भारतीय नौसेना के रूप में पुनर्गठित कर दिया। नेवी डे समुद्री सीमाओं को सुरक्षित सहजने और जलीय ऑपरेशन व मिशनों को मुकम्मल करने के तौर पर भी याद किया जाता है। बंदरगाह की यात्राओं, विभिन्न देशों की नौसेनाओं के साथ संयुक्त अभ्यास, परोपकारी मिशनों, समुद्री किनारों को सुरक्षा देना और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को बनाए रखने की जिम्मेदारी भी इन्हीं कंधों पर होती है। नौसेना की अकल्पनीय भूमिका पर तो चर्चाएं होती ही है, उनकी देश भक्त निष्ठा जनमानस को सेना के प्रति आदर-सम्मान करना भी सिखाती है। देश का कोई ऐसा शख्स नहीं जिसे अपनी सेना पर गर्व न होता हो। नौसेना भारतीय सशस्त्र बलों की समुद्री प्रभाग है, जिसमें राष्ट्रपति कमांडर-इन-चीफ के रूप में कार्य करता है।

बहरहाल, नौसेना के समझ इस वक्त कुछ चुनौतियां खड़ी हुई है। वो चुनौती चीन दे रहा है। दरअसल, चीन हमारे समुद्री क्षेत्र में घुसपैठ करने की फिराक में कई समय से घात लगाए बैठा हुआ है। ये सच है कि सेना से वास्ता रखने वाली ज्यादातर सूचनाएं सार्वजनिक नहीं की जाती, इसलिए कि इंटरनल सुरक्षा का ख्याल रखा जाता है। फिर भी अगर कोई सूचना सेना द्वारा देशवासियों को दी जाए, तो समझ लेना चाहिए, मामला गंभीर है। नौसेना को सूचना मिली है कि हिंद प्रशांत में चीन कभी भी कोई बड़ी गड़बड़ी कर सकता है।

ये बात पिछले ही सप्ताह खुद नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बताई। मसला वास्तव में गंभीर है, हल्के में नहीं लिया जा सकता। चीन हिंद महासागर में अपनी सैन्य शक्तियों के माध्यम से भारतीय जलीय परिक्षेत्र में आक्रमण करने के मूड में है। हालांकि, कुछ एशिया देशों ने तो घुटने टेक भी दिए हैं। पाकिस्तान के जल क्षेत्र में वो खुलकर मनमानी कर रहा है। लेकिन उसकी भारतीय क्षेत्र में हिम्मत नहीं हो रही। उनको पता है भारतीय नौसेना उनका बुरा हाल कर देगी। भारतीय नौसेना दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी नौसेना मानी जाती है। इसलिए चाइना इंडियन नौसेना की ताकत को अच्छे से जानता-समझता है। जलीय महासागरों का इस्तेमाल किसी भी राष्ट्र की वैध आर्थिक आकांक्षाओं के लिए होता है। इस लिहाज से देखें तो चीन के पास आर्थिक गतिविधियों के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में मौजूद रहने का एक वैध कारण है। पर, हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय नौसैनिक शक्ति के रूप में, वहां क्या हो रहा है, इस पर भारतीय नौसेना अगर नजर रखती है तो चीन चिड़ता है। वो चाहता, उसकी कोई पहरेदारी न करे, समुंद्री संपदा पर दंबगई से राज करता रहे। पाकिस्तान, ताइबान, नेपाल आदि मुल्क शांत रहते हैं, वैसी ही उम्मीद चीन भारत से करता है। लेकिन, भारतीय नौसैनिक हमेशा चौकन्नी रहती है। चीन भी जानता है कि उनकी छोटी सी भूल पर ही भारतीय सैनिक उनको नेस्तनाबूद कर देंगे। इसलिए चीन फूंक-फूंक कर कदम रखता है।

भारतीय नौसेनिकों को जल प्रहरी भी कहा जाता है, क्योंकि वो जल मार्ग की सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद रहते हैं। वैसे, आज नौसेना दिवस पर चीन की निगाहें हमारी नौसेनिक प्रदर्शन पर गड़ी रहेगी। भारतीय नौसेना अपनी पश्चिमी कमान से लबरेज विभिन्न किस्म के जहाजों और नाविकों को इकट्ठा करके सामूहिक जश्न मनाएगी। उत्सव के दौरान, नौसेना दिवस की गतिविधियों का समन्वय पूर्वी नौसेना कमान, विशाखापत्तनम द्वारा होगा।

युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह के अलावा, नौसेना के उप-जहाज, विमान और अन्य बल एक व्यावहारिक प्रदर्शन में अपने कौशल और ऊर्जा का प्रदर्शन करेंगे। आज के दिन नौसेना अपने युद्धपोतों व विमानों को एर्नाकुलम में प्रदर्शनी महोत्सव आयोजित करके आम जनों को भी दिखाने का सुअवसर देती है जिसमें नेवी बॉल्स, नेवी क्वींस और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं।

# शादी में एक्स की मौजूदगी से हो सकता है बवाल, इसलिए सोच-समझकर करें उन्हें बुलाने का फैसला



शादी के बाद जिंदगी का सबसे अहम और खूबसूरत दौर शुरू होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या किसी को अपनी शादी में अपने एक्स बॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड को बुलाना चाहिए? इस सवाल का कोई सटीक या सही जवाब नहीं है। शादी में एक्स की मौजूदगी आपके खास दिन को बर्बाद कर सकती है, जो आमतौर पर होता भी है। इसलिए लोग एक्स को शादी में बुलाने के बारे में सोचते भी नहीं है। एक्स को शादी में बुलाने का फैसला सबका अपना व्यक्तिगत मामला है। इसलिए अगर आप शादी में एक्स को बुलाना चाहते हैं तो बुला सकते हैं। लेकिन ऐसा करने से पहले कुछ पहलु हैं, जिनपर आपको सोच-विचार करने के बाद ही फैसला लेना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं और शादी में एक्स की मौजूदगी से कुछ गड़बड़ होती है तो ये आपके शादीशुदा जीवन को ख़राब कर सकता है। अगर आपका और आपके एक्स का ब्रेकअप आपसी सहमति और सकारात्मक तरीके से हुआ था तो आप शादी में उन्हें बुलाने पर विचार कर सकते हैं। लेकिन अगर एक्स के साथ आपका रिश्ता बुरे मोड़ पर खत्म हुआ था तो ऐसे मामलों में सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। अगर आपके दिल में अभी भी अपने एक्स के लिए किसी भी तरह की फीलिंग है तो शादी में उन्हें नहीं बुलाना आपके लिए ठीक रहेगा। अगर आपको लग रहा है कि आपकी फीलिंग किसी भी चीज में अड़चन नहीं बनेगी तो भी हम आपको सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। शादी में एक्स की मौजूदगी आपको खुद से सवाल करने पर मजबूर कर सकती है, इसलिए सोच-समझकर फैसला करें। शादी में एक्स को बुलाने का फैसला जीवनसाथी से पूछे बिना न लें। एक्स से ज्यादा जरुरी वो हैं, इसलिए उनसे इजाजत जरूर लें। अगर उन्हें किसी भी तरह की आपत्ति है तो शादी में एक्स को बुलाने की जरूरत नहीं है। जब आप अपने साथी से ये सवाल करेंगे तब शायद वो मना नहीं करें। लेकिन आप उनके चेहरे के हाव-भाव से इस बात का अंदाजा लगाए और फैसला करें।

संकेत जो बताते हैं कि अपने मुंह मियां मिठ्ठू बनना ये मुहवरा तो आपने सुना ही होगा, बस इसका ही उदाहरण होते हैं नार्सिसिस्टिक यानी आत्ममुग्ध लोग। हममें से ज्यादातर लोगों के आसपास ऐसे जरूर कुछ लोग होंगे, जिन्हें अपने आगे कुछ सूझता ही नहीं। उनकी आदत होती है हर वक्त अपने आपको को बेहतर दिखाने की। उनकी दुनिया बस अपने ही इर्द-गिर्द घूमती है। खुद के मुंह से तो अपनी तारीफ करते ही रहते हैं, साथ ही दूसरों से भी अपनी जबरदस्ती तारीफ करवाते रहते हैं। ऐसे लोगों के साथ रहना चुनौती भरा हो सकता है। अगर आपका पार्टनर भी इस स्वभाव का है, तो उसके साथ जिंदगी बिताने का फैसला जरा सोच-समझकर लें। नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर एक अजीब सी मेंटल कंडीशन है। इस डिसऑर्डर में व्यक्ति खुद को बहुत आकर्षक समझता है और हर वक्त सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बने रहना चाहता है। बेमतलब के नखरे, ओवर कॉन्फिडेंस का दिखावा करके वो अपनी बात मनवाने की कोशिश करते हैं। आत्ममुग्ध लोगों की धारणा होती है कि वो इस दुनिया में बहुत ही स्पेशल हैं। उनकी हर इच्छा पूरी होनी चाहिए। इस सोच के चलते वो लोगों से लड़ाई करने में भी पीछे नहीं रहते। नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर का शिकार लोग हर वक्त तारीफ के भूखे रहते हैं। उन्हें अपनी तारीफ सुनकर अलग ही लेवल की संतुष्टि मिलती है। अगर आप खुद से उनकी तारीफ नहीं करते, तो वो किसी न किसी बहाने और बातों से ऐसा आपसे करवाते हैं। जैसा कि इन्हें अपने में ही रहना पसंद है, तो जाहिर सी बात है इन्हें दूसरों की फीलिंग्स से कोई मतलब नहीं होता। पार्टनर का ऐसा बिहेवियर आपके रिलेशनशिप के लिए खराब हो सकता है। क्योंकि इस तरह का व्यक्ति खुशी में या दुख में आपके बारे में नहीं, बल्कि अपने बारे में पहले सोचेगा, तो जरा सोचिए कहां ही झेल पाएंगे इन्हें। नार्सिसिस्टों लोगों का मानना होता है कि उन्हें एकदम स्पेशल ट्रीटमेंट मिलनी चाहिए क्योंकि वो दूसरों से अलग हैं और जब उनकी इस चाहत को सामने वाला व्यक्ति पूरा नहीं करता, तो जाहिर सी बात है वो नाराज होकर, जिद्द करके उससे ऐसा करवाते हैं।


## ट्रैफिक ब्लॉक्स के कारण रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं समय परिवर्तन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल के बाराबंकी – अयोध्या कैंट – अकबरपुर – जाफराबाद सैक्शन पर अयोध्या धाम जं. – अयोध्या कैंट – सालारपुर सैक्शन के ट्रैक दोहरीकरण कार्य के संबंध में नॉन इंटरलॉकिंग के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर निम्नानुसार प्रभावित होगीः–

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. व नाम | निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04241/42 मनकापुर–अयोध्या कैंट जं.–मनकापुर एक्सप्रेस विशेष | 08.01.2024 से 13.01.2024 तक |
| 04257/58 मनकापुर–अयोध्या धाम जं. –मनकापुर एक्सप्रेस विशेष | 08.01.2024 से 13.01.2024 तक |
| 04259/60 मनकापुर–अयोध्या धाम जं. –मनकापुर एक्सप्रेस विशेष | 08.01.2024 से 13.01.2024 तक |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. व नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशनों के बीच रद्द रहेगी | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 22129 लोकमान्य तिलक ट.–अयोध्या कैंट तुलसी एक्सप्रेस | सुलतानपुर तक | सुलतानपुर–अयोध्या कैंट | 07.01.2024, 09.01.2024 |
| 22130 अयोध्या कैंट –लोकमान्य तिलक ट. तुलसी एक्सप्रेस | सुलतानपुर से | अयोध्या कैंट–सुलतानपुर | 08.01.2024, 10.01.2024 |
| 22183 लोकमान्य तिलक ट.– अयोध्या कैंट साकेत एक्सप्रेस | सुलतानपुर तक | सुलतानपुर–अयोध्या कैंट | 10.01.2024 |
| 22184 अयोध्या कैंट –लोकमान्य तिलक ट. साकेत एक्सप्रेस | सुलतानपुर से | अयोध्या कैंट–सुलतानपुर | 11.01.2024 |
| 14231/32 प्रयागराजसंगम–बस्ती–प्रयागराजसंगम मनवर संगम एक्सप्रेस | अयोध्या कैंट से/तक | अयोध्या कैंट–बस्ती–अयोध्या कैंट | 08.01., 09.01., 10.01., 12.01. एवं 13.01.2024 |
| 04381/82 प्रयागराजसंगम–अयोध्या कैंट–प्रयागराजसंगम एक्सप्रेस विशेष | मसौधा से/तक | अयोध्या कैंट–मसौधा–अयोध्या कैंट | 08.01.2024 से 13.01.2024 तक |
| 22614 अयोध्या कैंट– रामनाथपुरम श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर से<br>मार्ग परिवर्तन सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–ज़फराबाद | अयोध्या कैंट–सुलतानपुर | 10.01.2024 |
| 22613 रामनाथपुरम –अयोध्या कैंट श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर तक<br>मार्ग परिवर्तन वाया ज़फराबाद–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर | सुलतानपुर–अयोध्या कैंट | 08.01.2024 |
| 22103 लोकमान्य तिलक ट.–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर तक<br>मार्ग परिवर्तन वाया ज़फराबाद–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर | सुलतानपुर–अयोध्या कैंट | 08.01.2024 |
| 22104 अयोध्या कैंट–लोकमान्य तिलक ट. सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर से<br>मार्ग परिवर्तन सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–ज़फराबाद | अयोध्या कैंट–सुलतानपुर | 09.01.2024 |

**रेलगाड़ी का मार्ग परिवर्तन वाया सुलतानपुर**

| रेलगाड़ी सं. व नाम | मार्ग परिवर्तन वाया | तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|
| 18103 टाटानगर–अमृतसर जालियानवालाबाघ एक्सप्रेस | ज़फराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 08.01.2024, 10.01.2024 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन वाया जंघई**

| | | |
|---|---|---|
| 18205 दुर्ग–नौतनवां एक्सप्रेस | प्रयागराज–जंघई–वाराणसी–वाराणसी सिटी–नौतनवां | 11.01.2024 |
| 18206 नौतनवां–दुर्ग एक्सप्रेस | नौतनवां–वाराणसी सिटी–वाराणसी–जंघई–प्रयागराज | 13.01.2024 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन वाया मऊ–गोरखपुर–गोंडा**

| | | |
|---|---|---|
| 13509 आसनसोल–गोंडा एक्सप्रेस | मऊ–गोरखपुर–गोंडा | 09.01.2024 |
| 13510 गोंडा – आसनसोल एक्सप्रेस | गोंडा–गोरखपुर–मऊ | 10.01.2024 |

**रेलगाड़ियों के मार्ग परिवर्तन पर संशोधन वाया गोरखपुर–शाँहगंज–जंघई–प्रयागराज**

| रेलगाड़ी सं. व नाम | मार्ग परिवर्तन पर संशोधन | तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|
| 12589 गोरखपुर – सिकंदराबाद एक्सप्रेस | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ–जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 10.01.2024 |
| 12590 सिकंदराबाद–गोरखपुर एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–फाफामऊ–जंघई–मड़ियाहूँ–जौनपुर–शाँहगंज–गोरखपुर | 11.01.2024 |
| 12591 गोरखपुर – यशवंतपुर एक्सप्रेस | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ–जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 13.01.2024 |
| 15023 गोरखपुर – यशवंतपुर एक्सप्रेस | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ–जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 09.01.2024 |
| 15024 यशवंतपुर – गोरखपुर एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–फाफामऊ–जंघई–मड़ियाहूँ–जौनपुर–शाँहगंज–गोरखपुर | 11.01.2024 |
| 15029 गोरखपुर – पुणे एक्सप्रेस | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ–जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 11.01.2024 |
| 15065 गोरखपुर – पनवेल एक्स. | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ–जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 08.01., 09.01, 11.01. एवं 12.01.2024 |
| 15066 पनवेल – गोरखपुर एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–फाफामऊ–जंघई–मड़ियाहूँ–जौनपुर–शाँहगंज–गोरखपुर | 08.01., 09.01, 10.01. एवं 12.01.2024 |
| 15067 गोरखपुर – बान्द्रा टर्मि एक्सप्रेस | गोरखपुर–शाँहगंज–जौनपुर–मड़ियाहूँ–जंघई–फाफामऊ–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 10.01.2024 |
| 15068 बान्द्रा टर्मि –गोरखपुर एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–फाफामऊ–जंघई–मड़ियाहूँ–जौनपुर–शाँहगंज–गोरखपुर | 12.01.2024 |

**रेलगाड़ी के प्रस्थान समय में परिवर्तन**

दिनांक 09.01.2024 **को गाड़ी सं. 14205** अयोध्या कैंट–दिल्ली जं. अयोध्या एक्सप्रेस, अयोध्या कैंट से सांयः 17:25 बजे के स्थान पर सांयः 18:25 बजे प्रस्थान करेगी

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

63/2024


# राजस्थान में जनता ने सिर्फ सरकार नहीं बदली बल्कि कांग्रेस को सबक भी सिखाया है



राजस्थान में कांग्रेस की हार के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस्तीफा दे दिया है और राज्यपाल कलराज मिश्र ने उनको अगली सरकार बनने तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने को कह दिया है। गहलोत के इस्तीफे का कारण यही है कि राजस्थान में राज बदल गया मगर रिवाज नहीं बदला। राज बदलते ही मुख्यमंत्री का इस्तीफा वाजिब था। हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कह रहे थे कि न तो राजस्थान में राज बदलेगा और रिवाज भी नहीं बदलेगा। उनका मतलब था कि कांग्रेस की सरकार फिर आएगी और हर पांच साल में सत्ता परिवर्तन का जो रिवाज है वह इस बार बदल जाएगा। मगर, ऐसा नहीं हो सका। राजनीति में वैसे भी नेता के मन का होता कहां है, होता तो आखिर वही है जो जनता चाहती है। जनता ने चाहा और राज बदल गया। कांग्रेस चली गई, और गहलोत भी जा रहे हैं। नई सरकार के शपथ लेते ही वे भी भूतपूर्व हो जाएंगे।

राजस्थान के राजनीतिक परिदृश्य को सही मायने में देखा जाए तो विधानसभा चुनाव के नतीजों में कुछ भी नया नहीं है। तीन दशक से राजस्थान में हर पांच साल में सरकार को घर बिठाने की परंपरा रही है। एक बार कांग्रेस तो दूसरी बार बीजेपी। बारी-बारी से दोनों पार्टियों को लोग सरकार में लाते रहे हैं। हालांकि, राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल में गहलोत ने समाज के हर वर्ग के लिए सरकार के खजाने खोल कर कुछ अलग तरह की जादूगरी दिखाने के सारे प्रयास किए, लेकिन उनके मंत्रियों व विधायकों के भ्रष्टाचार के कारण उनका जादू हर स्तर पर लगातार फेल होता ही नजर आया। हालांकि, गहलोत हर संभव कोशिश करते रहे। सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देकर एक बड़े वर्ग को साधने के लिए सरकार के दांव को परफेक्ट समझना कहीं न कहीं बड़ी गलती रही, क्योंकि सरकारी कर्मचारियों ने ही उनको वोट नहीं दिया। फिर महिला सशक्तिकरण के नाम पर योजनाओं और धन लक्ष्मी जैसी योजनाओं का भी असर ग्राउंड स्तर पर ज्यादा लाभकारी साबित नहीं हो सका, क्योंकि सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने वाले कार्यकर्ता कांग्रेस के पास नहीं थे। सही मायने में देखें, तो जनता को जो सबसे बड़ा लाभार्थी तबका, जिसको लेकर कांग्रेस आश्वस्त थी कि वह उसी को वोट देगा, वही साथ छोड़कर बीजेपी के साथ खड़ा हो गया और कांग्रेस उसे समझ भी नहीं सकी। राजस्थान में कांग्रेस के 30 विधायक कम पड़ गए हैं। पिछली विधानसभा में 99 थे मगर अब 69 ही जीते हैं। खास बात यह है कि कांग्रेस सरकार के 17 मंत्रियों सहित मुख्यमंत्री के 5 सलाहकार भी चुनाव हार गए हैं। ये सभी 17 मंत्री, गोविन्द राम मेघवाल, भंवर सिंह भाटी, रमेश मीणा, परसादी लाल मीणा, विश्वेन्द्र सिंह, प्रताप सिंह खाचरियावास, ममता भूपेश, शकुंतला रावत, राजेंद्र यादव, बीडी कल्ला, सालेह मोहम्मद, राम लाल जाट, सुखराम विश्नोई, उदयलाल आंजना, जाहिदा खान, प्रमोद जैन भाया और भजन लाल जाटव राजस्थान सरकार में काफी महत्वपूर्ण विभाग के मुखिया थे तथा गहलोत सरकार के ताकतवर नेता थे। मगर प्रदेश की जनता ने उन्हें हरा दिया। इनके अलावा विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी और पूर्व मंत्री रघु शर्मा भी चुनाव हार गए। यह बेहद चौंकाने वाली बात है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जो सरकार अपने विकास व जनसेवा के कार्यों को जबरदस्त अभियान के तहत जनता तक ले गई, उसी सरकार के 17 मंत्री, 5 सलाहकार व दस बड़े नेता चुनाव हार गए। देखा जाए, तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने इस बार के 5 साल के कार्यकाल में सबसे पहले तो अपने साथी सचिन पायलट से जूझते रहे, फिर लगभग डेढ़ साल तक कोरोना से जूझे, एक के बाद एक घोषणाओं और योजनाओं के दौर चले। जमता को अपनी योजनाओं से लाभ पहुंचाने की कोशिश करते हुए वे अपनी सरकार बचाने के भी हर कोशिश करते रहे। इसे इन शब्दों में भी कहा जा सकता है कि गहलोत ने एक तरह से अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया, जिसके लिए उन्होंने सरकारी खजाने के खाली होने की भी परवाह नहीं की। खासकर एक के बाद एक योजनाओं के जरिए महिला सशक्तिकरण और पिछड़े इलाकों के विकास के लिए जमीनी स्तर पर काम भी बहुत बड़े पैमाने पर किया गया। मगर कांग्रेस को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर उससे चूक कहां हो गई, जो राजस्थान की जनता उसके बजाय बीजेपी को बहुमत देकर उसके साथ खडी हो गई। राजस्थान में कांग्रेस को सत्ता से खदेड़ने के कारण तलाशे जा रहे हैं। क्या कांग्रेस की अंदरूनी कलह पार्टी के लिए बुरी हार का कारण बनी, या पार्टी का लचर संगठन हारने के लिए जिम्मेदार रहा, या फिर राज्य की जनता को नए नेतृत्व की चाह थी। क्या बाबा बालकनाथ के नाम पर यूपी की तरह राजस्थान में भी योगी फैक्टर चला या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता का अटूट विश्वास था और या फिर वसुंधरा राजे पर एक बार फिर लोगों ने विश्वास जताया। कांग्रेस समझ ही नहीं पा रही है कि उसको सत्ता से बेदखल क्यों होना पड़ा। इन सारे ही सवालों में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर क्यों इतना सब करने के बाद भी कांग्रेस की हालत इतनी खराब हुई। दरअसल कांग्रेस की अंतर्कलह से प्रदेश की जनता खुद ही परेशानी में थी। लगातार 5 साल तक सचिन पायलट के सीएम बनने के सपने ने कांग्रेस को जिस कलह तक पहुंचाया, और गहलोत के कुर्सी बचाने के द्वंद्व को इतना ताकतवर बना दिया कि गहलोत जैसा सहज, सरल व सदाशयी नेता भी जनता को पदलोलुप नजर आने लगा। इस चुनाव से पहले गहलोत की छवि ऐसी कभी नहीं रही। फिर, सबसे बड़ा कारण रहा उनके मंत्रियों व विधायकों के भारी भ्रष्टाचार का, बीजेपी ने हर स्तर पर कांग्रेस के भ्रष्टाचार को लोगों तक पहुंचाया व यह सुनिश्चित किया कि लोग उस हर बात को समझें कि कांग्रेस के भ्रष्ट विधायक जनता को किस तरह से लूट रहे हैं। उधर, सरकार भी जनता के काम व परेशानियों को भूल कांग्रेस के अंदरूनी झगड़े को सुलझाने में वक्त जाया करती रही, इसका सीधा फायदा बीजेपी को हुआ। कांग्रेस की हार का एक जो सबसे बड़ा कारण रहा, वह यह भी कहा जा सकता है कि राजस्थान के चुनाव में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का कोई उत्साह नहीं दिखा। राहुल गांधी तो बोलते बोलते अपनी ही पार्टी की सरकार के जाने तक की बात बोल गए थे। हालांकि राहुल के कहने से राजस्थान में वोट नहीं पड़ते, पर वे भी निराशा में प्रचार करने ऐन मौके पर ही पहुंचे। कांग्रेस का प्रचार अभियान जनता में जोर पकड़ ही नहीं सका, क्योंकि उसके सारे बड़े नेता अपनी सीट बचाने में ही उलझे रहे। मगर, चुनाव से कुछ समय पहले लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों ने भी बीजेपी के पक्ष में जबरदस्त हवा बनाई। जबकि कांग्रेस एक कदम पीछे दिखी और पार्टी के बड़े नेताओं की गैर मौजूदगी लोगों को हर स्तर पर परेशान करती रही और लगने लगा कि कांग्रेस हार रही है, जोकि सही साबित हुआ और राजस्थान में कांग्रेस बुरी तरह हार गई।

# खलनायक क्रिकेट क्लब ने 56 रनों से बलरामपुर क्रिकेट क्लब से जीता मैच

**अवधनामा संवाददाता**

**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 सीजन 2 का अंतिम लीग मैच शनिवार को खेला गया। जिसमें खलनायक क्रिकेट क्लब भैसहवा तथा बलरामपुर के बीच मैच खेला गया। जिसमें खलनायक क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और निर्धारित 12 ओवरों में चार विकेट खोकर कुल 175 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जिसके जवाब में जीत के लिए 176 रनों का लक्ष्य लेकर उतरी बलरामपुर की टीम 11 ओवरों में 2 गेंदों में ही आल आउट हो गई और खलनायक ने 56 रनों से मैच जीतकर टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। खलनायक क्रिकेट क्लब के लालू ने 36 रन बनाकर 4 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। जिसके लिए उन्हें चांदी का सिक्का इनाम दिया गया। वहीं खलनायक के आलम गीर ने 8 छक्के और 3 चौके की मदद से नाबाद रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया तो वहीं 7 छक्के और 1 चौके की मदद से बलरामपुर के जहीर ने 56 रन बनाकर नाट आउट रहते बेहतर प्रदर्शन किया परंतु अपनी जीत नहीं दिला पाए। इस दौरान व्यापार मण्डल अध्यक्ष बर्डपुर राजकमल जायसवाल, आयोजक नितेश पाण्डेय, अध्यक्ष अमित उपाध्याय, अखिलेश जयसवाल, विनय वर्मा, विवेक गोस्वामी, शिवकुमार यादव,ओंकार यादव, सुनील जायसवाल, संतोष उपाध्याय, जाकिर हुसैन, वसीम खान, धर्मेंद्र कुमार, अरुण जयसवाल, राकेश कुमार मिश्रा, नौशाद अहमद, शहजाद अहमद, राम बाबू, संदीप कुमार, विशाल कुमार, अबू शामा खान, कंचन वर्मा सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# महोत्सव पंडाल में गूंजा ध्रुपद व पखावज की संगत का स्वर

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** इटावा महोत्सव पंडाल में संस्कार भारती के संयोजन में शुक्रवार रात मेरी माटी मेरा देश सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति हुयीं। संस्कार भारती के ध्येय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नारायण कॉलेज आफ साइंस एवं आर्ट के छात्रों के समूह द्वारा मां सरस्वती की मनोहारी वंदना प्रस्तुत की गई, मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की स्तुति व नारी सशक्तिकरण एवं वंदन को केंद्रित प्रस्तुति जेएसकेजी पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्राओं द्वारा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न समूहों के कलाकारों के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के नायक अमर शहीद मंगल पांडेय, कान्हा के साथ गोपियों की ब्रज की पारंपरिक होली, भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप आदि की मनोहारी प्रस्तुतियां की गई। इटावा महोत्सव पंडाल के ऐतिहासिक मंच पर गमक, लय और ताल का अनोखा समन्वय कानपुर से आये राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त विश्वविख्यात ध्रुपद गायक पं.डा.विनोद कुमार द्विवेदी एवं उनके सुपुत्र आयुष द्विवेदी ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की सबसे प्राचीनतम गायन शैली विधा ध्रुपद प्रस्तुत करके सभी को भाव-विभोर कर दिया। उनके साथ पखावज पर पं दीनदयाल तिवारी ने बहुत ही कुशल संगति की। डॉ.द्विवेदी ने अपने गायन की शुरुआत राग यमन में पारंपरिक चार खंड की आलाप चारी की। चौताल में स्वरचित रचना नमों नमों भारत भूमि, शस्य श्यामला विमला...तथा सूल ताल में मेरी माटी मेरा देश प्रसंग को समर्पित चंदन रज कण कण भारत माता का ...प्रस्तुत करके सभी को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। शहीदों को समर्पित एक स्वरचित रचना शहीदों नमन है तुम्हें बार बार...राग अहीर भैरव में प्रस्तुत किया। राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर स्वरचित भजन जहाँ राम ने जन्म लिया ऐसी भूमि महान है...तथा जग असार में सार रसना,, हरि हरि बोल...गाकर सारा वातावरण राममय कर दिया। सुधी श्रोताओं ने प्रत्येक प्रस्तुति के बाद तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक यशवीर एवं प्रशांत राव चौबे जिला महामंत्री भाजपा द्वारा संगीत प्रशिक्षक नमिता तिवारी, संदीप यादव, कृष्ण कुमार एवं मृदुल शर्मा आदि का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम संयोजक अश्वनी कुमार मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया।





### कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद

**इटावा।** कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी, प्राचार्य डा.शैलेंद्र कुमार शर्मा, डॉ पदमा त्रिपाठी, आचार्य महेश चंद्र तिवारी, कमलाकांत त्रिपाठी, हरिदत दीक्षित, अनुपम चौधरी, राजेश बाजपेयी, राजीव कुमार मिश्रा, तरुण बाजपेयी, जिला संपर्क प्रमुख अजय दीक्षित, पर्यावरण विभाग सह प्रमुख एड.महेंद्र सिंह चौहान, संस्कार भारती उपाध्यक्ष डॉ ज्योति भदौरिया, नरेंद्र वर्मा, सौरभ सक्सेना, गोपाल तिवारी, के.के.मिश्रा एडवोकेट, सौरभ त्रिपाठी, दुष्यंत चतुर्वेदी, रोहित चौधरी, अनुराग चौधरी, रामकुमार दुबे, राम मनोहर दीक्षित, प्रखर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष इन्द्र नारायण पांडेय एवं अश्वनी कुमार मिश्र ने किया।

# जायंट्स ग्रुप सहेली ने शीत लहर से बचाव के लिए अलाव जलाए



**इटावा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली ने रेलवे स्टेशन पर रैन बसेरा पर अलाव जलाया। जायंट्स ग्रुप द्वारा प्रत्येक वर्ष स्टेशन पर अलाव जला कर यात्रियों व गरीबों की सहायता की जाती है। अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सैना द्वारा अलाव जलाया गया।अलाव में विशेष सहयोग पूनम तिवारी ने किया।डीओए प्रतिभा सिंह, डीओएफ विमल शर्मा, उर्वशी, क्षमा दीक्षित, मालती दीक्षित, मनोरमा पोरवाल, कमलेश शर्मा, अलका, खुशबू पाठक, बीना चौहान, सावित्री अग्रवाल, नीलमा श्रीवास्तव, संध्या अग्रवाल, हेनू व रमा शामिल रहे।इस अवसर पर उर्वशी ने शीत लहर से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए अलाव जलाने के कार्य की सराहना की और कमलेश ने बिस्कुट का वितरण किया।

# राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा से रखी जायेगी हिन्दू राष्ट्र की नीवः महंत साक्षी गिरी

**अवधनामा संवाददाता**

**वृंदावन (मथुरा)।** अयोध्या में हिंदुओ के आराध्य राम जी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संत समाज में उत्साह का माहौल बना हुआ है। संत समाज अपने आराध्य को भवन में विराजमान होते हुए देख अपने उत्साह को बया नही कर पा रहे हैं। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महंत साक्षि गिरी जी महाराज का कहना हैं पांच सौ वर्षो के अथक प्रयास और हजारों राम भक्तो के बलिदान के बाद आज यह पुन्य दिवस अपने नेत्रों से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, इस घड़ी का इंतजार करते हुए हमारे पूर्वज चले गए आज हम इस शुभ घड़ी को एक ऐसा माहौल तैयार करें जिसकी चर्चा स्वर्ग में विराजमान हमारे पूर्वजों तक पहुंच सके। इस अवसर को एक ऐतिहासिक पल बनाने हेतु अपने घरों को ही राम मंदिर बना कर भगवान का पूजन अर्चन कर परिवार के सहित दीपदान कार्यक्रम आयोजित करें। परम पूज्य महंत साक्षी गिरी जी महाराज पंच दशनाम जूना अखाड़ा द्वारा अपने भक्तो और हिंदू समाज से कहा कि इस अवसर पर विश्व को संदेश जाना चाहिए कि भारत हिन्दू राष्ट्र जल्द घोषित हो कर रहेगा राम मंदिर मै भगवान राम के विराजमान होते ही भारत को विश्व गुरु बनने से भी कोई नही रोक सकता। महंत साक्षी गिरी महाराज ने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा ऐसी मंगल घड़ी में गौमाता को भी राष्ट्र माता घोषित और रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित कर हिंदुओ की भावनाओ का सम्मान करना चाहिए। परम पूज्य गुरुदेव अंतर्राष्ट्रीय सभापति महंत प्रेम गिरी जी महाराज इस अवसर को अपने नेत्रों से देखना अपना परम सौभाग्य और पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद मान कर प्रफुल्लित हो रहे हैं।

# धोखाधड़ी से कराया बैनामा, कार्रवाई की मांग

- भारतीय किसान मजदूर दलित संगठन ने दिया धरना

**अवधनामा संवाददाता**



कलेक्ट्रेट में अपने साथ धोखाधड़ी की जानकारी देता राजबहादुर एवं मौजूद किसान

**इटावा।** किसान की जमीन का धोखाधड़ी से बैनामा करा लिए जाने के मामले को लेकर भारतीय किसान मजदूर दलित संगठन ने बैनर तले जिले भर से आए किसानों ने कलेक्ट्रेट में धरना दिया। किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कौशल कुमार को सौंपा। इस ज्ञापन में भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

संगठन के जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार बाथम ने बताया कि तहसील इटावा के ग्राम नगला खरगौली निवासी राजबहादुर पुत्र सोबरन की गाटा संख्या 513 में दर्ज कृषि भूमि का भूमाफियाओं ने पहले एग्रीमेंट कराने के बहाने तहसील ले जाकर सीधा बैनामा करा लिया। किसान राजबहादुर पढ़ने लिख नहीं पता इसलिए उसे सच्चाई की जानकारी नहीं हो सकी। बाद में अन्य गांव वासियों की तरफ से उसे भूमि का बैनामा करा लिए जाने की जानकारी दी गई। भूमाफियाओं ने उसके साथ धोखाधड़ी कर भूमि को हड़पने की साजिश की है। यदि भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो किसान का पूरा परिवार आत्महत्या करने को मजबूर होगा। भारतीया किसान मजदूर दलित संगठन ने किसान को न्याय दिलाने की लड़ाई शुरू की है आगे और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धरने में राष्ट्रीय संयोजक रामनरेश यादव, सचिव श्याम सिंह कुशवाहा, नरेश चंद्र गोयल, जिला अध्यक्ष औरैया प्रमोद यादव आदि किसान सम्मलित हुए।

# फाइनेंस कर्मी से लूट के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** माइक्रो फाइनेंस कर्मी से हुई लूट की घटना के दो आरोपी पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए हैं। जबकि एक साथी रात के अंधेरे में भाग निकलने में सफल रहा। पुलिस ने भागे हुए साथी की पहचान सुनिश्चित की है और उसकी गिरफ्तारी की दबिश दी जा रही है। थाना छाता पुलिस व स्वाट टीम के साथ बदमाशों की मुठभेड़ पांच जनवरी की रात्रि में कीरब 10 बजे हुई। माइक्रोफाइनेंस कर्मी से मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों द्वारा 1, 000 रूपये की लूट 28 दिसंबर 2023 को बिडावली गांव के पास कर ली गई थी। जिसमें प्रकाश में आए अभियुक्त बबलू के अपने साथियों के साथ ग्राम बिडावली आने की सूचना मिलने पर थाना छाता पुलिस और स्वाट टीम द्वारा अकबरपुर तरौली रोड पर पिल्होरा बंबा पर घेराबंदी करने के दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों द्वारा पुलिस पर जानलेवा हमला किया गया। जिसके जवाब में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर करने पर दो बदमाश पैर में गोली लगने के कारण घायल होकर गिर गए जबकि एक बदमाश मोटरसाइकिल सहित चौमुंहा की तरफ भागने में सफल रहा। घायल बदमाश जगदीश सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी नबीपुर थाना हाईवे मथुरा के कब्जे से एक तमंचा, खोखा कारतूस तथा लूट के 12,300 और दूसरे घायल बदमाश अनिल पुत्र प्रीतम ठाकुर निवासी ग्राम उसपार थाना हाईवे मथुरा के कब्जे से एक तमंचा, खोखा कारतूस तथा लूट के 11,700 रुपये बरामद हुए।

# केएम विश्वविद्यालय के चांसलर ने अपना 47वां जन्मदिन पर किया महायज्ञ

- भाजपाईयों सहित विवि, मेडीकल कालेज और हास्पिटल के समस्त स्टाफ के बीच कुलाधिपति ने काटा केक
- वृद्ध गौ-माता श्यामा की स्मृति में आयोजित महायज्ञ में डाली पूर्णाहूति

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** भाजपाईयों सहित केएम विश्वविद्यालय, एम हास्पिटल ने आज जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम कुलाधिपति(चासंलर) का 47वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने वृद्ध गौ-माता की स्मृति में महायज्ञ एवं महाभोज का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर विवि, मेडीकल कालेज एवं हॉस्पिटल के डाक्टर तथा स्टाफ की मौजूदगी में विवि के कुलाधिपति ने केक बांट कर जन्मदिन मनाया। गौरतलब हो कि 1976 में मथुरा नगर के पाली डूंगरा गाँव में श्री मोहन सिंह के घर किशन चौधरी ने जन्म लिया था, गरीबी के माहौल में रहकर अपनी शिक्षा को पूर्ण करते हुए अथक प्रयासों के बाद एस एम डिग्री कॉलेज और फिर कृष्ण मोहन मेडीकल कालेज का शुभारंभ किया, तदुपरांत कड़ी मेहनत करते करते आज केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में अपनी ख्याति बनायें हुए हैं। सनातन संस्कृति की पोषक गाय माता श्यामा को सेवा के भाव से लेकर आए उनका पालन पोषण किया। उसी गाय का 12 दिन पूर्व शरीर पूरा हो गया जिसके के लिए आज कुलाधिपति किशन चौधरी ने अपने जन्मदिवस को गौ-माता श्यामा की स्मृति में महायज्ञ एवं महाभोज का आयोजन किया। केएम विवि द्वारा कुलाधिपति के जन्मदिन को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन भी लेक्चर थियेटर में किया गया, जिसमें विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी का वाईस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो वाईस चान्सलर डॉ शरद कुमार अग्रवाल, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, मेडीकल सुपरिटेंट आरपी गुप्ता ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंस डीन डॉ धर्मराज सिंह ने कुलाधिपति के जीवन पर आधारित स्मृतियों को चलचित्र में दर्शाते हुए सभी को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को बताया। जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम से अभिभूत होकर श्रीचौधरी ने कहा कि मैंने अपना जीवन मजदूर बनकर जिया है, जीवन के 47 वर्ष कब पूर्ण हो गए, जिसका मुझे पता भी नहीं चला। विश्वविद्यालय एवं मेडीकल छात्र-छात्राओं एवं प्रोफेसरों द्वारा किए गए इस कार्य के लिए मैं सभी का आभार देता हूं।

## फंदे से लटका मिला हिमाचल की युवती का शव

**मथुरा।** हिमाचल से नौकरी की तलाश में मथुरा आई युवती का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरा अंदर से बंद था। युवती ने यहां एक इंजीनिरिंग कॉलेज में साक्षातकार दिया था। बताया जा रहा है कि उसे साक्षातकार के बाद नौकरी भी मिल गई थी, लेकिन ज्वाइनिंग करने से पहले ही यह घटना सामने आई। पुलिस ने मृतक युवती की पहचान शालिनी महाजन निवासी देहरा, पोस्ट अटवाड़, जिला विलासपुर हिमांचल प्रदेश के रूप में की है। शनिवार को शालिनी को नौकरी भी ज्वाइन करनी थी। शहर कोतवाली क्षेत्र की कृष्णा विहार कालोनी स्थित ब्रजमोहन पहलवान टावर की तीसरी मंजिल पर वह 20 दिसंबर से युवती एक कमरे में रूकी थी। दरवाजा तोड़कर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है।

# ऑपरेशन जागृतिः विभिन्न थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश भर में चलाए जा रहे जागृति अभियान के तहत मथुरा में भी सभी थाना क्षेत्र में यह अभियान अनवरत जारी है जिसके तहत छात्राओं बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ऑपरेशन जागृति अभियान के अन्तर्गत थाना गोविन्दनगर पुलिस द्वारा ऑपरेशन जागृति÷ कार्यक्रम आयोजित कर किया गया जागरूक। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन,, आगरा द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में 6 जनवरी ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत थाना गोविन्दनगर पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन जागृति कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं, बालिकाओं व संभ्रांत व्यक्तियों को जागरूक किया गया। ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रियान्वयन उद्देश्य एवं अभियान को सफल बनाने के संबंध में साइबर अपराध, बालिकाओं को साइबर हिंसा/यौन शोषण से बचाव हेतु जागरूक व सचेत करना, पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरूक व सचेत करना, किशोर/किशोरियों के साथ हेल्दी रिलेशनशिप व जीवनशैली पर अभिभावकों को जागरूक करना, महिलाओं/ बालिकाओं को अपने अधिकारों व सुरक्षा के बारे में समझ व जागरूकता पैदा करना। समुदाय को झूठे मुकदमों से होंने वाली क्षति के बारे में जागरूक करना व ऐसे मामलों में कमी लाना। विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों का दुरुपयोग के प्रति लोगों को सचेत करना।

ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम के शनिवार को ÷ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत थाना राया पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन जागृति कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं, बालिकाओं व संभ्रांत व्यक्तियों को जागरूक किया गया। ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में 6 जनवरी को ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन जागृति कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं, बालिकाओं व संभ्रांत व्यक्तियों को जागरूक किया गया।

# कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटेंः आदित्य

- संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत बनाने की आवश्यकता हैः अभिषेक यादव
- समाजवादी पार्टी जिला कार्य समिति की मासिक बैठक में बोले

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** समाजवादी पार्टी जिला कार्य समिति की मासिक बैठक शनिवार को सभागार जिला पंचायत में सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि रूप से अध्यक्ष जिला पंचायत अभिषेक यादव इटावा जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष आदित्य यादव अंकुर पधारें। सर्वप्रथम सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप प्रदीप शाक्य बबलू ने दोनों अतिथियों को बुके भेंट कर सम्मानित किया, तत्पश्चात बैठक की कार्रवाई प्रारंभ हुई। बैठक को संबोधित करते हुये आदित्य यादव अंकुर अध्यक्ष जिला कोऑपरेटिव बैंक ने कहा कि कार्यकर्ताओं को पूरी ईमानदारी के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए, उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव में फतह हासिल करने के लिए विस्तार से रणनीति समझाइ। अभिषेक यादव अध्यक्ष जिला पंचायत इटावा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने पदाधिकरियो को जिम्मेदारी सौंपी, उन्होंने कहा जहां हमारी आवश्यकता हो हम आपके कंधे से कंधा मिलकर चलेंगे और कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में कहीं कमी नहीं आने दी जाएगी। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने दोनों मुख्य अतिथियों को अस्वस्थ करते हुए कहा कि जिला संगठन पूरी ताकत के साथ बूथ पर कार्य कर रहा, हमारे पदाधिकारी सजग हैं, बूथ कमेटियों की विस्तार से समीक्षा की गई। शीघ्र गठन के लिए पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंप गई। बैठक को विस्तार से पूर्व मंत्री राम सेवक यादव, पूर्व मंत्री अशोक यादव, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया सदस्य प्रदेश कार्यसमिति मनीष यादव, पूर्व सदस्य जिला पंचायत आशीष राजपूत, जितेंद्र दोहेरे, आनंद यादव अनीता यादव सीमा यादव उमेश राजपूत, के के यादव, मोहम्मद अल्ताफ , जय सिंह चौहान, अश्वनी त्रिपाठी अनिल प्रताप यादव सत्यवती यादव,वेंश शाक्य लाखन सिंह जाटव चंदन सिंह बघेल वीरभान सिंह भदोरिया बृजेंद्र यादव राघवेंद्र पुजारी कुलदीप गुप्ता नफ़ीसुल हसन अंसारी केपी, आशीष पटेल शाक्य, फुरकान अहमद, अनवर हुसैन, विक्की गुप्ता, अवधेश सविता, शम्भू दयाल दोहरे, राज किशोर भोजवाल, राजीव दुबे, रवि शंकर यादव, उत्तम सिंह प्रजापति, विद्याराम यादव, राकेश यादव शंभू दयाल दोहरे, रनजीत सिंह राठौर मीरा गुप्ता अमित सोनी जिलाध्यक्ष सीमा यादव, रामवीर यादव, अरबिंद बघेल, टंटी यादव, राहुल गुप्ता, हरिओम यादव, सुरेन्द्र बाबू जी, सत्यनारायण शंखबार, लंकू यादव, राजीव यादव, आदित्य गोविंद संतोष शाक्य राहुल गुप्ता अजेंद्र गौड़, सुशील पाल, उपदेश मिश्रा, राकेश यादव, महिपाल सिंह, ब्रजेन्द्र यादव आदि ने आगामी लोकसभा चुनाव को जुझारू बनाए जाने के संबंध में विस्तार से रणनीति समझाइ। बैठक का संचालन मयंक बिधौलिया ने किया।

# पूर्व पार्षद को अदालत ने किया भगोड़ा घोषित

**अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पार्षद पद पर फर्जी धनगर जाति प्रमाण पत्र से 2017 में लड़ा था चुनाव**

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** फर्जी अनुसूचित जाति धनगर के प्रमाण पत्र से पाल बघेल गडरिया जाति के व्यक्ति के द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन के वार्ड 10 अडुकी से पार्षद का चुनाव लड़ा था चुनाव जीतने के बाद इस मामले की शिकायत और कार्रवाई के बाद जाति प्रमाण को फर्जी पाते हुए चुनाव को कैंसिल कर दिया गया । फर्जी जाति प्रमाण पत्र से चुनाव लड़ने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की गई। जिसमें तत्कालीन क्षेत्राधिकारी रिफायनरी विवेचक ने धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। जिस पर न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किए हुए थे। जिनकी तामिली नहीं होने की स्थिति में पूर्व पार्षद को भगोड़ा घोषित करते हुए पुनः गैर जमानती वारंट जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार स्पेशल एससी एसटी न्यायालय मथुरा ने सुरेश चंद्र बघेल उर्फ सुरेश धनगर पुत्र पुत्र किशन सिंह निवासी अडुकी थाना हाईवे के विरुद्ध विगत दिन गैर जमानती वारंटो के बावजूद न तो पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया और ना ही स्वयं आरोपी ने अदालत में आत्मसमर्पण किया। इसको गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने आरोपी को भगोड़ा घोषित करते हुए पुनः गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। ज्ञात रहे की जुलाई 2023 से लगातार सुरेश चंद्र बघेल के विरुद्ध गैर जमानती वारंट अनवरत जारी हैं इलाका पुलिस धनवल और राजनीतिक प्रभाव के चलते अदालती बारंटो को नजर अंदाज करते हुए आरोपी सुरेश चंद्र बघेल को पूरा संरक्षण प्रदान किए हुए हैं। इस संबंध में मुकदमे के वादी सत्यनारायण पुत्र तेजी राम निवासी अडुकी थाना हाईवे मथुरा ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अपराध के कार्यालय में उनसे मुलाकात कर एक प्रार्थना पत्र के साथ गैर जमानती वारंट और भगडा घोषित करने की कार्रवाई की नकल को संलग्न करते हुए मुलाकात कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अपराध ने वादी के प्रार्थना पत्र पर आदेश के अलावा थाना प्रभारी निरीक्षक को फोन करके भी त्वरित कार्यवाही करने के आदेश दिए। इस संबंध में समाचार पत्र प्रतिनिधि ने प्रभारी निरीक्षक को फोन कर इस संबंध में उनसे जानकारी की गई तो उन्होंने ऐसे किसी मामले की जानकारी न होने की बात कही, जब उन्हें यह स्मरण कराया गया की आपको पुलिस अधीक्षक अपराध के द्वारा फोन करके कार्रवाई के निर्देश दिए थे। तब उन्होंने कहा फोन तो आया था वारंट आया है कि नहीं कार्यालय में दिखवाता हूं। प्रभारी निरीक्षक का गैर जिम्मेदाराना जवाब से यह स्पष्ट है कि वह अदालत के वारंट और विशेष कर एससी-एसटी के मामलों में एक तरह से लापरवाह बने हुए हैं जबकि आरोपी को कचहरी परिसर और अपने घर पर देखा जा रहा है और आज भी अपनी पूर्व दिनचर्या के अनुरूप बिना कानून और पुलिस की भय के खुलेआम घूम रहा है। यहां प्रश्न यह है की क्या थाना हाईवे पुलिस अदालत से भगोड़ा घोषित हुए गैर जमानती वारंटी सुरेश चंद्र बघेल को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पाएगी।

**मथुरा में भी हो लेखपाल, अमीन और ग्राम पंचायत अधिकारियों की आय से अधिक सम्पत्ति की जांच**

# शासन ने अलीगढ़ मंडल में दिए जांच के आदेश

- कासगंज में होरही आय से अधिक अर्जित संपत्ति की जांच

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** कर्मचारियों की लूट का शिकार मथुरा भी सर्वाधिक रहा है। सीएम मथुरा में भी लेखपाल, अमीन और ग्राम पंचायत अधिकारियों की सम्पत्ति की जांच कराएं तो काला चिट्ठा सामने आ जाएगा। शासन ने अलीगढ़ मंडल में लेखपालों ब अमीनों की आय से अधिक अर्जित संपत्ति की जांच के आदेश किए हैं, अपुष्ट सूत्रों ने इस खबर की जानकारी देते हुए बताया है कि खासकर कासगंज के राजस्व विभाग के लेखपाल और अमीनों को विशेष रूप से इंगित किया गया है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अलीगढ़ मण्डल के आयुक्त को आय से अधिक संपत्ति अर्जित मामले में निर्देश दिए गए हैं कि कासगंज जनपद के राजस्व विभाग में कार्यरत लेखपालों एवम् अमीनों द्वारा अर्जित संपत्ति की जांच जारी है हालांकि इन कर्मचारियों के लिए मानव संपदा पोर्टल खोला गया है, जिसमें कर्मचारी की नियुक्ति, शैक्षिक योग्यता, स्थानांतरण, चरित्र पंजिका का लेखा जोखा के अतिरिक्त अचल सम्पत्ति का ब्यौरा भी दर्ज होना चाहिए किंतु अधिकारी और कर्मचारियों की मनमानी के कारण इस पोर्टल में कुछ खास चीजों का ही उल्लेख है लेकिन अपुष्ट सूत्र बताते हैं कि अधिकांश अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी अचल सम्पत्ति का विवरण पोर्टल पर दर्ज नहीं कराया है। मॉनिटरिंग के अभाव में आवश्यक जानकारी पोर्टल पर देने से कर्मचारी कतरा रहे हैं। इस मामले में कासगंज से ज्यादा बुरे हालात मथुरा के हैं, जनहित ब न्यायहित में आय से अधिक अर्जित संपत्ति की जांच समस्त अधिकारियों ब कर्मचारियों की जरूरी है।

# देश में नहीं थम रही कोरोना की रफ्तार

**नई दिल्ली।** कोरोना के मामलों में इजाफा जारी है। मामलों में बढ़ोतरी के साथ सक्रिय मामलों की संख्या भी अब 4187 हो गई है। मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटों में देश में 774 कोविड-19 केस मिले हैं।

कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी के साथ सक्रिय मामलों की संख्या भी




के सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे की अवधि में कोरोना से दो लोगों की मौत भी हुई है। तमिलनाडु और गुजरात में कोरोना से ये दो मौते हुई हैं।

देश में कोरोना केस की रफ्तार एक बार फिर बढ़ने लगी है। अलग-अलग राज्यों से मामलों में बढ़ोतरी की जानकारी मिल रही है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों अब 4187 हो गई है। मंत्रालय के सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे की अवधि में कोरोना से दो लोगों की मौत भी हुई है। तमिलनाडु और गुजरात में कोरोना से ये दो मौते हुई हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, 5 दिसंबर तक कोरोना के दैनिक मामलों की संख्या दोहरे अंकों में थी, लेकिन ठंड के मौसम की स्थिति और एक कोविड-19 के एक नए वेरिएंट जेएन.1 के मिलने के बाद यह फिर से बढ़ना शुरू हो गया।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि 5 दिसंबर के बाद 31 दिसंबर 2023 को सबसे ज्यादा 841 मामले मिले, जो मई 2021 में रिपोर्ट किए गए सबसे ज्यादा मामलों का 0.2 प्रतिशत था।

एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि जेएन.1 वेरिएंट न तो नए मामलों में तेजी से वृद्धि कर रहा है और न ही अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर में वृद्धि कर रहा है।

बता दें कि 2020 की शुरुआत में महामारी शुरू होने के बाद से देश भर में 4.5 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 5.3 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, इस बीमारी से ठीक होने वाले लोगों की संख्या 4.4 करोड़ से अधिक है, जिसकी राष्ट्रीय रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत है।

## नया इतिहास रचने को तैयार इसरो, अपनी मंजिल पर पहुंचेगा आदित्य-एल 1

**नई दिल्ली।** इसरो आज एक नया इतिहास रचने से चंद कदम की दूरी पर है। आज भारत का पहला सूर्य मिशन आदित्य एल1 अपनी मंजिल पर पहुंचेगा। आदित्य-एल1 को सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। आदित्य को लैग्रेंज प्वाइंट 1 के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित करने का काम आज




4 बजे किया जाएगा। बता दें कि एल1 अंतरिक्ष में उस स्थान को कहा जाता है, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल एक जैसा होता है। आदित्य-एल1 2 सितंबर को पीएसएलवी-सी57 पर लॉन्च किया गया था। 110 दिवसीय पारगमन की एक श्रृंखला के बाद, अंतरिक्ष यान अब हेलो कक्षा में अपनी अंतिम यात्रा के लिए तैयार है। यह कक्षा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उपग्रह को ग्रहण से बचने में सक्षम बनाती है और पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के हस्तक्षेप के बिना लगातार सौर अवलोकन प्रदान करती है। मिशन का प्राथमिक उद्देश्य सौर वायुमंडल, विशेष रूप से क्रोमोस्फीयर और कोरोना का अध्ययन करना है और कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), सौर फ्लेयर्स और सौर कोरोना की रहस्यमय हीटिंग जैसी घटनाओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त करना है।

# आप अपने साथ व्हिस्की लाए हैं? सुनवाई के बीच वकील ने CJI के सामने रख दी शराब की बोतलें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस के सामने दो व्हिस्की की बोतलें पेश की गईं। इसे देखकर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और वहां मौजूद सभी वकील दंग रह गए। दरअसल, व्हिस्की ब्रांडों के ट्रेडमार्क के कथित उल्लंघन पर कानूनी लड़ाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में यह नजारा देखने को मिला, जब देश की सर्वोच्च अदालत के सामने शराब की बोतलें रखी गईं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पिछले नवंबर के फैसले के खिलाफ शराब प्रमुख पेरनोद रिकार्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो ब्लेंडर्स प्राइड और इंपीरियल ब्लू व्हिस्की का निर्माण और बिक्री करती है। पेरनोद रिकार्ड ने कमर्शियल कोर्ट, इंदौर द्वारा पारित एक आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसने अस्थायी निषेधाज्ञा जारी करने के उनके आवेदन को खारिज कर दिया था। दरअसल, कंपनी ने अपने ट्रेडमार्क के उल्लंघन का आरोप लगाया था। उच्च न्यायालय ने पेरनोद रिकार्ड की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि जेके



एंटरप्राइजेज के मार्क में कोई समानता नहीं पाई गई, जिसे परनोड रिकार्ड के ट्रेडमार्क की नकल कहा जा सकता है। सुनवाई के दौरान पेरनोद रिकार्ड की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ को व्हिस्की की बोतलें दिखाईं। उन्होंने न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि दोनो बोतलें भी एक जैसी ही है। इस हैरान कर देने वाले दृश्य को देखकर, सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ, जिसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा शामिल थे, वह जोर से हंसे और कहा, आप अपने साथ बोतलें लाए हैं? इसके बाद उन्होंने बताया कि इस मामले में ट्रेडमार्क का उल्लंघन कैसे हुआ? सीजेआई ने तब कहा कि मुद्दा यहां व्यापार पोशाक के बारे में है. बॉम्बे में मेरे एक फैसले में इस पहलू को शामिल किया गया है, जिसमें बोतल का आकार शामिल था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद पीठ ने एक नोटिस जारी किया और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी और दो सप्ताह के बाद सुनवाई तय की। इसके बाद वकील मुकुल रोहतगी ने डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच से पूछा कि क्या वह दोनों बोतलें अपने साथ ले जा सकते हैं, तो इस पर सीजेआई ने मुस्कुराते हुए कहा, हां,प्लीज।

## अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की संपत्ति खरीदने वाले अजय श्रीवास्तव कौन हैं?

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की संपत्ति को नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नीलामी का आयोजन खरीदा है। मालूम हो कि अजय ने पहले भी दाऊद की प्रॉपर्टी खरीदी है। अजय श्रीवास्तव पेशे से वकील हैं। अजय श्रीवास्तव को जल्द ही डॉन



तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेरकर्ता (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया। महाराष्ट्र में उसके 4 खेतों की नीलामी कर दी है। इस नीलामी में एक वकील और शिवसेना सदस्य अजय श्रीवास्तव के अलावा 6 अन्य लोग नीलामी में शामिल हुए थे। हालांकि, इस प्रॉपर्टी को अजय श्रीवास्तव नाम के एक वकील ने दाऊद इब्राहिम का पैतृक घर मिलने की भी उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक, डॉन दाऊद इब्राहिम की संपत्ति महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के खेड़ा तालुका गांव में थी। यहां पर चार खेतों की नीलामी की गई, जिनमें से दो खेतों की नीलामी में कोई भी शामिल नहीं हुआ और दो खेत वकील अजय श्रीवास्तव ने खरीद लिए है।

## केवल मुझे परेशान करने के लिए मामला सीबीआई को सौंपा गया मामला कर्नाटक हाई कोर्ट पहुंचने पर शिवकुमार का दावा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कुछ राजनेता और नौकरशाह उन्हें परेशान

**कारोबार**

**डीसीएम ने कहा कि एजेंसी ने उन लोगों को भी नोटिस जारी किया है जिन्होंने 30 साल पहले उनके साथ कारोबार किया था।**

करने के लिए प्रतिशोध की राजनीति कर रहे हैं। शिवकुमार ने उनके खिलाफ मामले की जांच की अनुमति वापस लेने के राज्य सरकार के फैसले पर भी सवाल उठाया है।

वहीं, सीबीआई द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने पर उन्होंने कहा कि वह (सीबीआई) ऐसा करने की हकदार है और इस पर फैसला अदालत को करना है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, कुछ राजनेता और नौकरशाह प्रतिशोध की राजनीति का सहारा ले रहे हैं। मुझे ईश्वर और न्यायालय पर



पूरा भरोसा है, समय का पहिया घूम रहा है। मामले की जांच की अनुमति वापस लेने के राज्य सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए सीबीआई द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने पर डीसीएम ने कहा, सीबीआई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की हकदार है। वे अपना पक्ष रखेंगे और हम अपना पक्ष रखेंगे। यह न्यायालय ही है जो अंततः निर्णय करेगा। मुझे हमारी न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। शिवकुमार ने दावा किया कि उनके खिलाफ एक भी मामला दर्ज नहीं है। उन्होंने कहा % केवल मुझे परेशान करने के लिए मामला सीबीआई को सौंपा गया था। वर्तमान सरकार ने उस अनुमति को वापस लेने का फैसला लिया है और मामले को लोकायुक्त को सौंप दिया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि सीबीआई ने उनके परिवार के सदस्यों, उनके संस्थानों और उनके व्यापारिक सहयोगियों को नोटिस जारी किया है। डीसीएम ने कहा कि एजेंसी ने उन लोगों को भी नोटिस जारी किया है जिन्होंने 30 साल पहले उनके साथ कारोबार किया था। इस पर शिवकुमार ने कहा कि मुझे नहीं पता कि उनके (सीबीआई) इरादे क्या हैं। कई भाजपा नेताओं के खिलाफ ऐसे कई मामले हैं लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है।

### एक राष्ट्र, एक चुनाव पर गठित समिति ने आम लोगों से मांगा सुझाव

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में देश में एक साथ चुनाव कराने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया था। अब समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर आम लोगों से राय मांगी है। समिति ने इसके लिए सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए एक सार्वजनिक नोटिस भी जारी किया है। समिति ने इस मामले पर नोटिस जारी करते हुए कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव करने के लिए आम जनता से लिखित रूप में सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं। समिति ने आगे कहा कि 15 जनवरी, 2024 तक आम लोगों से प्राप्त सुझाव को विचार के लिए समिति के समक्ष रखा जाएगा।

## क्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे मल्लिकार्जुन खरगे?



**नई दिल्ली।** क्या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे? ऐसा इसलिए पूछा जा रहा है, क्योंकि मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी को समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में वह शामिल होंगे या नहीं? इस पर वह बहुत जल्द निर्णय लेंगे। मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी के अलावा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता मिला है। कांग्रेस ने पहले कहा था कि फैसले के बारे में सही समय पर जानकारी दी जाएगी।

मुझे निमंत्रण मिला है। प्रधानमंत्री मोदी के पूर्व प्रधान सचिव ट्रस्ट (मंदिर ट्रस्ट) के सचिव के साथ आए थे और उन्होंने मुझे आमंत्रित किया। मैं इस पर जल्द ही फैसला करूंगा।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पर कांग्रेस शासित राज्य के एक मुख्यमंत्री के बयान के बारे में पूछे जाने पर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह व्यक्तिगत आस्था के बारे में है... अगर कोई निमंत्रण है तो आप जा सकते हैं, कोई भी जा सकता है। सनद रहे कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा और इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा 6,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

## वेश्यावृत्ति के दोषी एपस्टीन की लिस्ट में हिलेरी क्लिंटन का भी नाम

**वॉशिंगटन।** वेश्यावृत्ति के दोषी अरबपति जेफ्री एपस्टीन से जुड़े लोगों में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। न्यूयॉर्क की अदालत ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामलों से



संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक किए हैं। जिनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, मशहूर वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग और ब्रिटिश राजघराने के प्रिंस एंड्रयू के बाद अब अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के नाम का भी खुलासा हुआ है।

शुक्रवार को अदालत ने जेफ्री एपस्टीन के नेटर्वक की तीसरी लिस्ट जारी की। इससे पहले बुधवार और गुरुवार को भी दो लिस्ट जारी की गईं थी। ताजा लिस्ट में हिलेरी क्लिंटन का भी नाम है। हालांकि हिलेरी क्लिंटन का नाम लिस्ट में बतौर आरोपी नहीं बल्कि गवाह के तौर पर शामिल है। पीड़िता वर्जीनिया गिफ्रे ने हिलेरी क्लिंटन का जिक्र किया है। साथ ही सुनवाई के दौरान खुलासा हुआ है कि जेफ्री एपस्टीन मामले की पीड़िताओं को 20-20 करोड़ डॉलर बतौर मुआवजे के रूप में मिल सकते हैं।

एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों में 170 से ज्यादा नामों का उल्लेख है। इनमें से कई आरोपी तो कई गवाह और कई चश्मदीद हैं। इनमें अमेरिका को दो पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और डोनाल्ड ट्रंप का नाम भी शामिल है। आरोप है कि बिल क्लिंटन कई बार एपस्टीन द्वारा आयोजित पार्टियों में शामिल हुए। साथ ही बिल क्लिंटन के वीआईपी मेहमानों में भी जेफ्री एपस्टीन और उसकी प्रेमिका भी शामिल थी। पीड़िता गिफ्रे ने वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग पर पार्टी में नाबालिग से यौन संबंध बनाने का भी आरोप लगाया है। दस्तावेजों के अनुसार, एपस्टीन पर आरोप है कि उसने मसाज करने के लिए ही 30 लड़कियों को नौकरी पर रखा हुआ था।

दस्तावेजों में पता चला है कि एपस्टीन के एक कैरेबियाई द्वीप पर एडल्ट पार्टियां आयोजित होतीं थी, जिनमें शामिल मेहमानों में कई हस्तियों के नामों का खुलासा हुआ है। 72 एकड़ में फैले इस द्वीप को पीडोफिले आइलैंड के नाम से जाना जाता है। एपस्टीन के पास ऐसे कई द्वीपों का मालिकाना हक था। आरोप है कि पीड़ित लड़कियों को इन द्वीपों पर बंधक बनाकर रखा जाता था। पीडोफिले द्वीप पर 12-17 साल की पीड़िताओं को रखा जाता था।

### बांग्लादेश में चलती ट्रेन में आग लगने की जांच में जुटी सीआईडी

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के गोपीबाग इलाके में पांच जनवरी की रात एक ट्रेन में उपद्रवियों ने आग लगा दी थी। इस मामले की जांच सीआईडी टीम और फोरेंसिक टीम साथ में कर रही है। वहीं, श्रीलंका में जल्लीकट्टू समारोह आज से शुरू हो गया है।

बांग्लादेश की राजधानी ढाका के गोपीबाग इलाके में पांच जनवरी की रात एक ट्रेन में उपद्रवियों ने आग लगा दी थी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए थे। इस मामले की जांच सीआईडी टीम और फोरेंसिक टीम साथ में कर रही है। दोनों सबूत इकट्ठा करने में लगे हैं। वहीं, श्रीलंका में जल्लीकट्टू समारोह आज से शुरू हो गया है। बता दें, घटना रात नौ बजकर पांच मिनट पर हुई थी। फायर सर्विस और सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम के ड्यूटी ऑफिसर फरहादुज्जमान ने इस घटना की पुष्टि की थी।

# विपक्षी पार्टी बीएनपी ने रेल अग्निकांड को बताया सुनियोजित

**ढाका।** बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) ने बांग्लादेश में हुए रेल अग्निकांड को सुनियोजित करार दिया है और संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में घटना की जांच की मांग की है। शुक्रवार को बांग्लादेश के बेनापोल इलाके में बेनापोल एक्सप्रेस के चार डिब्बों में आग लग गई थी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। बेनापोल की सीमा भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल से लगती है। जब ट्रेन अपने गंतव्य पर पहुंचने ही वाली थी, तभी राजधानी ढाका के कमालपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में आग लग गई।

बांग्लादेश के रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन में अधिकतर यात्री भारत से लौट रहे थे। घटना पर बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी के वरिष्ठ नेता रुहुल कबीर रिजवी ने चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि ट्रेन में कुछ उपद्रवियों द्वारा आग लगाने की घटना हृदयविदारक है। ट्रेन बेनापोल से ढाका जा रही थी। बीएनपी नेता ने आरोप लगाया कि यह एक सुनियोजित घटना थी। उन्होंने घटना को मानवता के खिलाफ निर्दयी प्रताड़ना बताया और घटना की जांच संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में कराने की मांग की।

**संवेदना**

**घटना पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दुख जताया है और घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर की।**

घटना पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दुख जताया है और घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर की। घटना में घायल लोगों के तुरंत इलाज के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय जांच करने के निर्देश दिए हैं। बांग्लादेश में रविवार को आम चुनाव होने हैं। इन चुनावों की निगरानी के लिए 100 से ज्यादा विदेशी पर्यवेक्षक ढाका पहुंच चुके हैं। पर्यवेक्षकों में तीन भारतीय भी शामिल हैं। अवामी लीग ने बीएनपी पर हिंसा फैलाने के आरोप लगाए हैं। शुक्रवार को खुलना में भी एक स्कूल



में आग लगा दी गई थी। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हाल ही में एक पैसेंजर बस में भी आगजनी हुई थी।

बीएनपी ने शनिवार को ढाका के पालटन इलाके में सरकार के विरोध में रैली निकाली। बीएनपी का आरोप है कि बांग्लादेश में होने वाला चुनाव फर्जी है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम एक फर्जी चुनाव के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। वह हमारा वोटिंग का अधिकार छीन रहे हैं। यह चुनाव नहीं है। हम अपने वोटिंग अधिकार चाहते हैं। हम लोकतंत्र चाहते हैं। बांग्लादेश के लोग अपने मताधिकार और लोकतंत्र के लिए लड़ रहे हैं और हम जीतेंगे।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी समेत अन्य विपक्षी पार्टियों ने चुनाव के बहिष्कार का एलान किया है। विपक्षी पार्टियों की मांग है कि चुनाव से पहले केयरटेकर सरकार का गठन किया जाए और उसकी देखरेख में निष्पक्षता से चुनाव होने चाहिए। हालांकि शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पार्टी की सरकार ने विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया है। ऐसे में बांग्लादेश चुनाव में हिंसा भड़कने की आशंका है और पूरी दुनिया की नजरें इस पर टिकी हैं।

### जेल में बंद इमरान के लेख पर बवाल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि वह जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के हवाले से एक लेख के प्रकाशन को लेकर एक ब्रिटिश मीडिया संस्थान से संपर्क करेगी क्योंकि इस लेख ने संपादकीय निर्णय और विषय-वस्तु की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं।

'द इकोनॉमिस्ट' में गुरुवार को 'इमरान खान ने आगाह किया कि पाकिस्तान चुनाव तमाशा हो सकता है' शीर्षक से लेख प्रकाशित हुआ। लेख में इस बात पर काफी संदेह जताया गया है कि क्या पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाला चुनाव घोषणा के अनुसार होगा। खान ने लेख में अमेरिका के दबाव में प्रतिष्ठान द्वारा 2022 में सत्ता से उन्हें साजिशन हटाने और चुनावों में समान अवसर न दिए जाने की बात दोहराई है। इस लेख को पाकिस्तान सरकार और अमेरिका के विदेश विभाग ने पहले ही खारिज कर दिया है।

## सीनेट में आम चुनाव 8 फरवरी के बाद कराने का प्रस्ताव

# राजनीतिक दलों की दो टूक- तारीख बदलना मंजूर नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में निर्वाचन आयोग आठ फरवरी को आम चुनाव कराने का एलान कर

**उल्लंघन**

**गौहर खान ने प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करार दिया।**

चुका है। हालांकि, इसी बीच सीनेट में एक प्रस्ताव पेश किया गया है, जिसमें आठ फरवरी के बाद चुनाव कराने की बात कही गई है। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि सीनेट से प्रस्ताव पारित होने के बाद निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीख में बदलाव कर सकता है। हालांकि, देश की बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने अप्रत्याशित एकजुटता दिखाते हुए आम चुनाव न टालने की अपील की है। सीनेट में चुनाव आठ फरवरी के बाद कराने का प्रस्ताव पारित होने के बाद अधिकांश राजनीतिक दलों ने दो टूक कहा है कि चुनाव पहले



से निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक 8 फरवरी को ही कराए जाएं। इन दलों का कहना है कि चुनाव की तारीख में बदलाव उन्हें मंजूर नहीं है। स्वतंत्र सीनेटर दिलावर खान की तरफ से पेश प्रस्ताव में कहा गया कि आठ फरवरी के आस-पास कड़ाके की ठंड होती है। देश में सुरक्षा को लेकर भी कई चिंताएं हैं। ऐसे में चुनाव आठ फरवरी के बाद कराना चाहिए। उन्होंने चुनाव में कम भागीदारी की आशंका भी जताई।

उन्होंने कहा कि देश में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। राजनेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की सीनेट से जो प्रस्ताव पारित हुआ है वह बाध्यकारी नहीं है। जो प्रस्ताव लाया गया उस समय 100 में से केवल 14 सदस्य ही सदन में मौजूद थे। प्रस्ताव पारित होने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी-पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने विरोध दर्ज कराया। पीटीआई नेता बैरिस्टर गौहर खान ने सुप्रीम कोर्ट से इस प्रस्ताव का संज्ञान लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि 14 सीनेटरों की सहमति से पारित प्रस्ताव के आधार पर जनादेश हासिल करने की संवैधानिक प्रक्रिया को नहीं रोका जा सकता। उन्होंने इस प्रस्ताव को देश के लोकतंत्र पर हमले जैसा करार दिया।

गौहर खान ने प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करार दिया। उन्होंने अदालत की अवमानना का जिक्र करते हुए कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव में देरी के प्रयासों को प्रभावी तरीके से नाकाम करना होगा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि 8 फरवरी को चुनाव के संबंध में जो आदेश पारित किया गया है उसे लागू करने का निर्देश दिया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव से डरे हुए राजनीतिक पक्ष के लोगों ने असंवैधानिक प्रस्ताव पारित किया है। इससे संसद के ऊपरी सदन की पवित्रता का उल्लंघन हुआ है।

# वित्त मंत्री के रूप में रवांडा योजना को लेकर आश्वस्त नहीं थे ऋषि सुनक, रिपोर्ट में खुलासा

**लंदन।** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे। जबकि, उनके शरण चाहने के दावों का आकलन वित्त मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान ही किया गया था। ब्रिटेन की एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह दावा किया गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के रूप में इस योजना का समर्थन कर रहे सुनक को बोरिस जॉनसन की कैबिनेट में वित्त मंत्री रहते हुए इस नीति पर काफी संदेह था। इसमें आगे कहा गया है कि दस्तावेजों से पता चलता है कि सुनक पूर्वी अफ्रीकी देश में शरण चाहने वालों को भेजने की लागत के बारे में चिंतित थे और शुरू में संख्या को सीमित करना चाहते थे।

सुनक के एक करीबी सूत्र ने बीबीसी को बताया, प्रधानमंत्री हमेशा इस योजना के सिद्धांत के साथ पूरी तरह से जुड़े रहे। वित्त मंत्री के रूप में यह सुनिश्चित करना उनका काम था कि इसे पूरा किया जाए



और करदाताओं के पैसे को उचित रूप से खर्च किया जाए।

सुनक अप्रैल 2022 में वित्त मंत्री के रूप में रवांडा नीति की पहली बार घोषणा के समय 11 डाउनिंग स्ट्रीट में थे। रवांडा के साथ समझौता तब से कानूनी चुनौतियों में फंस गया है। अब तक किसी भी शरण चाहने वाले को ब्रिटेन से रवांडा नहीं भेजा गया है। उन्होंने अक्तूबर 2022 में 10 डाउनिंग स्ट्रीट में प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है।

हालांकि, सुनक ने जोर देकर कहा है कि यह योजना ब्रिटेन में अवैध प्रवास से निपटने के लिए उनकी रणनीति का एक प्रमुख स्तंभ है। उनका कहना है कि यह योजना इंग्लिश चैनल के पार छोटी नौकाओं में खतरनाक यात्रा करने के बाद देश के तटों पर उतरने वाले हजारों लोगों को रोकने का काम करेगी। अब, बीबीसी के खुलासे से संकेत मिला है कि जब यह योजना पहली बार पेश की गई थी तो सुनक पूरी तरह से इसके पीछे नहीं थे।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दस्तावेज मार्च 2022 में 10 डाउनिंग स्ट्रीट में तैयार किए गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन अपने वित्त मंत्री सुनक को योजना के लिए अधिक धन पर हस्ताक्षर करने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे थे। यह रवांडा सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने से कुछ समय पहले की बात है।

# डॉक्टर के कातिलों की गिरफ्तारी न होने से बिफरे डॉ. अरविंद

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव व पूर्व राज्यमंत्री डॉ अरविंद राजभर द्वारा बाल चिकित्सक डॉ तिलकधारी पटेल की निर्मम हत्या की सूचना पर शनिवार को पैतृक गांव भुसहरा गोपीपुर, सीतामसराय, थाना मड़ियाहूं पहुँचकर शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया गया। डॉ राजभर ने मृतक डॉ तिलक धारी पटेल के परिजनों की शिकायत पर इंस्पेक्टर मड़ियाहूं, जलालपुर व नेवढ़िया से कार्यवाही व जांच के प्रगति की जानकारी लिए। सीओ मड़ियाहूं ने बताया कि पुलिस तेजी से काम पर लगी है।

उन्होंने पुलिस अधीक्षक जौनपुर से भी बात किये जिसमें जल्द से जल्द असल कातिल को जेल के शिकंजे में पहुचाने का आश्वाशन मिला। हजारों की भीड़ दु:खी परिवार के साथ घर पर उमड़ पड़ी। साथ मे राष्ट्रीय महासचिव डॉ जेपी सिंह , प्रदेश महासचिव अरविंद सिंह,प्रदेश सचिव रमेश राजभर ,मण्डल महासचिव चंदन राजभर, जिलाध्यक्ष बृजभान राजभर, सौरभ दुबे, पवन सिंह,अनुराग सिंह,जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक शेख अफजल , युवा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र राजभर, विधानसभा अध्यक्ष इरशाद अंसारी , शिवशंकर राजभर, ब्लॉक अध्यक्ष मोतीलाल ,प्रमोद राजभर, सुनील राजभर आदि लोग रहे। उसके बाद पुरेन्व, जलालपुर में डॉ जेपी सिंह के यहाँ पार्टी सदस्यता आदि की प्रगति की समीक्षा व जलपान करके केराकत से गाजीपुर निकल दिए।

## इण्टर लॉकिगं औरनाली निर्माण का शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड देवचन्द्पुर ककोर गहना में सन्तू लाल के मकान से अवधेश मौर्या के घर तक रू0-9.89 लाख की लागत से नाली एवं इण्टर लॉकिंग निर्माण कार्य, मो0 मिसिरपुर में भीम चैरसिया के मकान से प्रमोद मौर्या के मकान तक रू0-7.85 लाख की लागत से इण्टर लॉकिगं व नाली निर्माण कार्य

शिलान्यास/लोकार्पण अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनोरमा मौर्या द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभासद शीर्श मौर्य व नगीना देवी तथा अवर अभियन्ता दीपक शाह वरिष्ठ लिपिक अमरेश सरन यादव व विवेक मौर्य, आलोक मौर्य, रामशकल मौर्या, अनिल सिंह दिलीप विश्वकर्मा, शिवकुमार मौर्य, आलोक विश्वकर्मा मोनू मौर्या दिनेश कुमार मौर्या आदि लोग उपस्थित थे।

# समाधान दिवस पर 45 शिकायतें में पांच निस्तारित

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। कुल 45 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर एक सप्ताह के अंदर निस्तारित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है उनकी जांच करके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर ज्यादातर शिकायतें जमीन विवाद के संबंध में प्राप्त हुई, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम मौके पर जाकर निरीक्षण करें तथा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन विवादों के प्रकरण में यदि कोई भी लेखपाल लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीन विवादों का त्वरित निस्तारण शासन की प्राथमिकता है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, सहित अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जल जमाव से बाजार के लोग परेशान



**जौनपुर (खुटहन)** खुटहन थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार स्टेट बैंक रोड बाईपास कई सालों से जर्जर व बादल अवस्था में पड़ा है बता दे की यह बायपास रोड अपने आप में बेहद ही उपयोगिता रखने वाला है क्योंकि बाजार में भीड़ व जाम लगने के बाद यह एकमात्र ऐसा रोड है जो एम्बुलेंस वह अन्य गाड़ियों को दूसरे रोड पर ले जाता है वही भारतीय स्टेट बैंक वह पोस्ट ऑफिस भी है जिससे आसानी से वहां पहुंचा जा सकता है बाजार में भीड़ रहने की वजह से आपातकालीन एंबुलेंस भी बायपास रोड होकर अस्पताल रोड पर निकल जाती है इस तरीके से अगर देखा जाए तो इस रास्ते की अत्यंत बनने की आवश्यकता है लेकिन कई सालों से इस हाल में पड़ा हुआ है बरसात के दिनों में दो से तीन फीट गड्ढा जिसमें पानी भर जाता है और आवा गमन प्रभावित होता है इस मौसम में भी हल्की-फुल्की बारिश हो जाने के बाद रास्ते में पानी भरा हुआ है जिससे आने-जाने में लोगों को समस्या हो रही है यह रास्ता भी बनना बहुत जरूरी है पत्रकारों के माध्यम से स्थानी लोग अपनी बात रखते हुए कहा कि जिस तरीके से सारी सड़के बना रही हैं इस तरीके से प्राथमिकता से इस सड़क को भी बनाया जाए।

### गांव में कराए गए विकास कार्यों का किया गया भौतिक सत्यापन

**जौनपुर (खुटहन)** गाबरहां गांव में ग्राम प्रधान के द्वारा कराए गए विकास कार्यों में सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत पर गांव पहुंचे समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल ने स्थलीय निरीक्षण किया। वह अपनी जांच आख्या को सार्वजनिक न कर कहा कि आख्या जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी जायेगी। गांव निवासी सौरभ गिरी ने जिलाधिकारी से शिकायत किया था था गांव में स्ट्रीट लाइट, समतलीकरण, संपर्क मार्ग,तालाब खोदाई,नाली, खड़ंजा और पशुसेड में प्रधान के द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। डीएम के निर्देश पर शनिवार को पहुंचे समाज कल्याण अधिकारी ने गांव में कराए गए एक एक कामों का स्थलीय निरीक्षण व अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। इस मौके पर तमाम ग्रामीण व कर्मचारी मौजूद रहे।

# दूसरे शैक्षिक सत्र में 280 बच्चों का होगा प्रवेश

- प्रयागराज में अटल आवासीय विद्यालय में श्रमिकों के बच्चों को तीन गुना अधिक अवसर उपलब्ध करा रही है योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में श्रमिकों के बच्चों को बोर्डिंग स्कूल में शिक्षा देने के लिए बनाए गए अटल आवासीय विद्यालय के दूसरे शैक्षिक सत्र की शुरुआत 08 जनवरी से होने जा रही है। प्रदेश की योगी सरकार इस बार पात्र परिवारों के बच्चों को तीन गुना अधिक प्रवेश के अवसर देने जा रही है। योगी सरकार ने श्रमिकों के बच्चों के कल्याण का दायरा बढ़ाते हुए इस साल पिछले सत्र से तीन गुना अधिक छात्रों को अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश का अवसर दिया है। उप श्रम आयुक्त प्रयागराज क्षेत्र राजेश मिश्र के मुताबिक नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा-06 में 140 विद्यार्थियों का प्रवेश होगा जिसमे 70 बालक और 70 बालिका शामिल हैं। इसी तरह कक्षा-09 में भी 140 विद्यार्थियों का प्रवेश होगा जिसमें 70 बालक व 70 बालिका शामिल हैं। पिछले शैक्षणिक सत्र में केवल 80 विद्यार्थियों का प्रवेश अटल आवासीय विद्यालय में किया गया था जिसमें 40 बालक थे और 40 बालिका। इस तरह इस बार अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के अवसर तीन गुना से अधिक बढ़ा दिए गए हैं।

### 8 जनवरी से नए शैक्षिक सत्र के लिए शुरू होगी प्रक्रिया

**प्रयागराज।** अटल आवासीय विद्यालय का प्रथम शैक्षिक सत्र चल रहा है इस बीच दूसरे शैक्षिक सत्र के प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू होने जा रही है। उप श्रम आयुक्त प्रयागराज क्षेत्र राजेश मिश्रा ने बताया है कि 25 फरवरी 2024 को दूसरे शैक्षिक सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए 8 जनवरी से आवासीय विद्यालय में आवेदन पत्र मिलने शुरू हो जाएंगे। इस परीक्षा में वही छात्र शामिल हो सकेंगे जिनके माता-पिता उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत 31 दिसंबर 2023 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हों। इसके लिए प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे पात्र होगें तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना जो कोविड से अनाथ हुए हैं, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवायोजना हेतु बच्चे पात्र होंगे।

## किशोरी को भगाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** वादिनी मुकदमा रीता यादव पत्नी रविन्द्र यादव ग्राम बलिया कल्यानपुर थाना मुबारकपुर आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायत किया गया कि मेरी पुत्री स्कूल पढ़ने गयी थी। जो घर वापस नही लौटी जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 617/23 धारा-363 भादवि0 पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 धर्मराज यादव द्वारा की जा रही थी। मुकदमा में प्रकाश में आया कि वादी की लडकी को अभियुक्त कृष्णा यादव पुत्र पारस यादव साकिन बलिया कल्यानपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ बहला फुसलाकर भगा ले गया है।आज उ0नि0 धर्मराज यादव मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त मे प्रकाश मे आये अभियुक्त कृष्णा यादव पुत्र पारस यादव साकिन बलिया कल्यानपुर थाना मुबारकपुर को बिजरवा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे अण्डर से गिरफ्तार कर अभियुक्ता का चालान न्यायालय किया गया।

# प्रतीक और अशरफ से मुक्त कराई गई जमीन पर बनेंगे आवास

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के कब्जे से मुक्त कराई गई अन्य स्थानों की जमीन पर भी प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) आवासीय योजना शुरू करने की तैयारी कर रहा है। झलवा, नैनी, झूंसी व शहर में अन्य स्थानों पर जो जमीन जिला प्रशासन ने कुर्क की है, उस पर आवासीय योजना शुरू करने के लिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा गया है। माफिया से मुक्त कराई गई जमीन पर मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 500 फ्लैट का निर्माण अधिवक्ताओं और पत्रकारों के लिए कराया जाएगा। जिला प्रशासन से जमीन पीडीए को स्थानांतरित होने के बाद फ्लैट बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 100 फ्लैट नैनी, 150 फ्लैट झूंसी और 250 फ्लैट झलवा में तैयार किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि माफिया ने नजूल और अस्थान की 20 बीघा से अधिक जमीन पर कब्जा कर लिया था। इन सभी जमीनों को माफिया के कब्जे से मुक्त कराया जा चुका है। पीडीए ने कब्जामुक्त कराई गई जमीनों पर पीएम आवास योजना के तहत फ्लैट बनाने का प्रस्ताव शासन के पास भी भेज दिया है। लूकरगंज में माफिया के कब्जे से जमीन को मुक्त कराकर पीएम आवास योजना के तहत 76 फ्लैटों का निर्माण किया जा चुका है। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ ने दबंगई से झलवा, सुलेमसराय, चकिया, नैनी, कसारी-मसारी और झूंसी में बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया था। समय बीतने के साथ जब जमीनों के अभिलेखों की पड़ताल हुई तो जमीन माफिया के बजाय नगर निगम, अस्थान व अन्य विभागों की निकली।

# बड़े ही धूमधाम से मनाई गई वीर एकलव्य जयंती



अवधनामा संवाददाता

**अतरौलिया,आजमगढ़।** वीर एकलव्य की जयंती शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। नगर पंचायत में झांकी निकाली गई जिसमें ईष्टदेव बीर एकलव्य समेत विभिन महापुरुषों, फूलन देवी के चित्रों को सजाया गया था। नगर में भव्य शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का आयोजन डॉ0 धर्मेंद्र निषाद राजू द्वारा एकलव्य नगर में आयोजित किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर वीर एकलव्य को याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा प्रत्याशी कन्हैया निषाद रहे। वीर एकलव्य की झांकी भव्य रथ पर सजाई गई थी जिसके पीछे चल रहे बच्चों के हाथों में तीर धनुष सुशोभित हो रहा था, वहीं महिलाएं गीत गा रही थी। यह शोभा यात्रा एकलव्य नगर से खानपुर फ्तेह, रोडवेज, बुधनिया रोड, गोला बाजार, बरन चौक, दुर्गा मंदिर, बब्बर चौक, केसरी चौक समेत पूरे नगर पंचायत का भ्रमण करते हुए पुनः संपन्न हुई।, मुख्य अतिथि कन्हैया निषाद ने बताया कि हमारे समाज के महापुरुष वीर एकलव्य के साथ अगर छलावा नहीं किया गया होता तो शायद इस धरती पर ऐसा वीर कोई नहीं होता। हम लोगों को अपने महापुरुषों पर गर्व है कि ऐसे वीर महापुरुष हम लोगों के कुल में जन्म लिए। उन्होंने सिर्फ एक बात पर अपना अंगूठा दान दे दिया, अगर अंगूठा रहा होता तो शायद अर्जुन भी ऐसे वीर नहीं होते। निषाद समाज के लोगों ने अंग्रेजों को भी पानी में डुबो डुबो कर मारा था। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि रामायण में लिखा गया है कि बिना गुरु के ज्ञान नहीं हो सकता लेकिन हमारे महापुरुष एकलव्य ने उसे उलट दिया और बिना गुरु के ही ज्ञान अर्जित किया। हम लोगों द्वारा वीर एकलव्य की मूर्ति लगाने के लिए सरकार से निवेदन किया गया है की सरकार हम लोगों को किसी चौराहे पर स्थान दें जहां हम लोग अपने महापुरुष वीर एकलव्य की एक भव्य मूर्ति स्थापित कर सके। कार्यक्रम के आयोजन डॉ0 धर्मेंद्र निषाद राजू ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आज हमें अपने महापुरुष वीर एकलव्य की जयंती पर उन्हें याद कर बेहद खुशी महसूस हो रही है। इस मौके पर महेंद्र यादव, संतराम, शंभू सोनकर ,वीरेंद्र निषाद ,सुरेंद्र निषाद ,अवतस निषाद, सोनू, बिंदल, राजेंद्र, भुवाल, छविराज निषाद, राजू राजभर, धर्मेंद्र ,सुजीत, प्रेम बाबू, बुधीराम, राजेश ,गोविंदा, पप्पू, चंद्रकला निषाद, कविता निषाद आदि रहे।

# पांच के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के गैंग आईएस-227 के सक्रिय सदस्य अब्दुल कवि समेत पांच लोगों के खिलाफ सरायअकिल कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गिरोह के लोग माफिया के गुर्गों को अपने यहां शरण देते थे और उन्हें असलहे उपलब्ध कराते थे। बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड में बाद अब्दुल कवि का नाम आया था। उसके बाद से वह पुलिस को चकमा देकर फरारी काट रहा था। प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस ने कवि व उसके घरवालों पर शिकंजा कसा तो गुर्गे ने सीबीआई लखनऊ की कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। सरायअकिल कोतवाली के भखंदा निवासी अब्दुल कवि माफिया का शूटर था। प्रयागराज में उमेश पाल व दो सरकारी गनरों की हत्या के बाद पुलिस ने शिकंजा कसा तो कवि के घर से दीवारों में छिपाकर रखे गए असलहों का जखीरा मिला था। घटना के बाद वह व उसके भाई अब्दुल वली, अब्दुल कादिर फरार हो गए थे। इसी गैंग का सक्रिय सदस्य संदीपनघाट कोतवाली के लोहरा गांव का मो. सऊद व उसका भाई मो. फैज भी है। सऊद मूरतगंज का ब्लॉक प्रमुख भी रह चुका है। इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पारा लुढ़का, न्यूनतम तापमान 9 डिग्री से कम

- आज भी नहीं हुए सूरज के दर्शन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** सर्दी, गलन और कोहरे की मार झेल रही संगम नगरी में पिछले तीन दिनों से बादलों का डेरा लगा हुआ है। शनिवार को भी पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे और हल्की धुंध बनी रही। शहर के ऊपर कोहरे का साया है। दिन में भी वाहन चालक लाइट जलाकर चल रहे हैं। धूप न होने के कारण गलन तेज हो गई है। जगह-जगह लोग अलाव के पास बैठे नजर आ रहे हैं।स्थिति यह रही कि दिन का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री के नीचे 8.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। शुक्रवार को हुई बारिश का असर शनिवार को भी दिखा। सड़कों पर कीचड़ फैलने के कारण राहगीरों को सबसे अधिक समस्या उठानी पड़ी। सड़क पर फिसलन बढ़ने के कारण कई लोग सड़क पर गिरते नजर आए। शनिवार को प्रयागराज में दिन का तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे गिर गया। अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रात का पारा लुढ़ककर 8.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इसके कारण रात के साथ ही दिन में भी लोगों को भारी गलन महसूस हुई। उधर शाम होते ही बाजारों से रौनक गायब होने लगी। लोग भी अपने कार्यालयों से समय से पहले निकलने की जुगत में दिखाई पड़े। सबसे अधिक परेशानी यात्रा के लिए रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर जाने वालों को हुई। जहां उन्हें लंबे समय तक बसों और ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा

बेमौसम बरसात के कारण माघ मेला क्षेत्र में पहुंचे लोगों को अधिक मुसीबत का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण मेला क्षेत्र में त्रिवेणी मार्ग पर कई स्थानों पर चकड़ प्लेट उखड़ गई। इसके कारण उधर से गुजरने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। माघ मेला शुरू होने में भले ही अभी कुछ समय बाकी है, लेकिन बड़ी संख्या में साधू महात्मा और कल्पवासी पहुंचने लगे हैं। बारिश के कारण उनको अपना पंडाल लगाने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ा। मेला क्षेत्र के रामानुज नगर आचार्य बाड़ा में लग रहे पंडालों का कार्य कुछ देर के लिए रोकना पड़ा।

# कोटेदारों ने मानदेय बढ़ाने के लिये मंडलायुक्त को दिया ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल के उचित दर विक्रेताओं ने आल इंडियन फेयर प्राइस शाप डीलर एसोसिएशन के तत्वावधान में मानदेय बढ़ाने की मांग करते हुये एक ज्ञापन कमिश्नर प्रयागराज को दिया। जिसमें अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी कोटेदारों का मानदेय बढ़ाने की मांग की गयी हैं। प्रयागराज मंडल के उचित दर विक्रेताओं ने आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी की अगुवाई में मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन कमिश्नर प्रयागराज को सौप कर गुजरात, हरियाणा, केरल, राजस्थान सरकार की तरह बढ़ा मानदेय उत्तर प्रदेश में भी लागू किया जाने की मांग की। जिससे इस बढ़ती महंगाई में कोटेदारों के परिवार की परवरिश हो सके। इस मौके गणेश प्रसाद द्विवेदी जिला अध्यक्ष प्रयागराज, राजेश तिवारी जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़, उमेश त्रिवेदी जिला अध्यक्ष फतेहपुर विनोद सिंह जिला अध्यक्ष कौशांबी, कप्तान सिंह मंडल अध्यक्ष प्रयागराज, महेंद्र कुमार द्विवेदी, रमाशंकर पांडे, सुनील शुक्ला, रामबाबू यादव, मनीष कुमार केसरवानी, बृजेश कुमार सरोज, अशोक त्रिपाठी, शिवधर दुबे, केशव देव मिश्रा, रमाशंकर, संजय सिंह, शिवपूजन केसरवानी, राजू केसरवानी, कौशलेंद्र सिंह राजकरण सिंह मुन्नीलाल, कमलेश यादव, प्रमोद शुक्ला सहित सैकड़ों कोटेदार मौजूद रहे।

# रामभक्तों का किया गया स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** शनिवार को छतवारा में श्रीरामरथ का छतवारा बाजार में आगमन हुआ जिसके बाद शोभायात्रा ने पूरे नगर का भ्रमण किया।

यात्रा महिलाओं बच्चों समेत अन्य नगरवासी उत्साहपूर्वक जय श्री राम के नारों के साथ सम्मिलित हुए। 22 जनवरी को प्रस्तावित अयोध्या में श्रीराममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए अक्षत वितरण कर सनातनी समाज को आमंत्रण दिया गया।

शोभायात्रा के दौरान बंगाल से साईकल चलाकर अयोध्या राम मंदिर के दर्शन करने के लिए जा रहे सुदीप, राज और नितेश का स्वागत आरसएस के विभाग प्रचारक सत्येंद्र जी ने माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दी। शोभायात्रा का समापन छतवारा हनुमान मंदिर पर आरती और हनुमान चालीसा के साथ किया गया। शोभायात्रा के समापन पर विभाग प्रचारक सत्येंद्र जी ने बताया कि श्रीराममंदिर का ये रथ जनपद के गांव गांव में जा रहा है जहां हिन्दू समाज हर्षित होकर रथ का पूजन अर्चन कर रहा है जनता में राम जी की पुनर्प्रतिष्ठा को लेकर गजब का उत्साह दिख रहा है हम सभी सौभाग्यशाली पीढ़ी से हैं जिन्हें यह अवसर देखने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर पुजारी मुक्तिनाथ दास एवं बजरंगदल के प्रान्त सह संयोजक गौरव रघुवंशी, जिला संयोजक बजरंगदल शशांक तिवारी, राजन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता,संजय सिंह, सुगंध सिंह,विपिन गुप्ता,मृत्युंजय बरनवाल, योगेश सिंह, मनोहर मिश्रा, विपिन गुप्ता, लौटन गुप्ता, रीता देवी, प्रीति साहू, प्रियंका साहू, सुमन गुप्ता, यादव, अजीत मद्धेशिया, रोशन मद्धेशिया, आकाश गुप्ता, अंकित मद्धेशिया, प्रियांशु पाठक, अंश पाठक, सारंग पाठक इत्यादि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद की बैठक

- जनहित के मुद्दों को लेकर सभासद हुई मुखर
- जनता का शोषण करने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के बोर्ड के बैठक के दौरान जनहित मुद्दों को लेकर कई सभासद मुखर हो गए और आमजनता का शोषण न किए जाने की मांग किया। कटरा वार्ड की सभासद शालिनी श्रीवास्तव ने कड़ा विरोध करते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद् आजमगढ़ में पालिका द्वारा सुविधाओं में इजाफा नहीं किया जा रहा है वही लगातार करों की बढ़ोत्तरी कर जनता को उत्पीड़न किया जा रहा हैं जिसे हम सभासद बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि नपा क्षेत्र में विविध लाईसेन्स शुल्क उपविधि 2023 व विविधकर नामान्तरण शुल्क उपविधि 2023 एवं स्वकर निर्धारण उपविधि 2023 में आवासीय भवनों पर स्वकर निर्धारण हेतु प्रस्तावित मासिक किराया एवं गजट दर अधिक होने के विचार को रोकते हुए अगले बोर्ड की बैठक में रखने का प्रस्ताव रखा। जिसको लेकर जिला योजना समिति सदस्य व सभासद मोहम्मद अफ्जल, संतोष चौहान, श्रीमती रेखा यादव, महताब कुरैशी, चन्द्रशेखर चौधरी, उषा देवी, मिथुन निषाद, विजयचंद यादव, शैलेन्द्र गौतम, कौशिल्या देवी, सुषमा सेठ, विरेन्द्र यादव, सुरेश कुमार शर्मा, अंजली सोनकर ने तीनों बिदुंओ को अगली बैठक तक रोकने का समर्थन किया। सभासद मोहम्मद अफ्जल ने कहाकि बोर्ड की बैठक एकतरफा फैसले का हम सभी सभासद पुरजोर विरोध करेंगें।

मांग पूरा न होने पर शासन तक इसकी शिकायत हम सभासदगण करेंगे। अफ्जल ने कहाकि हम जनता के बीच से आए हुए है हमें जनता के सुख-दुख के बारे में बखूबी मालूम है, वहीं पालिकाध्यक्ष केवल कर वसूल कर जनता को शोषण करना चाहते है जिसे हम सभासद कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान बताया कि वार्ड में किसी भी प्रकार का कोई निर्माण या कार्य हो रहा है तो सभासद की स्वीकृति जरूर ली जाए उक्त सभासदों की मांग को बैठक में पारित किया गया है अगर इसे अमल में नहीं लाया गया तो हम चुप नहीं बैठेंगे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान एवं आईजी अखिलेश कुमार ने शनिवार को मुहम्मदाबाद गोहना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त श्री चौहान ने गत सम्पूर्ण समाधान दिवसों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि आमजन से प्राप्त उनकी समस्याओं के प्रति पूरी गंभीरता बरती जाय, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता और लापवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता और समयबद्धता की नियमित रूप से समीक्षा करें, यदि निस्तारण में कहीं कमी मिलती है तो उस पर तत्परता से कार्यवाही कराई जाय, ताकि एक ही समस्या के निस्तारण हेतु शिकायतकर्ता को बार बार तहसील, जनपद, मण्डल मुख्यालय तक अनावश्यक रूप से भाग दौड़ की जरूरत न पड़े। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त एवं आईजी ने आमजन से उनकी समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# एसडीओ के स्थानांतरण पर दी गयी विदाई

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ शत्रुघ्न यादव का स्थानांतरित होने पर शनिवार को मुबारकपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम इब्राहीमपुर के समाजसेवी फैसल नईम आज़मी के आवास पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जहाँ एसडीओ शत्रुघ्न यादव को फूल माला पहना कर एवं साल भेंट कर विदाई दी गई।

बता दें कि एसडीओ शत्रुघ्न यादव मुबारकपुर विद्युत उपकेंद्र पर लगभग डेढ़ वर्ष से तैनात थे,अब उनका स्थानांतरण आज़मगढ़ वर्कशाप पर एसडीओ सहायक अभियंता के पद हुआ है। मिली जानकारी मुताबिक नवागत एसडीओ अमित पोपले के रूप में हुई है। इस दौरान एसडीओ शत्रुघ्न यादव ने कहा की मुझे बहुत खुशी मिली है मैं अपने कर्मो के द्वारा जितना मुझे पॉवर था उसके हिसाब से मैं करता था उन्होंने ने कहा की मुबारकपुर और इब्राहीमपुर की जनता का प्यार हमेशा मुझे मिला है उन्होंने कहां का स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जिसके तहत मेरा स्थानांतरण हुआ है यहां के लोग हमेशा मेरे दिल में रहेंगे। वहीं समाजसेवी फैसल नईम आज़मी ने कहा की एसडीओ शत्रुघ्न यादव के यहाँ से स्थानांतरण होने पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया फैसल ने कहा कि इस तरह के अधिकारी विभाग में रहेंगे तो जनता को काफी लाभ मिलेगा। वहीं कांग्रेस पार्टी के मुबारकपुर अध्यक्ष ज़फ़र अख्तर ने कहा कि एसडीओ साहब के कार्यो की जितनी प्रशंसा की जाए कम है क्योंकि यह विभाग के कार्यो से ऊपर उठकर गरीब असहायों की भी बड़ी मदद किया करते थे। इस अवसर पर ज़फ़र अख्तर , अबू हाशिम, नसीम प्रधान, ईशा बी, डी, सी, मुमताजुद्दीन, शादाब, वसीम अकरम, लाडिले, अबू शहमा, मोलवि नेहाल, फ़ैज़ऐयाब आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेवा क्षेत्र की गतिविधियां तीन माह के उच्चतम स्तर पर, दिसंबर में खुले 41.7 लाख डीमैट खाते

**नई दिल्ली।** सेवा क्षेत्र की गतिविधियां बेहतर आर्थिक परिस्थितियों और सकारात्मक मांग के दम पर दिसंबर में तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक दिसंबर में 59 पर पहुंच गया। यह नवंबर में 56.9 पर था।

**व्यवस्था**

**भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2,000 रुपये के नोट डाकघर में भी बदलने की व्यवस्था की है।**

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) का 50 से ऊपर रहने का मतलब गतिविधियों में तेजी बनी हुई है। 50 से कम अंक का आशय कमजोरी से होता है। यह सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की 400 कंपनियों के साथ सवाल-जवाब पर आधारित है। मांग में उछाल से बिक्री में तेजी आई जिससे कारोबारी गतिविधियां भी बढ़ीं। रोजगार निर्माण 19वें महीने बढ़ा। एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स 57.4 से बढ़कर 58.5 हो गया।



एचएसबीसी की भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत का सेवा क्षेत्र उच्च स्तर पर रहा है। सेवा प्रदाताओं को दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप, पश्चिम एशिया और दक्षिण अमेरिका के ग्राहकों की ओर से अच्छी मांग मिली। तीन माह में सर्वाधिक ऑर्डर मिलने से ऐसा हुआ है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2,000 रुपये के नोट डाकघर में भी बदलने की व्यवस्था की है। एक व्यक्ति एक बार में 20,000 मूल्य के नोट बदल सकता है। बैंक ने बताया कि हमारे 19 कार्यालयों में किसी भी डाकघर से नोट भेज सकते हैं।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.75 अरब डॉलर बढ़कर 623.20 अरब डॉलर हो गया। यह 22 महीने का उच्च स्तर है। 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर हो गया था। पिछले 6 सप्ताह के आंकड़े के हिसाब से भंडार में 30.12 अरब डॉलर की बढ़ोतरी आई है। 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्तियां 1.86 अरब डॉलर बढ़कर 551.615 अरब डॉलर रही। सोने के भंडार का मूल्य 85.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.328 अरब डॉलर हो गया। अक्तूबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर था। पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की विनिमय दर बनाए रखने के लिए मुद्राभंडार का उपयोग किया। इससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ।

शेयर बाजार की तेजी के बीच दिसंबर में रिकॉर्ड 41.78 लाख डीमैट खाते खुले हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में 27.81 लाख खाते खुले थे। कुल डीमैट खातों की संख्या 13.93 करोड़ को पार कर गई है।

गलत दावों और कटौती के लिए आयकर विभाग ने श्री सीमेंट को 4,000 करोड़ का नोटिस भेजा है। इससे शेयर 5% तक टूट गए। कर विभाग ने जून में सर्वे किया था। अप्रैल 2014 से मार्च 2023 के बीच 8,500 करोड़ के गलत दावों की जानकारी मिली थी।

हैम्पटन स्काई रियल्टी 2025 तक 120 करोड़ रुपये का निवेश कर सकती है। कंपनी लुधियाना में वाणिज्यिक प्रोजेक्ट शुरू कर रही है। इसमें मशहूर रिटेल ब्रांड शामिल होंगे। यह परियोजना 12 एकड़ भूमि पर है। प्रोजेक्ट का निर्माण क्षेत्र पांच लाख वर्ग फुट होगा।

भारतीय युवाओं को सप्ताह में 70

# डीजीसीए ने एयरलाइंस को दिया निर्देश, कहा- तुरंत कराएं निरीक्षण

**नई दिल्ली।** अलास्का एयरलाइंस के बोइंग 737-9 मैक्स विमान का आपातकालीन दरवाजा हवा में उखड़ कर अलग होने की घटना के बाद डीजीसीए ने भारतीय विमानन कंपनियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। डीजीसीए ने कहा है कि इस घटना के बारे में बोइंग से अभी तक कोई जानकारी या स्पष्टीकरण नहीं मिला है। किसी भी भारतीय एयर ऑपरेटर के पास अभी तक अपने बेड़े में बोइंग 737-9 मैक्स नहीं है। हालांकि, एहतियातन डीजीसीए ने सभी भारतीय हवाई ऑपरेटरों को निर्देश दिया है कि वे वर्तमान में अपने बेड़े में चल रहे सभी बोइंग 737-8 मैक्स विमानों के आपातकालीन निकास का एक बार तुरंत निरीक्षण कराएं।

यह पूछे जाने पर कि क्या निरीक्षण से उड़ानों का कार्यक्रम प्रभावित हो सकता है, अधिकारी ने ना में जवाब दिया। अधिकारी ने कहा, नहीं, ये एक बार की जांच विमान के रात्रि विश्राम के दौरान की जाएगी। वर्तमान में एयर




इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और अकासा एयर के बेड़े में बोइंग 737-8 मैक्स विमान हैं।

अलास्का एयरलाइंस के विमान में हुए हादसे के बाद बोइंग की ओर से ट्वीट किया गया, अलास्का एयरलाइंस की उड़ान संख्या एएस1282 जानकारी मिली है। हम और विस्तृत जानकारी इकट्ठा करने के लिए काम कर रहे हैं और एयरलाइन के संपर्क में हैं। बोइंग की एक तकनीकी टीम जांच में सहयोग करने के लिए तैयार है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार अलास्का एयरलाइंस फ्लाइट 1282, जो कैलिफोर्निया के ओंटारियो जा रही थी, प्रस्थान के तुरंत बाद एक हादसे का शिकार हो गई। टेकऑफ के लगभग 20 मिनट बाद 174 यात्रियों और छह चालक दल के सदस्यों की पोर्टलैंड में सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। सोशल मीडिया पोस्ट में हवाई जहाज में एक खिड़की और एक तरफ की दीवार का हिस्सा गायब दिखाया गया है। इस बाद लोगों को ऑक्सीजन मास्क का इस्तेमाल करना पड़ा।

## बालेन्दु दाधीच आईकैन के यूए एंबेसडर नियुक्त



**नई दिल्ली।** दाधीच माइक्रोसॉफ्ट में निदेशक- भारतीय भाषाएं और सुगम्यता के पद पर कार्यरत हैं। वे इंटरनेट सहित डिजिटल माध्यमों पर स्थानीय भाषाओं का प्रयोग निरंतर सुगम बनाने संबंधी वैश्विक प्रयासों में योगदान देंगे। तकनीकविद् बालेन्दु शर्मा दाधीच को इंटरनेट डोमेन नामों का संचालन करने वाली वैश्विक संस्था आइकैन का युनिवर्सल एक्सेस एंबेसडर नियुक्त किया गया है। उनसे पूर्व भारत में पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा भी यूएएसजी एंबेसडर नियुक्त किए गए थे।

दाधीच माइक्रोसॉफ्ट में निदेशक- भारतीय भाषाएं और सुगम्यता के पद पर कार्यरत हैं। वे इंटरनेट सहित डिजिटल माध्यमों पर स्थानीय भाषाओं का प्रयोग निरंतर सुगम बनाने संबंधी वैश्विक प्रयासों में योगदान देंगे।

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित श्री दाधीच केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की बहुभाषीय इंटरनेट गवर्निंग काउंसिल के भी सदस्य हैं।

## सैमसंग ने भारत में अगले गैलेक्सी स्मार्टफोन के लिए प्री-रिज़र्व शुरू किया

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बडे कंस्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने अगले फ्लैगशिप गैलेक्सी स्मार्टफोन के प्री-रिज़र्व की घोषणा कर दी है। इस स्मार्टफोन को इसी महीने पेश किया जाएगा। प्री-रिज़र्व ग्राहक नये गैलेक्सी डिवाइसेस की जल्दी खरीदी कर सकें गे और ये प्रोडक्ट्स खरीदने पर खास ऑफर्स का फायदा भी उठा सकेंगे।

ग्राहक सैमसंग डॉट कॉम , सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, अमेज़न डॉट इन और भारत में अग्रणी रिटेल दुकानों पर 2000 रुपये की टोकन राशि देकर फ्लैगशिप गैलेक्सी डिवाइसेस को प्री-रिज़र्व कर सकते हैं। प्री-रिज़र्व करने वाले उपभोक्ताओं को 5000 रुपये का फायदा होगा।

पहले गैलेक्सी फ्लैगशिप की पेशकश के बाद से ही सैमसंग लगातार उपभोक्ताओं के लिए फ्लैगशिप के अनुभव को बेहतर बना रहा है और उसमें लगातार नयापन लेकर आ रहा है। फ्लैगशिप के अगले जनरेशन के साथ बेहतर डिवाइसेस पेश किये जा रहे हैं, जोकि कई वर्षों के कठोर शोध एवं विकास और निवेश पर आधारित हैं। सैमसंग गैलेक्सी इनोवेशन के नये युग को बढ़ावा देना और उद्योग के अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहता है। सैमसंग 17 जनवरी को सैन जोस, कैलिफ़ोर्निया में गैलेक्सी अनपैक्ड में फ्लैगशिप डिवाइसेस की अगली जनरेशन पेश करेगा।

## ईडी ने झारखंड सीएम के प्रेस सलाहकार और साहिबगंज डीसी को भेजा समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत




सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद और साहिबगंज के उपायुक्त राम निवास यादव को राज्य में कथित अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रसाद उर्फ पिंटू को 16 जनवरी को, यादव को 11 जनवरी को और एक अन्य व्यक्ति बिनोद सिंह को 15 जनवरी को एजेंसी के रांची कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है।

ईडी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि उनके बयान धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किए जाएंगे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तीन जनवरी को उनके और साहिबगंज के पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र दुबे तथा कुछ अन्य के परिसरों पर छापेमारी की थी। एजेंसी ने कहा कि यह कार्रवाई साहिबगंज में चल रहे अवैध पत्थर खनन के एक मामले से संबंधित है, जिसमें 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का अपराध हुआ है।

बयान में कहा गया है, साहिबगंज क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन गतिविधियां की जा रही थीं और इस अधिनियम की सीमा का पता लगाने के लिए, झारखंड सरकार के प्रशासनिक, वन, खनन और प्रदूषण नियंत्रण विभागों के साथ ईडी के अधिकारियों द्वारा के 20 संयुक्त निरीक्षण किए गए। ईडी ने कहा, संयुक्त निरीक्षण में भारी अवैध खनन के साथ-साथ भूमि और वन क्षेत्र के लिए खतरे की पुष्टि हुई, जिससे पर्यावरण को नुकसान होगा।

झारखंड पुलिस ने सोरेन के राजनीतिक सलाहकारों में से एक बिष्णु यादव, पवित्र यादव, पंकज मिश्रा तथा अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। ईडी ने कहा कि बाद में झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने हाथ में ले लिया।

जांच में पाया गया है कि अवैध खनन के इस मामले का सरगना पंकज मिश्रा था। ईडी ने उन्हें जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। संघीय एजेंसी ने छापेमारी के बाद एक बयान में कहा कि आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त करने के अलावा, उसने उपायुक्त (डीसी) राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये नकद भी बरामद किए।

इनके अलावा, डीसी के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के दो और .45 पिस्तौल के पांच खाली कारतूस भी जब्त किए गए। इसमें कहा गया है कि दिन भर चली तलाशी के दौरान जिन 30 बेनामी बैंक खातों के दस्तावेज मिले हैं, उन पर रोक लगा दी गई है।

## लघु उद्योग भारती और सिडबी ने किया लघु उद्योगों पर सेमिनार का आयोजन

उद्यम संबंधी सभी सुविधाओं की जानकारी एक ही मंच पर सुलभ हो- अरुण भाटिया

**लखनऊ।** लघु उद्योग भारती सूक्ष्म, लघु उद्योगों का एकमात्र अखिल भारतीय संगठन हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में संगठन की 75 इकाईयां कार्यरत हैं।

लघु उद्योग भारती लखनऊ इकाई द्वारा सिडबी के सहयोग से गोमतीनगर स्थित होटल फेयरफील्ड मेरिअट में उद्यमियों के ज्ञानवर्धन उद्योगों को प्रोत्साहन एवं विस्तार, विकास के उद्देश्य से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में सिडबी की विभिन्न योजनाओं जैसे टर्म लोन निर्यात लोन इक्विटी सहायता ऊर्जा संरक्षण सहायताओं आदि की जानकारी को विस्तार से दी गई। ओएनडीसी,ट्रेड्स, सूक्ष्म लघु उद्योगों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट आदि पर भी चर्चा की गई।

सेमिनार को संबोधित करते हुए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)लखनऊ के महाप्रबंधक मनीष सिन्हा ने कहा कि सिडबी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के प्रसार, वित्तपोषण और विकास के लिए प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में कार्य करता है । सिडबी उद्यमशीलता को बढ़ावा देता है और उद्यमियों के विकास और क्षमता निर्माण में भी सहायता करता है। सिडबी एमएसएमई के सामने आने वाली विभिन्न गैर-वित्तीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए उनके प्रचार और विकास में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाता है। उन्होंने मिशन स्वावलंबन के बारे में बताया और मिशन के तहत, सिडबी उद्यमिता संस्कृति का प्रसार करता है और युवाओं को ÷नौकरी चाहने वालों÷ से ÷नौकरी निर्माता÷ में बदल देता है। यह उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के समग्र प्रचार और




विकास के लिए एक छत्र कार्यक्रम है। प्रधान मंत्री के पंचामृत मिशन के अनुरूप, सिडबी ने एमएसएमई के लिए पंचतत्व मिशन शुरू किया है, जो पांच तत्वों का प्रतीक है। इस दृष्टिकोण का लक्ष्य टिकाऊ और जिम्मेदार व्यवसाय बनाना है जो पर्यावरण और सामाजिक कल्याण में योगदान देता है। उन्होंने बताया कि सिडबी के पास एमएसएमई के लिए उनकी जरूरतों के अनुसार उचित मूल्य पर सभी प्रकार के उत्पाद हैं। उन्होंने कहा कि सिडबी अब एमएसएमई के लिए एक फिन-टेक बैंक है और सभी ऋण आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में स्वीकार करता है। सिडबी ने एक फिन-टेक प्लेटफॉर्म विकसित किया है जिसे एमएसएमई के लिए एक्सप्रेस लोन कहा जाता है, जहां सभी ऋण आवेदन और दस्तावेज डिजिटल रूप से लिए जाएंगे और डिजिटल रूप से स्वीकृत भी किए जाएंगे।

प्रेजेंटेशन के दौरान विकास बलानी सहायक महाप्रबंधक, सिडबी लखनऊ शाखा ने एमएसएमई के विभिन्न क्षेत्रों में सिडबी की विभिन्न ऋण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये लघु उद्योग भारती लखनऊ इकाई के अध्यक्ष अरूण भाटिया द्वारा लखनऊ इकाई के कार्यकलापों पर चर्चा की गयी ,उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में केंद्र और प्रदेश की योगी सरकार ने एमएसएमई सेक्टर के विकास पर खासा जोर दिया है।

## गुजरात और तमिलनाडु के इन्वेस्टर्स समिट में हिस्सा लेगा सिंगापुर

**नई दिल्ली।** सिंगापुर 9 से 12 जनवरी तक गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) में सहभागी देश के रूप में भाग लेगा। नई दिल्ली स्थित सिंगापुर उच्चायोग ने बयान जारी कर यह जानकारी दी है। सिंगापुर उच्चायोग ने बयान में कहा है कि सिंगापुर और उसकी कंपनियां गुजरात राज्य के साथ आर्थिक सहयोग मजबूत करेंगी। यह गुजरात की हरित अर्थव्यवस्था और स्थिरता के क्षेत्र में विस्तारित निवेश के जरिये किया जाएगा।

गांधीनगर में 9 से 12 जनवरी तक आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) के दौरान निवेश की जानकारी दी जाएगी। सिंगापुर 30 अन्य देशों के साथ वीजीजीएस में एक भागीदार देश के रूप में भाग लेगा। राज्य में मजबूत उपस्थिति के साथ सिंगापुर की कंपनियों को संचालन में मदद के लिए एक समर्पित सिंगापुर मंडप भी स्थापित किया जाएगा।

एक अन्य बयान में सिंगापुर ने तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2024 में भी अपनी भागीदारी की जानकाी दी। इसका आयोजन 7 और 8 जनवरी को चेन्नई में किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि सिंगापुर और उसकी कंपनियां तमिलनाडु राज्य के साथ आर्थिक सहयोग को मजबूत करेंगी। यह तमिलनाडु की हरित अर्थव्यवस्था और स्थिरता क्षेत्र के साथ-साथ बुनियादी ढांचे के विकास (डेटा केंद्रों, आईटी पार्क और रसद सहित) क्षेत्र में अपना निवेश बढ़ाएगा।

इन निवेशों की घोषणा 7 और 8 जनवरी को चेन्नई में आयोजित तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट (टीएनजीआईएम) के दौरान की जाएगी। सिंगापुर उच्चायोग ने बताया कि सिंगापुर आठ अन्य देशों के साथ टीएनजीआईएम में पहले भागीदार देश के रूप में भाग लेगा।

## पीयूष गोयल ने कोलकाता में कहा- देश को समृद्ध बनाने में बंगाल सबसे आगे रहे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान राज्य के लोगों को भारत को एक विकसित राष्ट्र और समृद्ध राष्ट्र बनाने के आंदोलन में सबसे आगे रहने को कहा। उन्होंने कहा कि मेरे मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि जिस तरह से स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व पश्चिम बंगाल ने किया था, उसी तरह 2047 तक जब हम आजादी का सौंवा साल मनाएंगे, तब तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमारे प्रयास, हमारी प्रेरणा और हमारी प्रतिबद्धता का नेतृत्व पश्चिम बंगाल करेगा। मुझे यकीन है कि पश्चिम बंगाल के लोग, मेहनती किसान, युवा और हमारी महिलाएं, सभी भारत को एक समृद्ध व विकसित राष्ट्र बनाने में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को स्वीकार करेंगे और हम सभी मिलकर काम करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस नाम लेकर कांग्रेस भी पर निधाना साधा। गोयल ने कहा, सुभाष चंद्र बोस उन स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। हम सभी को उस समय कांग्रेस पार्टी की ओर से उनके साथ किए गए अन्याय याद हैं और यह बहुत शर्मनाक है। वर्षों तक सुभाष चंद्र बोस को वह सम्मान नहीं मिला, जिसके वह हकदार थे। पिछले साल पीएम मोदी के नेतृत्व में इंडिया गेट के पास उनकी प्रतिमा का निर्माण किया गया था।

केंद्रीय मंत्री ने कोलकाता दौरे के दौरान वहां स्थित पटसन भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह पटसन भवन पीएम नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह एकीकृत परिसर हमारे जूट उद्योग के विकास को बढ़ावा देने में एक गेम-चेंजर साबित होगा और इस क्षेत्र के सभी हितधारकों के लिए वन-स्टॉप-सर्विस सेंटर के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि कोलकाता स्थित पटसन भवन स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

## ITC Sunfeast ने बिस्किट इंडस्ट्री में पहली बार लॉन्च की 100% पेपर पैकेजिंग

**नई दिल्ली।** ITC Foods की पौष्टिक बिस्किट रेंज ITC Sunfeast Farmlite ने अपनी नई पेशकश Sunfeast Farmlite डाइजेस्टिव बिस्किट फैमिली पैक लॉन्च की है। इस पैक की बाहरी पैकेजिंग 100% पेपर की होगी। बिस्किट उद्योग में पहली बार ऐसी पैकेजिंग प्रस्तुत की गई है, जो ब्रांड द्वारा बिस्किट कैटेगरी में एक नए चलन की शुरुआत मानी जा रही है।

Sunfeast Farmlite इस उद्योग का पहला ब्रांड है जिसने 100% बाहरी पेपर पैकेजिंग का इस्तेमाल शुरु किया है। इस पैकेजिंग की डिजाइन काफी ध्यानपूर्वक तैयार की गई है, जो इसे उपभोक्ताओं के लिए सुविधाजनक और आकर्षक बनाती है। यह नई पहल ब्रांड द्वारा प्लास्टिक का इस्तेमाल घटाने और उपभोक्ताओं को रोजमर्रा की खरीदारी में पर्यावरण के अनुकूल कदम उठाने हेतु प्रोत्साहित करने में मदद करेगी।

आज के उपभोक्ता अपनी खरीदारी में ना केवल सेहत और पोषण को प्राथमिकता देते हैं, बल्कि वे ऐसे ब्रांड्स को भी खरीदना चाहते हैं जो पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी समझते हों। Sunfeast Farmlite ने इसी ज़रूरत को समझते हुए




उपभोक्ताओं की पसंद के अनुसार यह नई पैकेजिंग लॉन्च की है।

इस पहल के बारे में बोलते हुए, अली हैरिस शेर, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, बिस्किट्स एवं केक्स क्लस्टर, ITC Foods डिविजन ने कहा, हमारा यह मानना है कि हमें ना सिर्फ सतर्क, उपभोक्ता केंद्रित और नए कदम उठाने पर ध्यान देना चाहिए बल्कि किसी ना किसी उद्देश्य के साथ भी काम करना चाहिए। पहली बार अपने प्रोडक्ट की बाहरी पैकेजिंग को 100% पेपर में लॉन्च करना हमारे ब्रांड द्वारा पर्यावरण के अनुकूल पैकेजिंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारे उपभोक्ता भी लगातार जिम्मेदारी के साथ खरीददारी करने पर ध्यान देने लगे हैं।

इसलिए, हम उन्हें ऐसी पैकेजिंग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो पर्यावरण के लिए नुकसानदायक ना हो। इस उद्योग में हमारी यह नई पहल है और धीरे-धीरे हम अन्य बिस्किट प्रोडक्ट्स के लिए भी ऐसी ही पैकेजिंग इस्तेमाल करने की योजना रखते हैं।

ITC की यह पहल उनके सस्टेनबिलटी 2.0 विज़न का हिस्सा है, जो पर्यावरण के हित में चलाई जा रही विभिन्न पहलों को मज़बूत बनाने की कोशिश करती है। इसके तहत उपभोक्ताओं की खरीदारी के बाद जमा होने वाले पैकेजिंग के कचरे के लिए एक प्रभावी सर्कुलर इकोनॉमी तैयार करना भी शामिल है।

नई 100% बाहरी पेपर बैग पैकेजिंग वाला Sunfeast Farmlite डाइजेस्टिव फैमिली पैक 800 ग्राम के एसकेयू में फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होगा। यह पैक जल्द ही अन्य ई-कॉमर्स/क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म सहित सुपरमार्केट्स में भी उपलब्ध कराया जाएगा।

# टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने अपना पहला प्योर ईवी आर्किटेक्चर acti.ev लॉन्च किया

**मुंबई।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास में अग्रणी टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने आज अपना पहला आधुनिक प्योर ईवी आर्किटेक्चर acti.ev पेश किया है। acti.ev का मतलब (एडवांस्ड कनेक्टेड टेक-इंटेलिजेंट इलेक्ट्रिक व्हीकल) है। यह यह टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के पोर्टफोलियो में शामिल आगे आने प्रोडक्ट्स के विकास में योगदान देगा। Punch.ev इस प्योर इलेक्ट्रिक आर्किटेक्चर पर आधारित पहला प्रोडक्ट होगा। ये कई बॉडी स्टाइल और साइज के साथ तमाम तरह के प्रोडक्ट बनाने में योगदान करेगा। आज से, ग्राहक केवल 21,000 का भुगतान करके ईवी बिक्री के लिए अधिकृत अपने निकटतम टाटा मोटर्स शोरूम या Tata.ev स्टोर पर जाकर अपनी Punch.ev बुक कर सकते हैं। ये बुकिंग https://bit.ly/punchev-bookingsopen पर ऑनलाइन भी की जा सकती है।




इस महत्वाकांक्षी पेशकश पर टिप्पणी करते हुए, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ प्रोडक्ट्स ऑफीसर, एचवी प्रोग्राम्स और कस्टमर सर्विसेज हेड, श्री आनंद कुलकर्णी ने कहा, भारत में ईवी डेवलपमेंट के लीडर के रूप में हमें साल 2024 में कदम रखने पर गर्व है। acti.ev के रूप में हमने एक अभूतपूर्व विकास किया है। यह एक भारत में बना आधुनिक और प्योर ईवी आर्किटेक्चर है। ये देश के तेजी से विकसित हो रहे ईवी बाजार में एक ट्रेंडसेटर बनने की क्षमता रखता है। इस आर्किटेक्चर को मजबूत कार्य क्षमता, अधिकतम स्थान, बैटरी क्षमता और पूरे ड्राइविंग अनुभव को शानदार बनाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। acti.ev एक ग्लोबल मानकों पर आधारित भविष्य की जरूरतों के ध्यान में रखकर बनाया गया शुद्ध इलेक्ट्रिक आर्किटेक्चर है जो सॉफ्टवेयर आधारित सुविधाओं के कार्यान्वयन को आसान बनाने के साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि हमारे वाहन न केवल तकनीकी रूप से उन्नत हों बल्कि भविष्य के लिए भी उपयुक्त हों।

इसके साथ, हम इस आधुनिक, बहुस्तरीय आर्किटेक्चर पर बने पहले उत्पाद Punch.ev के अनावरण की घोषणा करके और ज्यादा उत्साहित हैं। Punch.ev , टीपीईएम के प्रोडक्शन लाइन से निकली अगली पीढ़ी की ईवी है। हमें विश्वास है कि acti.ev आर्किटेक्चर पर बने भविष्य के उत्पाद हमारे लगातार बढ़ते ग्राहकों में खुशी जगाते रहेंगे।

## सल्फर कोटेड यूरिया को लॉन्च करने के प्रस्ताव को सरकार ने दी मंजूरी




**नई दिल्ली।** उर्वरक विभाग ने सभी उर्वरक विनिर्माण कंपनियों के एमडी/सीएमडी को बताया है कि सीसीईए ने 28 जून, 2023 को आयोजित अपनी बैठक में यूरिया गोल्ड के नाम से सल्फर लेपित यूरिया लॉन्च करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

सरकार ने सल्फर लेपित यूरिया को यूरिया गोल्ड के नाम से लॉन्च करने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रसायन व उर्वरक मंत्रालय के उर्वरक विभाग ने सभी उर्वरक विनिर्माण कंपनियों के एमडी/सीएमडी को अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी है। विभाग ने अधिसूचना में बताया है कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 28 जून, 2023 को आयोजित अपनी बैठक में ÷यूरिया गोल्ड÷ के नाम से सल्फर लेपित यूरिया लॉन्च करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में, सक्षम प्राधिकारी ने 40 किलोग्राम के बैग में सल्फर लेपित यूरिया को नीम लेपित यूरिया के 45 किलोग्राम बैग के समान एमआरपी पर शुरू करने की मंजूरी दे दी है। इसकी कीमत जीएसटी सहित 266.50 रुपये होगी।

# सैनिक स्कूल के निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री योगी ने किया निरीक्षण

- आसन्न सत्र से शुरू हो जाएगी गोरखपुर सैनिक स्कूल में पढ़ाई
- 15 फरवरी तक सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** गोरखपुर के सैनिक स्कूल में आसन्न सत्र से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। सत्र प्रारंभ होने से पहले निर्माण कार्य पूर्णतः पूर्ण हो, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को निर्माण के अंतिम चरण में पहुंच चुके सैनिक स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण की स्थलीय प्रगति जानने के साथ इसके मॉडल को भी देखा और जरूरी निर्देश दिए।

सीएम योगी ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए सभी निर्माण कार्य 15 फरवरी तक हरहाल में पूर्ण कर लिए जाएं। खाद कारखाना परिसर में बन रहे सैनिक स्कूल का निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में इस सैनिक स्कूल में कक्षाओं का संचलन शुरू हो जाएगा। यह स्कूल गोरखपुर समेत समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए गौरव स्तम्भ दिखना चाहिए क्योंकि किसी भी क्षेत्र में सैनिक स्कूल का होना बड़ी उपलब्धि होती है। सैनिक स्कूल के मॉडल, एकेडमिक व प्रशासनिक ब्लॉक समेत पूरे परिसर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने क्लास रूम, लैब व लाइब्रेरी का सघन अवलोकन कर उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बालक-बालिका छात्रावास, मेस, स्टेडियम के बारे में पूछताछ की। इस मौके पर उन्होंने पूर्ण और अपूर्ण कार्यों के बारे में पूछा और निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण कार्य 15 फरवरी तक अवश्य पूरे कर स्कूल को हैंडओवर कर दिया जाए। गोरखपुर का सैनिक स्कूल खाद कारखाना परिसर में आवंटित 50 एकड़ भूमि पर विस्तृत है। डेढ़ सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले इस स्कूल का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 जुलाई 2021 को किया था। 'युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा' के ध्येय से निर्माणाधीन इस शैक्षिक प्रकल्प में कक्षा 6 से 12 तक बालक-बालिकाओं को आवासीय व्यवस्था के तहत शिक्षा प्रदान की जाएगी। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कैंपस हैं। स्कूल का प्रशासनिक भवन प्राचीन भारतीय संस्कृति व परंपरा का दर्शन कराने वाला बना है। यहां बनने वाले हॉस्टल राष्ट्र नायकों के नाम से समर्पित होंगे। साथ ही कैंपस के अलग-अलग स्थानों का नामकरण सेना के जाबांजों के नाम पर किया जाएगा। सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के खेलकूद की गतिविधियों के लिए खेलों के कई कोर्ट व मैदान भी विकसित हुए हैं या हो रहे हैं।

## नाले की अधिक ऊंचाई पर सीएम योगी ने लगाई पीडब्ल्यूडी के अफसरों को फटकार

- देवरिया बाईपास पर बन रहे नाले का मुख्यमंत्री ने औचक निरीक्षण किया
- दुरुस्त करें नाला, आस पास के मोहल्लों में जलभराव हुआ तो खैर नहीं

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया बाईपास पर बन रहे नाले की अधिक ऊंचाई को देखकर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने इसके लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और नाले को नए सिरे से दुरुस्त करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाले के बेतरतीब होने से यदि आसपास के मोहल्लों में जलभराव की नौबत आई तो खैर नहीं। सीएम योगी के कड़े तेवर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के होश गुम हो गए।

शनिवार शाम आरपीएम एकेडमी का शुभारंभ कर वापस लौटते हुए सीएम योगी अचानक देवरिया बाईपास पर बन रहे नाले का निरीक्षण करने पहुंच गए। चिड़ियाघर के सामने उनका काफिला रुका और मुख्यमंत्री तुरंत नाले का पास पहुंच गए। उन्होंने नाले को झुककर भी देखा। अधिक ऊंचाई देखकर आसपास की कॉलोनियों में बरसात के दौरान जलभराव की आशंका के दृष्टिगत उनकी भृकुटि तन गई। उन्होंने कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की इंजीनियरिंग पर सवाल खड़े करते हुए सख्त लहजे में पूछा कि जब नाला इतनी ऊंचाई पर होगा तो आसपास के मोहल्लों का क्या होगा।

मुख्यमंत्री के सवाल पर अधिकारियों को कोई जवाब नहीं सूझ रहा था। उन्होंने दो टूक चेतावनी दी कि नाला दुरुस्त करें। नाला लोगों की सहूलियत के लिए बन रहा है इसलिए ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे आमजन को कोई दिक्कत नहीं होने पाए।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एक मामले का निस्तारण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार सहजनवा तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने किया। इस दौरान 67 मामले आए थे। जिसमे 1 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 36, पुलिस 8, विकास 10, समाज कल्याण 1, अन्य 12 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राज्य टीम गठित की गई है।पुलिस के मामले के निस्तारण के लिए जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, ईओ सूर्यकांत, एसडीओ पुष्पेंद्र सिंह सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## अवैध खनन में संलिप्त चार ट्रैक्टर, एक जेसीबी व एक डंफर सीज



**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देश पर हाटा तहसील क्षेत्र में अवैध खनन में संलिप्त वाहनों की पहचान होने पर एसडीएम के निर्देश पर चार ट्रैक्टर ट्राली, एक जेसीबी व एक डंफर वाहन को तहसीलदार हाटा धर्मवीर सिंह ने सीज कर दिया। वहीं क्षतिपूर्ति निर्धारित करने हेतु खनन निरीक्षक को निर्देशित किया। बता दें कि क्षेत्र में अवैध बालू खनन हो या मिट्टी खनन माफियाओं द्वारा नियम कानून को ताख पर रखकर चोरी छिपे रात हो या दिन बैखौफ कर रहे है। प्रशासन लगातार इन माफियाओं पर समय समय पर कार्यवाई भी करती है। इसी क्रम में हाटा तहसील क्षेत्र में अवैध खनन संलिप्त वाहनों को चिन्हित कर सीज किया जा रहा है। जिसके क्रम में ग्राम पिपरिया थाना अहिरौली में राजस्व टीम द्वारा एक ट्रैक्टर ट्राली, ग्राम सोनबरसा थाना अहिरौली में एक जेसीबी मशीन व एक डंफर सीजी किया गया। इसी प्रकार ग्राम सभा लालीपार थाना कोतवाली हाटा में दो ट्रैक्टर ट्राली सीज किया गया। तहसीलदार धर्मवीर सिंह ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर अवैध खनन में लगे वाहनों को चिन्हित कर सीज किया गया है। इसमें चार ट्रैक्टर ट्राली, एक जेसीबी मशीन व एक डंफर शामिल है।

## मोदी की गारण्टी ने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ाः सांसद

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पडरौना नगर के उदित नारायण डिग्री कॉलेज के मैदान में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और शासन की योजनाओं का लाभ उठाए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को लाभ दिलाने के लिए स्टाल लगाया गया।

क्षेत्रीय सांसद सांसद कुशीनगर विजय दुबे बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सासंद ने कहा कि पीएम मोदी की गारण्टी ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है और भारत विश्व की अगुवाई करने वाले देशों की सूची में शामिल हो सका है। विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में विकास किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने शिक्षा, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, खेल, विज्ञान, कृषि, व्यापार, स्टार्टअप, अंतरिक्ष, चिकित्सा, अनुसन्धान, सांस्कृतिक, पर्यटन के अलावा आधारभूत ढांचे में सुधार करके भारत को 3 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था वाला देश बनाया है। नपाध्यक्ष ने बताया कि 7 व 8 जनवरी को नगर के बुद्धा पार्क रविंद्रनगर, उदित नारायण इंटर कॉलेज, हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज, और जलकल भवन में कैम्प लगाकर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के आवेदन ली जायेगी। कार्यक्रम को सदर विधायक मनीष जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन लल्लन मिश्र सहित तमाम लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम मे जनपद के विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा कैम्प लगाकर जरूरत के आवेदन लिए गए। पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ई बस सेवा, भारतीय जन औषधि परियोजना, उजाला योजना के अलावा समाज कल्याण विभाग, अन्नप्राशन और गोदभराई परियोजना से सम्बंधित अधिकारी कैम्प में उपस्थित रहे। इस दौरान लाभार्थियों को सांसद द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। अंत में अभय मारोदिया, हिमांशु सिंह और भाष्कर शर्मा को पीएम मोदी मेगा क्विज में क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किये जाने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनूप मिश्रा ने किया। इस अवसर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, ईओ सन्तराम सरोज, सभासद प्रमोद श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, रामाश्रय गौतम बलवंत सिंह उषा देवी अरुण कुशवाहा, पीयूष सिंह, सोनु कुशवाहा कलावती देवी, मोनू सिंह सीता देवी, अविनाश सिंह संतोष गुप्ता बबलू खरवार कयामुद्दीन संजय चौधरी भोली जायसवाल सहित प्रमोद साहा, ब्रजेश शर्मा नीरज मिश्र, आकाश वर्मा, आलोक विश्वकर्मा राहुल कन्नौजिया, अमित जायसवाल, श्यामू शाह, शुभम सिंह मंथन के अलावा हजारों की संख्या में लाभार्थी सहित आमजन मौजूद रहे।

## पैगम्बर मुहम्मद साहब की बेटी बीबी फातिमा की विलादत पर टीम मिशन अहलेबैत ने बांटा कम्बल



अवधनामा संवाददाता

- जिक्रे अहले बैत की महफिल के साथ बांटा गया गरीबों में कम्बल

**गोरखपुर।** बीबी फातिमा की पैदाइश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज ने पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब की बेटी बीबी फातिमा के जन्मदिन के अवसर पर जगह जगह महफ़िलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टीम मिशन अहलेबैत ने अपने कार्यालय पर महफ़िल सजाई जिसमें वक्ताओं ने बीबी फातिमा ज़हरा के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लोगों ने नाते पाक भी पढ़ी। टीम की जानिब से गोरखनाथ पुल पर और धरमशाला रोड़ पर ठण्ड से परेशान गरीब यतीम लोगों में कम्बल बाटा गया। इसके अलावा बीबी फातिमा के जन्मदिन के अवसर पर टीम मिशन अहलेबैत की जानिब से जरूरतमंदो में फल नाशता और अन्य जरूरत की चीज़े बाटी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सय्यद दानियाल हैदर शम्सी, वक़ार चिश्ती, खुर्शीद आलम, इस्हाक़ वारसी, वसीम वारसी, यासीर वारसी, ज़ुबैर आलम शम्सी, समीर हैदर शम्सी, सैफ अली वारीस, अमन वारसी, राज़िक़ वारसी, अयान वारसी, आद्रश बरकाती, अमन चिश्ती, रेहान वारसी, मुहम्मद साक़िब, साहील वारसी, अलताफ अली, आमान युसुफी, आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर हुई तैयारी बैठक



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** आगामी 10 जनवरी बुधवार को मथौली नगर पंचायत में होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए शनिवार को श्रीमती राधिका देवी इंटरमीडिएट कालेज में चेयरमैन नवरंग सिंह व ईओ सीमा राय ने तैयारी बैठक कर कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष नवरंग सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले विकसित भारत संकल्प का यही उद्देश्य है। नगरवासियों से मेरा अपील है कि उक्त दिन पहुंचकर योजनाओं के बारे जानकारी प्राप्त करें और लाभ उठाए। उक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा में सरकार द्वारा संचालित योजनाए जिसमें पेंशन, आवास, खाद्य सुरक्षा, आयुष्मान भारत, एलपीजी कनेक्शन, अंत्योदय योजना, आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान प्रबंधक नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य रामदरश सिंह, लिपिक हरे राम शर्मा, आत्मप्रकाश पांडेय, सभासद रविन्द्र सैनी, दिनेश राव, रामनरेश, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

## जन समस्याओं के निस्तारण में उदासीनता क्षम्य नहींः डीएम

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आज तहसील अमेठी में कुल 91 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तहसील तिलोई में 26 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 का निस्तारण किया गया तहसील गौरीगंज में 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 03 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 58 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी।

## सेवानिवृत्त के एक सतत प्रक्रियाः डॉ मार्कण्डेय

### दन्त विज्ञानी दिनेश मिश्र का हुआ विदाई समारोह

अवधनामा संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** सीएचसी के मीटिंग सभागार में शनिवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी दन्त विज्ञानी दिनेश मिश्र का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुये सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने कहा कि सेवानिवृत्त एक सतत प्रक्रिया है, यह जब व्यक्ति नौकरी ज्वाइन करता है उसी समय निर्धारित हो जाता है।

डॉ चतुर्वेदी ने कहा कि श्री मिश्र का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा, वे समय के पाबन्द रहे। इनसे अन्य कर्मचारियों को सीख लेनी चाहिये। मैं इनके सेवानिवृत्त के बाद के सुखद जीवन की मंगलकामना करता हूँ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मुकेश यादव ने कहा कि श्री मिश्र के चेहरे पर कभी कार्य का तनाव नही देखा गया वे हमेशा मुस्कुराते हुये अपनी ड्यूटी पूरी कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक किये। मैं इनके सुखद जीवन के लिये ईश्वर से विनती करता हूँ। अपने विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुये दन्त विज्ञानी दिनेश मिश्र ने कहा कि जो प्यार और सहयोग आप सभी ने दिया है मैं इसका आजीवन ऋणी रहूँगा इतना कहते हुये उनका गला रुद गया। कार्यक्रम को सर्जन डॉ जलज गुप्ता, डॉ आशुतोष पांडेय, डॉ यूसुफ अंसारी, डेंटल सर्जन डॉ रितेश, महिला चिकित्सक डॉ निधिप्रदा मल्ल, एलटी विजयकृष्ण द्विवेदी आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय कुमार सिंह ने किया। इस दौरान चीफ फार्मासिस्ट अशोक सिंह, आर बी सिंह, राकेश मणि, आशुतोष मिश्र, राकेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## जनता के बीच जाएं कार्यकर्ताः संतराज

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के सातों मोर्चों के जिला अध्यक्षों तथा पदाधिकारियों की बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी संतराज यादव ने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे नमो ऐप, नव वोटर चेतना अभियान, तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए सातों मोर्चों की अलग अलग जिम्मेदारी तय की तथा आगामी आने वाले कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा की । उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया तथा कार्यकर्ताओं को जनता के बीच सघन जन संपर्क करके विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचने का अनुरोध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि भाजपा गरीबों, किसानों, शोषितों तथा वंचितों की चिंता करने वाली एकमात्र पार्टी है जिसमे सबका साथ सबका विकास सुनिश्चित करने का काम किया है। पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य हमारे कार्यकर्ता कर रहे हैं।

## गरीबों की मदद से बर्बरता कोई सेवा नहींः सुरेंद्र लाल



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** नर्वदेश्वर महादेव मंदिर परिसर मेदिपत्ती में शुक्रवार को 96 वर्ष ग्राम प्रधान गिरिजा लाल सागर के जन्मदिन के अवसर पर मंडल वितरण एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कागजातों में कंबल वितरण कर सभोज का वितरण किया गया। ग्राम जहां प्रधान को बधाई देनाभक्तों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम एवं श्रीनर्मदेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष/वरिष्ठ टैगोर लाल फोटोग्राफर ने कहा कि गरीबों की मदद से कोई सेवा नहीं। धर्मों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। इस ठंड में गरीब, असहाय, लाचारों एवं दीन दुखियों की सेवा से कोई दूसरी सेवा नहीं है। ग्राम प्रधान गिरजा लालश्री ने कहा कि इस परिवार को हमेशा इस तरह का पुनित कार्य कर गरीबों की मदद करनी चाहिए, जिन्हें इस युग में भी सबक लेना चाहिए। इस मशीन पर सहभोज वितरण किया गया।

## खिचड़ी मेले का बाद तीव्रतम हो फ्लाईओवर का निर्माण

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया है कि बरगदवा-भगवानपुर फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को खिचड़ी मेले के बाद तीव्रतम किया जाए। रेलवे क्रॉसिंग पर पुल का निर्माण चारो लेन के सितंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाए। सीएम योगी शनिवार दोपहर बरगदवा-भगवानपुर फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का मौके पर जायजा ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने फ्लाई ओवर के मैप का अवलोकन भी किया। उन्होंने निर्माण कार्य मे तेजी लाने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द मार्ग में पड़ने वाले विद्युत पोलों को हटवाने की व्यवस्था कर ली जाए। खिचड़ी मेले के बाद यहां कार्य युद्ध स्तर पर नजर आना चाहिए। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान रेलवे की तरफ से बताया गया कि फ्लाई ओवर के मार्ग में आने वाले रेलवे क्रासिंग पर सितंबर 2024 तक दो लेन का पुल तैयार हो जाएगा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवधि तक कार्य मे तेजी लाकर चार लेन पुल तैयार करने के प्रयास होने चाहिए।

## गन्ना लदी ट्राला अनियंत्रित होकर पलटा, घंटो बाधित रहा आवागमन



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के लोहेपार चौराहे पर शनिवार की शाम लगभग सात बजे ओवरलोडिंग गन्ना लदी ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गई।

इस दौरान कोई हताहत तो नही हुई लेकिन आवागमन घंटो बाधित रहा। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस काफी मशक्कत के बाद सड़क से गन्ना लदी ट्राला को हटवाया तब जाकर आवागमन बहाल हो सका। बता दें कि हाटा्क्कप्तानगंज मार्ग पर बेरोक टोक ओवरलोडिंग गन्ना लदे ट्राला दौड़ रहा है लेकिन प्रशासन इन ट्रालों पर अंकुश लगाने में विफल है। जिसका नतीजा है कि गन्ना लदे ट्राला सड़क पर पलट जा रहे है या घर में अनियंत्रित होकर घुस जा रहे है। जिससे आम लोगों का काफी नुकसान हो रहा है। शनिवार की रात हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर स्थित लोहेपार के समीप हाटा की तरफ गन्ना लदी ट्राला जा रही थी जो शाम सात बजे के करीब बीच सड़क पर ही पलट गई।

इस दौरान कोई हताहत तो नही हुई लेकिन आवागमन घंटो बाधित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क से गन्ना लदी ट्राला को हटवाया जिसके बाद आवागमन सुचारू रूप से बहाल हो सका।

## भाटपार रानी को विकास का मॉडल विधानसभा बनाने का कार्य करूंगाः सभाकुंवर कुशवाहा

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी, देवरिया।** तहसील क्षेत्र के बंगरा बाजार में क्षेत्रीय विधायक सभाकुवंर कुशवाहा ने क्षेत्रीय विधायक निधि से बनने वाले 50 सड़कों का शिलान्यास एवं लोकार्पण का कार्य वैदिक मंत्रोचार के बीच किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि आप लोगों ने जो मुझे अपना स्नेह और प्रेम दिया है उसे मैं क्षेत्र के विकास के रूप में ब्याज सहित वापस करने का कार्य करूंगा।

उन्होंने कहा कि भाटपार रानी को एक मॉडल विधानसभा के रूप में उत्तर प्रदेश के मानचित्र में स्थापित करने का मेरा सपना है जिसे आप लोगों के आशीर्वाद से पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा हूं। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास के नए मानदंड स्थापित हो रहे हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार के द्वारा नए रोज नए-नए योजनाएं बनाई जा रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को पक्का छत मुहैया कराने का कार्य कर सरकार के द्वारा किया जा रहा है। मोदी एवं योगी की सरकार ने गोरखपुर में एम्स एवं देवरिया में मेडिकल कार्य कॉलेज स्थापित करने का ऐतिहासिक कार्य की है। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से सच्चिदानंद शाही, सुरेश तिवारी, लक्ष्मण सिंह कुशवाहा, शिवलोचन सिंह कुशवाहा, विशंभर पांडेय, राजेश तिवारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय पटेल एवं संचालन भाजपा नेता संतोष पटेल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दुर्गा गुप्ता, ऋतुराज गुप्ता, अनिरुद्ध कुशवाहा, हरिकेश कुशवाहा, संजय सिंह सैथवार, राघवेंद्र सिंह, राहुल सिंह, प्रवीण कुशवाहा, संजय गुप्ता, लालबाबू यादव, लालजी कुशवाहा, राजेश गुप्ता, चंदन मद्धेशिया, पप्पू यादव, राम आशीष कुशवाहा, योगेंद्र कुशवाहा, राहुल सिंह, पवन कुशवाहा, नागेंद्र पासवान, विनोद कुशवाहा, अशोक वर्मा, राजेश कुशवाहा मौर्यवंशी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में माह जनवरी के प्रथम शनिवार को तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने लेखपालो एवं कानूनगो की लेट-लतीफी व शिथिलता पर कडी नाराजगी जताई। उन्होंने ग्राम सहरांगपुर के लेखपाल मोहन सिंह को तहसील दिवस में विलम्ब में आने पर काफी फटकार लगाये जाने के साथ उन्हें निलम्बित किये जाने की चेतावनी दी। जमीन के विवाद के एक प्रकरण में बघरा महुआरी के लेखपाल समर यादव तथा क्षेत्रीय कानूनगो भानु प्रताप यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने का निर्देश दिया। जन सुनवायी के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपाल अपने हलके में नियमित रूप से भ्रमणशील रहें। भूमि विवादों का समाधान कराएं। खलिहान की भूमि, चकरोड अथवा नाला सहित सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह के अतिक्रमण को हटवाए तथा उसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि यदि किसी लेखपाल के द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयास यह हो कि कोई भी फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर कही न भटके। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशानुसार गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण हो जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो समस्याएं जिस स्तर की हैं उनका समाधान उसी स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने पूर्व में यह आदेश दिये थे कि समाधान दिवसों में समस्याओं के निस्तारण को लेकर फरियादियों के साथ संबंधित लेखपाल उनके प्रकरणो को प्रस्तुत करने के समय उपस्थित रहेंगें, ताकि वस्तुस्थिति की जानकारी हो और प्रकरण के निस्तारण में काफी सुविधा हो।

# सम्पन्न हुआ सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला प्रशासन व जिला संस्कृति एवं पर्यटन परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम 2023 मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी जी.वी. सिद्दीकी व जिला पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एडीएम श्री रंजन ने कहा कि ऐसे आयोजनों के पीछे सरकार की मंशा है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान कर देश व प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा व संरक्षण प्रदान किया जाय। जाय। श्री रंजन ने कहा कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के नेतृत्व में जिला प्रशासन का प्रयास है कि संस्कृति, खेल, कला व अन्य क्षेत्रों में जिले के मेधावी युवक-युवतियों को उचित मंच प्रदान कर उनका उत्साहवर्द्धन किया जा रहा है। एडीएम ने उत्स में प्रतिभाग करने वाले युवा वर्ग को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खुल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें तथा पढ़ाई सहित सभी क्षेत्रों में एकाग्रचित होकर प्रयास करें। श्री रंजन ने कहा कि मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं, आप आने वाले समय परिवार व देश का नाम रोशन करें। उत्सव के सफल आयोजन के लिए एडीएम ने कार्यक्रम के संयोजक जसवीर सिंह व पर्यटन अधिकारी के प्रयासों की सराहना की। मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम 2023 में गायन, वादन, नृत्य एवं नाट्य विधाओं में बच्चों ने प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक उत्सव अन्तर्गत आयोजित एकल गायन में काजल अग्रहरी, समूह गायन में श्रुति एण्ड पार्टी, एकल नृत्य में स्वीक्षा जैन, समूह नृत्य में अंजली पाण्डेय, वादन में कमल गुप्ता एवं नाट्य में वैभव एण्ड पार्टी द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के अन्त में विजेताओं एवं प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में संस्कृति विभाग द्वारा नामित पी.जी. कालेज बलरामपुर की संगीत अध्यापिका माण्डवी तिवारी, मशहूर कथक नृत्यांगना श्रद्धा पाण्डेय एवं भजन गायक शिवम कुमार द्वारा निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री गंगा समग्र शुभम, राष्ट्रीय संयोजक कामगार संघ गौरव शर्मा, जन सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष जसवीर सिंह, उपाध्यक्ष चरणजीत कौर सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# आलू की फसल में पिछेता-झुलसा रोग का समय से प्रबन्धन करें किसान

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम मेरठ द्वारा विकसित इन्डो-ब्लाइटकास्ट (पैन इंडिया मॉडल) में पिछेता-झुलसा बीमारी का पूर्वानुमान लगाया गया है। अनुमान के अनुसार मौसम की अनुकूलता के आधार पर निकट भविष्य में आलू की फसल में पिछेता-झुलसा बीमारी की संभावना है। बीमारी की संभावना को देखते हुए उद्यान अधिकारी ने किसानों को सलाह दी है कि ऐसे कृषक जिनके द्वारा अभी तक आलू की फसल में फफूंदनाशक दवा का पर्णीय छिड़काव नहीं किया है या जिनकी आलू की फसल में अभी पिछेता झुलसा बीमारी प्रकट नहीं हुई है, उन सभी किसानों को मैन्कोजेब /प्रोपीनेब/ क्लोरोथेलोंनील युक्त फफूंदनाशक दवा का रोग सुग्राही किस्मों पर 0.2-0.25 प्रतिशत की दर से अर्थात 2.0-2.5 कि.ग्रा. दवा 1000 ली. पानी में घोलकर प्रति हे. तत्काल छिड़काव करें।

जिला उद्यान अधिकारी द्वारा किसानों को यह भी सलाह दी गई है कि साईमोक्सेनिलमैन्कोजेब का 3.0 कि.ग्रा. प्रति हे. (1000 ली. पानी) की दर से अथवा फेनोमिडोनमैन्कोजेब का 3.0 कि.ग्रा. प्रति हे. (1000 ली. पानी) की दर से अथवा डाईमेथोमार्फ 1.0 कि.ग्रा.मैन्कोजेब का 2.0 कि.ग्रा. (कुल मिश्रण 3.0 कि.ग्रा.) प्रति हे. (1000 ली. पानी) की दर से छिड़काव करें। कृषकों द्वारा फफूंदनाशक को दस दिन के अन्तराल पर घटाया या बढ़ाया जा सकता है। किसानों को यह भी सुझाव दिया गया है कि एक ही फफूंदनाशक का बार-बार छिड़काव न करें एवं बारिश के दौरान फफूंदनाशक के साथ स्टीकर को 0.1 प्रतिशत की दर (1.0 मि.ली. प्रति ली. पानी) के साथ मिलाकर प्रयोग करें।

## संक्षिप्त समाचार

### दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ का चुनाव सम्पन्न

**बहराइच।** चुना अधिकारी/मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी शिवेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ-उत्तर प्रदेश, जनपद शाखा-बहराइच की नवीन कार्यकारणी के निर्वाचन हेतु वर्ष 2024 हेतु सम्पन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु बिनोद कुमार राय, उपाध्यक्ष (महिला) हेतु श्रीमती स्तुति चौहान, संगठन सचिव पद हेतु मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष पद हेतु अतुल विश्वकर्मा तथा लेखा परीक्षक के पद पर अंगद कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जबकि सचिव पद के लिए हुए चुनाव में राघवेन्द्र कुमार ने 98 मत प्राप्त कर 59 मतों के अन्तर से, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु अभिषेक कुमार ने 88 मत प्राप्त कर 39 मतों के अन्तर से तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु अनूप कुमार ने 104 मत प्राप्त कर 86 मतों के अन्तर से सफल घोषित किये गये हैं।

### लम्भुआ ब्लॉक परिसर मे संपन्न हुआ रोजगार मेला

**लंभुआ, सुल्तानपुर।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान मे एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन ब्लॉक परिसर में किया गया। कार्यक्रम मे विधायक जी के द्वारा सम्बोधन कर रोजगार मेले का महत्व युवाओं व युवतियों को समझाया गया। इसी के क्रम मे शासन के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को भी बताया गया व भरोसा दिलाया गया की योजनाओ का लाभ सभी पात्र लोगो को मिल सके। चयनित अभ्यर्थिओं को ऑफर लेटर वितरित किया गया। जिला समन्वक के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विसिष्ठ अतिथि को स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया गया। निजी कंपनिओं के द्वारा 492 अभार्थियों मे से 207 अभर्थिओं का चयन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक सीता राम वर्मा,विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख कुंवर प्रताप सिंह ,अपना दल के जिला अध्यक्ष अवनीश पटेल , पूर्व ब्लॉक प्रमुख जगदीश चौरसिया, खण्ड विकास अधिकारी पंकज गौतम,प्रदीप कोरी की उपस्थिति मे कार्यक्रम सम्पन हुआ।

### सुल्तानपुर में बुलडोजर की दोहरी चाल, आम नागरिकों पर कार्रवाई,सांसद के चहेते पर रहनुमाई



**सुल्तानपुर।** अयोध्या राम मंदिर की 22 जनवरी को पीएम मोदी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के लिए सुल्तानपुर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान में सीएम योगी के बुलडोजर के दोहरी चाल सामने आई है। जहां आम नागरिकों के व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामान्य ढांचे भी नहीं छोड़े जा रहे हैं। सामग्री हटाने की मोहलत तक नहीं दी जा रही है। वहीं सांसद मेनका गांधी के चहेते संदीप सिंह द्वारा निर्मित दरियापुर तिराहे पर विशाल मेगा मार्ट के सामने बुलडोजर की चाल ही बदल गई। काफी देर तक नगर पालिका के कर्मचारी यह देखते रहे कि कार्रवाई होनी है या नहीं। आखिरकार कार में बैठकर नेतृत्व कर रहे नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन मेगा मार्ट पर मेहरबान हो गए।उन्होंने पीडब्ल्यूडी से कहा कि फिलहाल अतिक्रमण पर अभी बुलडोजर नहीं चलाया जाएगा। बुलडोजर की दोहरी चाल शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# लेखपाल व कानूनगो पर फसल दबंग को नाप देने का आरोप

- पीड़ित वृद्ध किसान ने मुख्यालय पहुंच कर डीएम को भेजा शिकायती पत्र

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम बरौदा स्वामी निवासी संतोष पुत्र रमुआ ने मुख्यालय आकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में पीड़ित ने बताया कि उसकी जमीन संख्या 749, 750 जो कि गांव में स्थित है। बताया कि उसकी जमीन पर लेखपाल व कानूनगो द्वारा उसकी फसल गांव के लखन पुत्र अमर सिंह को नाप दी। आरोप है कि लेखपाल ने उससे अवैध तरीके से सुविधा शुल्क के एवज में 10 हजार रुपये की मांग की, जिसकी पूर्ति न कर पायी। बताया कि जब उसने अपनी माली हालत का हवाला लेखपाल के समक्ष दिया तो उसने गांव के लखन को उसकी फसल नाप देने की धमकी दी थी। बताया कि 29 दिसम्बर 2023 को लेखपाल ने उसकी फसल लखन को नाप दी। फसल नापते समय लेखपाल ने उसे भी सूचना नहीं दी। बताया कि वह उसी जमीन में वह मकान बनाकर रहता भी है। आरोप है कि लेखपाल और कानूनगो की शह पर गांव का उक्त दबंग व्यक्ति अब उसे उसी की जमीन से बेखल करना चाहता है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति है वर्षों से उपेक्षित

- सांसद, विधायक व पर्यटन विभाग ने नहीं लिया है अब तक कोई सुध

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** रामराज्य की परिकल्पना लिए केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के चिंतक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपनी सरकार में उपेक्षित होते दिखाई दे रहे है। कलेट्रेट परिसर में बने मत्स्य विभाग कार्यालय के सामने तकरीबन 6 वर्षो से उपेक्षित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति बिना अनावरण किये पर्यटन विभाग व भाजपा नेताओ का दंस झेल रही रही हैं। बताया तो यहां तक जा रहा है कि उपेक्षा इस कदर है कि तकरीबन पांच लाख की लागत से बने संगमरमर के पंडित दीनदयाल की मूर्ति ना तो संस्कृति व पर्यटन के जिम्मेदार बने सूचना विभाग को इसकी सुध है, और न हीं जिले के सांसद,विधायक व जिम्मेदार नेताओ को। बात दीगर है कि लाखों की लागत से बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति को किसने मंगवाया था, इसके पीछे उसकी क्या भावना जुड़ी थी।इस पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति से भाजपा सरकार एल अब तक देश व प्रदेश भर में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। मुगलसराय जंक्शन का नाम बदलकर सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से घोषित कर दिया। नाम की प्रभुता इस कदर है कि सरकार जगह-जगह अलख जगा कर पंडित दीनदयाल के कार्यों का गुणगान कर रही है। वहीं जिले के जिम्मेदार पर्यटन अधिकारी, सांसद व विधायक 6 फीट की बनी लाखों की लागत से संगमरमर की मूर्ति को उपेक्षित कर मत्स्य विभाग कार्यालय के दीवाल के किनारे फेंक दिया है। बताते हैं कि मत्स्य विभाग कार्यालय 6 वर्ष पहले दूरदर्शन, लोकवाणी का कार्यालय हुआ करता था। जिसके जिम्मेदार अधिकारी देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कार्यों से प्रेरित होकर स्वयं के खर्च से तकरीबन 5 लाख की लागत से संगमरमर की मूर्ति मगवाया था। बस उस अधिकारी की संवेदना उपाध्याय की इस मूर्ति से इस तरह जुड़ गई कि वह कलेक्ट्रेट के सामने ही इस मूर्ति का अनावरण करना चाहते थे, जिसे जिला प्रशासन ने रोक दिया था। बताते है कि तब से मानसिक रूप से विक्षिप्त होकर अधिकारी तो चले गए और मूर्ति उस स्थान पर पड़ी रह गई। आज समय बदला,सत्ता बदली,फिर भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थापित होने का बाट जोह रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस को और प्रभावी बनाना जरुरी: डीएम

- तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस
- फरियादियों की समस्याओं का हुआ निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार सरकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत आच्छादन, प्रचार-प्रसार एवं सुदूर क्षेत्र के लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के एक ही स्थान पर त्वरित निस्तारण के लिए जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारियों ने सम्बंधित तहसीलों में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना व सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 11, पुलिस के 04, विद्युत के 06, विकास विभाग का 01 तथा अन्य विभागों के 13 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 70 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 17, विकास विभाग के 04, पुलिस के 11, पूर्ति के 20, विद्युत के 05 तथा अन्य विभागों के 13 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 12 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 110 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 30, पुलिस विभाग के 13, विकास के 14, पूर्ति के 28, विद्युत के 02, चकबंदी का 01 तथा अन्य 22 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 11 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 34 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 08, विकास विभाग के 04, पुलिस विभाग के 04, पूर्ति के 13, सिंचाई के 02 तथा अन्य विभागों के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 05, पुलिस के 02, सिंचाई के 02, विकास के 02 तथा अन्य विभागों के 05 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सम्बंधित तहसीलों के उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के जरूरतमंदो को डीएम ने वितरित किया कम्बल

**बहराइच।** तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर पुलिस अधीक्षक रामानन्द कुशवाहा, उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर आनन्द कुमार राय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ तहसील के ग्राम पयागपुर, नूरपुर, सहशरावा, सुहेलवा, रूकनापुर, अकरौरा के लगभग 80 निर्धन, असहाय व निराश्रितों व जरूरतमंदो को कम्बल का वितरण किया गया। इसके पश्चात् जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया। आईसीडीएस विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं मनोरमा कश्यप, संगीता देवी, प्रेमा देवी, प्रिया देवी व रीमा देवी की गोदभराई तथा नित्या, रामकेसरी व वंश का अन्नप्रासन्न भी कराया।

# उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति हमारी पहचान, संस्कृति उत्सव संपन्न



अवधनामा संवाददाता

- बुंदेली लोक गायन, शास्त्रीय संगीत, नृत्य व वादन में कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव 2023 का आयोजन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में मा.कल्याण सिंह सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, राज्यमंत्री प्रतिनिधि सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत मैलवाराखुर्द के स्कूली बच्चों के ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी को कहा कि संस्कृति उत्सव का शुभारंभ किया जा रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा देश की संस्कृति को सहेजने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को संस्कृति महत्व समझाने व उसके संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राज्यमंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों को हमारी विरासत, हमारी संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिलता है। सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। जिला पर्यटक अधिकारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का अयोजन किया जा रहा है, जिसमें लोक गायक, वादन, नृत्य, शास्त्रीय संगीत, नाटक सहित विभिन्न विधाओं के कलाकार प्रस्तुति दे रहे हैं, कार्यक्रम में चयनित कलाकार पहले मंडल स्तर पर, इसके उपरांत लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में श्रीमंत बुंदेलखंड सांस्कृतिक मंच के कलाकारों जानकी प्रसाद एंड पार्टी के द्वारा ललितपुर जिले पर आधारित गीत, केंद्र व प्रदेश सरकार के विकासात्मक कार्यों, महत्वपूर्ण निर्णय, जीरो टॉलरेंस नीति, अयोध्या में राम मंदिर, आवास योजना, निःशुल्क राशन, आदि पर आधारित लोक गीतों की प्रस्तुति दी गई। छात्रा शौम्याश्री ने कत्थक नृत्य, परमानंद एंड ग्रुप के द्वारा सैरा नृत्य, मोहिनी ग्रुप के जितेंद्र कुमार एंड पार्टी द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता को के उपरांत निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया।

### बृजलाल साहू फिर बने बार एसोशियेशन मड़ावरा के अध्यक्ष

**मड़ावरा (ललितपुर)।** बार एसोसिएशन मडावरा की एक आवश्यक बैठक का आयोजन नवीन तहसील मडावरा में बार एसोसिएशन संरक्षक दिनेश प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में बार एसोसिएशन के पूर्व में रही कार्यकारणी को सर्वसाम्मति से रिनुवल होने पर अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी। वहीं अधिवक्ता एन.एन. मंसूरी द्वारा फिर से मनोनीत हुये बार एसोसिएशन मडावरा के पदाधिकारियों को गुलपोशी कर एवं मिठाई खिलकर बुके भेंट कर बधाई दी गई। बार एसोसिएशन मड़ावरा की सर्व सम्मति से अधिवक्ता एन.एन. मंसूरी को बार एसोसिएशन मड़ावरा का सह मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संरक्षक दिनेश प्रकाश श्रीवास्तव , अध्यक्ष ब्रजलाल साहू एड., मंत्री सचिव जयराम सिंह पटेल एड., मूरत सिंह लोधी एड. आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ग्राम स्तरीय कार्यकर्ताओं का आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** आपदा प्रबंधन के लिए जन जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक बार के सभागार में लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं रोजगार सेवक की ट्रेनिंग ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मां सरस्वतीजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। आपदा विशेषज्ञ ने ललितपुर जनपद की भौगोलिक स्थिति, आपदा क्या है हमें कैसे आपदाओं के बारे में पूर्व, वर्तमान एवं पश्चात क्या-क्या तैयारी करनी है जिससे कि हम हानि का न्यूनीकरण कर सकें आदि के बारे में विस्तार से समझाया। अरविन्द सिंह ने टीम के साथ मिलकर सर्पदंश से संबंधित रोल प्ले कर उपस्थित समुदाय को इलाज हेतु प्रेरित किया। हरिश्चंद नामदेव एवं आशीष मिश्रा द्वारा आपदा प्रबंधन की योजना के अंतर्गत आपदा पूर्व, आपदा के दौरान एवं आपदा के पश्चात के प्रमुख बिंदु एवं विद्यालय में आपदा प्रबंधन का निर्माण के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। अग्निकांड, भूकंप एवं भीड़ विषय पर चर्चा की एवं प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं को पूर्ण किया। आदर्श रावत द्वारा पर्यावरण प्रबंधन, जीवन कौशल, सड़क दुर्घटना, ओलावृष्टि पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। अनूप सैनी द्वारा सचेत एवं दामिनी एप्लीकेशन प्रशिक्षणार्थियों के मोबाइल में डाउनलोड कराया गया एवं यह किस प्रकार कार्य करते हैं इस पर प्रकाश डाला गया। डा.राजेश अनुरागी ने जब नाड़ी बंद हो जाए उस समय व्यक्ति 12 वर्ष से अधिक को किस तरह सीपीआर देना है की मॉकड्रिल करवाई गई। तत्पश्चात प्रतिभागियों के तमाम प्रश्नों के उत्तर भी दिए। आज प्रशिक्षण में प्रतिभागियों के साथ में समस्त मास्टर ट्रेनर आदर्श रावत, अरविन्द सिंह, हरिश्चंद नामदेव, आशीष मिश्रा, अनूप सैनी एवं राजेश अनुरागी ने प्रतिभाग किया गया।

### विशेष लोक अदालतों का आयोजन माह जनवरी में

**बहराइच।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मा. कार्यपालक अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एन0आई0एक्ट की धारा-138 से संबंधित लम्बित वादों के 22, 23 व 24 जनवरी 2024 तथा विद्युत अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों के निस्तारण हेतु 29, 30 व 31 जनवरी, 2024 को जनपद न्यायालय, बहराइच में विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया गया है।

यह जानकारी देते हुए अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विराट शिरोमणि ने बताया कि 22, 23 व 24 तथा 29, 30 व 31 जनवरी, 2024 को आयोजित विशेष लोक अदालतों में कोई भी व्यक्ति एन0आई0एक्ट की धारा-138 से संबंधित लम्बित वादों एंव विद्युत अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों को संबंधित न्यायालय में समय से उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र देकर अपने आपराधिक वाद निस्तारण कराकर विशेष लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

# रोजगार मेले में 90 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** उ.प्र. कौशल विकास मिशन सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आयोजित विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन जनपद ललितपुर के विकास खण्ड जखौरा के माँ जागेश्वरी निजी आईटीआई परिसर सिरसी रोड जखौरा में किया गया। शुभारम्भ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वतीजी के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। रोजगार मेले में 15 नियोक्ता, कम्पनी यथा एलआईसी, मदरसन, फेम, एलेकॉन बन्सू, श्रीनिवास एजूकेशन, एक्साईड बैटरी, टाटा ऑटोकोम, लावा इंटरनेशनल लि., सुब्रोश लि., नूवेनो हेल्थकेयर प्रा.लि., वेक्सटेक्स, ईपेक, के.पी. रिलाइवल टेक्नीक, कृष्णा मारूति लिमिटेड इत्यादि के प्रतिनिधियों द्वारा नियोजक के रूप में प्रतिभाग किया गया। उक्त रोजगार मेला में कुल 132 अभ्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग कर साक्षात्कार में भाग लिया गया। जिनमें से 90 अभ्यार्थियों का प्रतिभागी विभिन्न कम्पनियों के द्वारा चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा मंच से ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। रोजगार मेले में अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र कुमार रजक, जिला समन्वयक विवेक कुमार तिवारी, प्राचार्य/प्रबन्धक बालाजी विद्या मंदिर अरूण कुमार, जीआईसी जखौरा प्रधानाचार्य डा.मनोज कुमार, जिला कौशल प्रबंधक आरिफ खान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राकेश कुमार गौतम, कार्यालय सहायक प्रेमचन्द्र प्रजापति, कमलेश सेन व माँ जागेश्वरी निजी आईटीआई के समस्त स्टाफ तथा विकास खण्ड के प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन नोटिस सं०-01/24

पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल ,मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है :- **क्र० सं० : 01, लॉट सं० : PnU-LJN-GD-Toi-27-24-1 (Pay and Use -Toilets), कार्य का विवरण** : गोण्डा स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं०-2/3 (पश्चिम छोर) तथा प्लेटफॉर्म सं०-4/5 (दोनों छोर) पर स्थित पे एण्ड यूज शौचालय (कुल तीन प्रसाधन) का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु। **क्र० सं० : 02, लॉट सं० : PnU-LJN-KEA-Toi-26-24-1 (Pay and Use – Toilets), कार्य का विवरण** : कटरा स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 के दोनों छोर पर स्थित (कुल दो प्रसाधन) पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु। ● निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। आईआरईपीएस पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई-ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होगी। ● सभी लॉट के लिये ई-ऑक्शन दिनांक- 22-01-2024, 15.00 बजे प्रारंभ होकर 22-01-2024, 15.40 बजे बंद होगी। ● इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। ● अर्नेस्ट मनी की राशि (5%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे- डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। ● विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट **www.ireps.gov.in (E-Auction module)** पर उपलब्ध है।

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), लखनऊ
मुजाधि/वा०-227

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-SLN-FW-128-24-1 (Parking- Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-SHG-FW-129-24-1 (Parking- Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 55/24

# छात्रा के साथ हुई दरिंदगी को लेकर सपा का प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा।** नगर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए चार दर्जन से अधिक फरियादी मामलों में एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। ग्राम तिंदुही के ग्रामीणों ने गांव की मुख्य सड़कों में जल भराव होने की शिकायत कर नाले व सड़क बनवाने की मांग की।

नगर के तहसील परिसर पर स्थित सभागार भवन में संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर आए 58 फरियादी मामलों में एक भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व, पुलिस व अन्य समस्याओं को लेकर रहे। इस मौके पर ग्राम तिंदुही के पूरन भाई, प्रदीप, अरविन्द, राजेश व उमेश सहित दर्जनों ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए बताया कि उनका गांव तिंदुही ग्राम पंचायत मकरांव के अंतर्गत आता है। अधिकांश प्रधान मकरांव के ही बनने के चलते इस गांव में विकास कार्यक्रम कोसों दूर है। गांव में नालों व सड़क का निर्माण न होने के चलते गांव के घरों से निकलने वाला गंदा पानी गांव की मुख्य गलियों में भरा हुआ है जिसके चलते ग्रामीणों का निकलना चलना मुश्किल है। सबसे अधिक समस्या स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं के सामने है जो आये दिन इस जल भराव से गुजरते समय गिर जाते हैं। इस समस्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से गांव में नाले व सड़क निर्माण की मांग की है। उप जिलाधिकारी ने उनकी समस्या को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को इस समस्या का अविलंब निदान करने के आदेश दिए हैं। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी समेत क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे।



- बीएचयू में छात्रा साथ हुई थीं सरेआम दरिंदगी
- सपा के कार्यकर्ताओं ने रोड मार्च कर कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन
- आरोपियों के लिए फांसी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन
- राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा
- समाधान दिवस मे आई चार दर्जन से अधिक शिकायतों का नहीं हो सका निस्तारण

# किसानों की जमीन पर बालू माफिया अवैध खनन पर आमादा

- जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद अधिकारी नहीं रोक पा रहे अवैध खनन
- भारतीय किसान यूनियन ने जताया गुस्सा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** अतर्रा क्षेत्र के महुटा गांव में बालू पट्टाधारक के द्वारा किसानों की जमीन पर जबरन अवैध खनन किया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए बालू कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई न हुई तो तहसील परिसर में 10 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। अतर्रा तहसील अंतर्गत महुटा गांव के खदान में बालू पट्टा धारक शिवचंद त्रिपाठी द्वारा किसानों के भूमि से जबरन बालू खनन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। एक और जहां बागे नदी पर बालू माफिया का सिंडिकेट अवैध पुल बनाकर बालू का खनन करने में लगा हुआ है वही किसानों की भूमि पर जबरन बालू निकालने का सिलसिला चल रहा है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में किसान यूनियन पदाधिकारियों ने अवैध खनन व किसान की भूमि से निकल जा रही बालू के मुआवजा दिए जाने की मांग लेकर प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी रावेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि पट्टाधारक द्वारा किसानों की जमीन पर जबरन बालू निकाली जा रही है। खेत से निकल गई बालू का मुआवजा न दिए जाने पर 10। जनवरी से तहसील परिसर में अनिश्चितकाल में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। किसान यूनियन नेताओं ने बागे नदी पर पुल बनाकर पोकलैंड के माध्यम से अवैध खनन करने का आरोप लगाया। एसडीएम ने किसान नेताओं को कार्रवाई का भरोसा दिया। ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी, तहसील अध्यक्ष सुशील चौरिहा, दिलीप द्विवेदी, ओम नारायण, बृजेश कुमार, अरुण पांडेय आदि मौजूद रहे। बताते चले की इन दिनों बागै नदी पर अवैध रूप से रास्ता बनाकर बालू माफियाओं का सिंडिकेट अवैध खनन में लगा हुआ है। आला अफसर पूरी तरह से अंजान है। किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं अब तक नहीं रेंग रहे रही है।

## महुटा खदान में जोरों पर किया जा रहा अवैध खनन

**बांदा।** डीएम के सख्त आदेशों के बावजूद अवैध खनन बेधड़क किया जा रहा है। जबकि डीएम ने अधिकारियों को पहले ही अवैध खनन न होने देने के आदेश दे रखे हैं। जनपद में इन दिनों अवैध खनन का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। अतर्रा तहसील क्षेत्र की महुटा खदान में माफिया अधिकारियों से सांठगांठ कर माफियाओं ने प्रतिबंधित मशीनों से दिन रात खोदाई करके नदी में बड़े-बड़े गहरे गड्ढे बना डाले हैं, जो किसी मौत के कुआं से कम नही हैं। यही नहीं ठेकेदार ने नदी की जलधारा को प्रभावित कर पुल तक बना डाला है। लेकिन क्या मजाल की कोई अधिकारी इन पर कार्यवाही कर पाए। यहां एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को ताक में रखकर बड़े पैमाने में अवैध खनन का खेल खेला जा रहा है। अभी हाल ही में डीएम ने यहां के खनिज अधिकारी को अवैध खनन मामले में कड़ी फटकार लगाई थी, इसके बाद भी खनिज अधिकारी अवैध खनन पर रोक नही लगा पा रहे हैं।

## बांदा मार्ग में पाइपलाइन लीकेज से राहगीर परेशान

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के बांदा मार्ग में बोड़ा धर्मशाला के समीप पाइपलाइन लीकेज होने से जहां सैकड़ो लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। वहीं राहगीरों को तमाम मुसीबतें हो रही हैं। जल संस्थान शिकायत के बाद भी लीकेज ठीक नहीं करा रहा है। कस्बे के बांदा मार्ग में बोड़ा धर्मशाला के चंद कदम आगे जल संस्थान की पाइपलाइन में लीकेज होने से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। साथ ही लोगों के घरों में गंदा पानी जा रहा है। इससे लोग परेशान हैं। स्थानीय निवासी पवन सैनी, पूर्व सभासद उमाकांत गुप्ता, सूर्यपाल सिंह आदि ने बताया कि इस समस्या से जल संस्थान को अवगत कराया गया है लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया है। लगातार लीकेज होने से राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। जल संस्थान के अवर अभियंता विश्वलेन्द्र नाथ ने बताया कि मामला संज्ञान में है। सोमवार को उसकी मरम्मत कराकर ठीक कराया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

**अवधनामा ब्युरो**

**हमीरपुर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति कुरारा के सामने विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण करते हुये योजनाओं की जानकारी दी।

कुरारा कस्बे के कृषि उत्पादन मंडी समिति के सामने स्थित महर्षि बाल्मीकि पार्क में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस मौके पर बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम भी हुआ। क्रायर्कम में मौजूद सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना, महिलाओं के लिए उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण, किसान सम्मान निधि योजना के संबंध में जानकारी दी गयी। ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। चेयरमैन आशारानी कबीर ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा संचालित निशुल्क राशन वितरण प्रणाली की जानकारी देते हुये कहा कि आगामी पांच वर्ष तक अंत्योदय व पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को निशुल्क राशन का वितरण माह में एक बार किया जाये, ऐसी सरकार की मंशा है। इस योजना से गांवों के अंतिम व्यक्ति को खाद्यान्न उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।जिसमे इकराम हुसैन, कालीदीन, श्रीराम ओमर, करनसिंह, राम किशोर आदि किसानो को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों पूजा, किरन, उषा, सुनीता, मंजू, सावित्री आदि महिलाओं को प्रमाण पत्र दिया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों सीमा कुमारी, पूनम देवी, रीना देवी को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास, डाक विभाग, कुरारा इण्डेन गैस, कृषि विभाग आदि के स्टॉलों पर लोगो को अन्य सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, रवि गुप्ता, अवधेश गुप्ता, रामदास सुदर्शन, प्रेमनारायण प्रेमी सहित नगर पंचायत के सभी सभासद मौजूद रहे।

## बड़े चौराहे के निकट से अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**मौदहा।** वांछित अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार कोतवाली पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में आज छेड़खानी व अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे के आरोपी को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्रवाई की।मौदहा कस्बा निवासी अख्तर उर्फ समीर पास्को एक्ट सहित धारा 354, 342 के तहत दर्ज मुकदमे में फरार चल रहा था। जिसे कोतवाली पुलिस ने बड़े चौराहा के निकट से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की है। उप निरीक्षक सनी कुमार चतुर्वेदी व कांस्टेबल अर्जुन कुमार ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

# पंचायत से संसद तक का सफर कार्यक्रम में महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया

**अवधनामा ब्युरो**



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में से वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, गोंडा, बागपत, बाराबंकी से 100 महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ की तरफ से उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तिकरण करना है। 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के सपने को पूरा करेगी देश की महिला पंचायत प्रतिनिधि।राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित ÷पंचायत से संसद÷ तक का सफर कार्यक्रम में जनपद हमीरपुर से प्रतिभाग करने हेतु जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार नेतृत्व में 10 महिला पंचायत प्रतिनिधि 05 जनवरी को संसद भवन नई दिल्ली में आयोजित एक दिवसीय संवैधानिक प्रावधानों की समझ व संसदीय प्रक्रिया विषयक कार्यक्रम में भाग लिया। यह अब तक के इतिहास में पहली बार देखने को मिला की महिला ग्राम प्रधान को पंचायत से सांसद तक जोड़ने की मुहिम लोगों में प्रशंसा और उत्सुकता का विषय बना रहा काफी सराहना का विषय रहा द्यजिसमें हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत कुंडौरा से ग्राम प्रधान सविता देवी-मनदालसा पाल ग्राम प्रधान चदपुरवा, बदनपुर ग्राम प्रधान साधना साहू, पौथिया ग्राम प्रधान वंदना सचान एवं जनपद की अन्य ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# ठेकेदार और अधिकारियों ने मिलकर सरकारी धन को लगाया ठिकाने

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** क्षेत्र के गिरवर गांव में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ब्लॉक के कर्मचारियों की मिली भगत से लाखों के धन को बंदर बांट कर सूबे के योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की उड़ाई धज्जियां। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जांच की मांग की। बताते चलें कि क्षेत्र पंचायत द्वारा बिना कार्य कराए किए गए भुगतान के एवज में ग्रामीणों ने बीते तीन दिन पहले शिकायत कर जांच की मांग की थी। उपरांत इसके क्षेत्र पंचायत सदस्यों के गुर्गो द्वारा बीते शुक्रवार के दिन करीब आधा दर्जन दबंगो के साथ हथियारों से लैस जेसीबी लेकर रात करीब 10ः00 बजे कुछ अज्ञात दबंगो के साथ जबरन सड़क निर्माण करने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग करने लगे। तभी मौके पर ग्रामीण एकत्र हो गए विरोध करने पर दबंगों द्वारा हवाई फायरिंग की और शासन प्रशासन द्वारा कुछ ना कर पाने की धमकी देते हुए चले गए। सबसे बड़ा सवाल की आखिर कोन इन ठेकेदारों को इतना बड़ा खोटाला और गबन करने में किसकी संलिप्ता रहती है । जिसकी शिकायत लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए जिम्मेदार प्रशासन के कर्मचारी और ठेकेदार के ऊपर दबंगई दिखाने और गवन के मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की। बता दें कि सूबे के योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की धज्जियां उडाते हुए इस प्रकार के कई मामले जनपद में आए दिन सुर्खियां बटोरते रहते हैं। अब देखना यह है कि आखिर इस पर क्या कार्रवाई की जाएगी या फिर मामले को ठंडा बस्ते में दबाकर रख दिया जाएगा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा गोष्ठी में पात्रों को मिले प्रमाण पत्र

- देश व प्रदेश में विकास की बह रही धाराः रूबी

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** शासन के आदेशानुसार ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को रामलीला ग्राउण्ड रावर्ट्सगंज, सोनभद्र में कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पकौड़ी लाल कोल, सांसद, लोकसभा रावर्ट्सगंज, रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं सुभाष चन्द्र यादव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सोनभद्र/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय सोनभद्र, राजेश उपाध्याय, परियोजना अधिकारी, डूडा सोनभद्र आदि उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 10.00 बजे माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया गया। उक्त अवसर पर रूबी प्रसाद, अध्यक्ष महोदया द्वारा उपस्थित लोगों को बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अर्न्तगत है, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है जहां केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार है उसके साथ ही यह भी है कि जो पात्र व्यक्ति अभी तक किन्ही कारणों से योजनाओं के लाभ लेने से वंचित रह गये हैं उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान योजनाओं के लाभ से जोड़ा जाये। उक्त कार्यक्रम में जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल यथा-प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, उज्जवला योजना, जिलापूर्ति कार्यालय राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य कैंम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना बैंको के माध्यम से बीमा योजना आदि का स्टाल लगाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ दिया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात कवि जगदीश प्रसाद पंथी जी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रभारियों के अतिरिक्त नगर पालिका परिषद सोनभद्र के सभी सदस्यगण, सत्यम पाण्डेय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत मिशन सोनभद्र, कौशल शर्मा, नगर अध्यक्ष, उद्योग व्यापर मंडल, कृष्ण मुरारी गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष न.पा.प., पुष्पा सिंह, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भा.ज.पा., मनोज सोनकर, रतनलाल गर्ग, संजय जायसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष भा.ज.पा. नगर पालिका के कर्मचारीगण संत कुमार सोनी, सुजीत कुमार, आकाश रावत, राम बिलास गुप्ता, खुशबू मिश्रा, पारा गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, सैयद तौसीफ अहमद, नीरज कश्यप, प्रिंस सोनकर, सूरज मिश्रा, रजनीश राय, ओम प्रकाश, रंजीत प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गयी।



# आंगनबाड़ी केंद्र पर पत्रों को दिए गए राशन सामग्री

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/चुर्क।** नगर पंचायत चुर्क घुर्मा वार्ड नंबर 4 के सभासद हिमांशु खत्री उर्फ़ अंशु व आंगनबाड़ी की कार्यकत्री चमेली देवी के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थियों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी की कार्यकत्री ने सरकार द्वारा तय निर्धारित मात्रा में पोषाहार का वितरण की जिसमें की आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती धात्री कुपोषित एवं अकुपोषित लाभार्थियों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभार्थी को निर्धारित पोषाहार का वितरण किया गया इस दौरान सेविकाओं द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर खाद्य सुरक्षा से संबंधित साफ सफाई का विशेष ध्यान देकर वितरण किया गया। इस दौरान सभासद ने बताया कि बच्चों व गर्भवती धात्री महिलाओं को उचित पोषण मिलता रहे जिसके लिए प्रत्येक माह उचित पोषण आहार हेतु पोषाहार का वितरण किया जाता है ताकी समाज में कोई लाभुक कुपोषित नहीं हो और प्रत्येक दिन प्रतिदिन केंद्र पर जो बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं उन्हें अच्छे से पढ़ाया जाए और जो बच्चे वंचित रह जा रहे हैं उन्हें भी केंद्र से जोड़ा जाए जिससे उन्हें भी लाभ दिया जा सके वहीं वार्ड नंबर एक में भी आंगनबाड़ी केंद्र पर सभासद सूरत चंद्रवंशी व आंगनवाड़ी की कार्यकत्री मनोरमा देवी द्वारा लाभार्थियों के पोषाहार का वितरण किया गया।



# बस स्वामियों ने किया विरोध प्रदर्शन बुलंद की आवाज

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** आरटीओ कार्यालय पर शनिवार को अपनी मांगों को लेकर प्राइवेट बस संचालकों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए परिवहन आयुक्त नामित पत्र संबंधित आरटीओ को सौप कर बुलंद की आवाज। वही बताया कि 1 अराष्ट्रीयकृत मार्ग ओबरा से मुर्धवा वाया तिलगुड़वा, कोन, विण्ढमगंज पर अवैध रूप से संचालित बसे यू0पी064 टी 287 यू0पी0 64 बीटी 6928, यू0पी0 64 एटी 4319, यू0पी0 83 एटी 4416, यू0पी0 64 एटी 9392 के संचालन को बन्द कराने सम्बन्ध में। वही ट्रक मालिकों ने बताया कि हम प्रार्थीगण उक्त मार्ग के बस स्वामी है। प्रार्थीगण की बसे स्टेज कैरेज परमीट से अच्छादित है, प्राधिकर की शर्तों के अनुरूप उक्त मार्ग पर रोटेशन प्रणाली में संचालित होती है उक्त मार्ग पर कुछ दबंग, सरहंग किस्म के बस स्वामी मा कोटा, कोटा, चोपन, मारकुण्डी घाटी पर परमीट लेकर फिक्स नम्बर बनाकर, ओबरा से मुर्धवा मार्ग पर धड़ल्ले से संचालित हो रहे जिनके संचालन से रोटेशन प्रणाली में संचालित वाहनों के संचालन में बाधा उत्पन करते हैं। हम प्रार्थीगण का यह कथन हैं इनका परमीट जिस रूट का है उस पर संचालन रोटेशन में किया जाये। उक्त समस्या के सम्बन्ध में हम प्रार्थीगण द्वारा समर उच्चाधिकारियों को अनेको बार प्रार्थना पत्र दी जा चुकी है। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ है। सम्भागीय परिवहन अधिकारी के आदेश दिनांक- 06.04.2023 पत्रांक सं0- 98/अवैध संचालन /202 पत्रांक- 1092/प्रवर्तन/ 2023 सम्बोधित पत्र एआरटीओ धनबीर यादव, राजेश्वर यादव को है, जिसमें स्पष्ट रूप से सम्भागी परिवहन अधिकारी मिर्जापुर द्वारा आदेशित किया गया है कि मार्ग ओबरा, मुर्धवा, कोन, विण्ढमगंज, दुद्धी पर अवैध रूप से संचालि वाहनों के उपर आवश्यक कार्यवाही करें। किन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग व मीलीभगत से अवैध रूप से संचालित बसों का संचालन कराया जाता है। शिकायत करने पर हम प्रार्थीगण की वाहनों का चालान ए 4पीआई किया जाता है। प्रशासन की इसी उदासीन रवैया के चलते हम प्रार्थीगण की बसे खड़ी हो गयी है, वाहनों का टैक्स बीमा अ खर्च नहीं निकल पा रहा है। अतः श्रीमान् जी से अनुरोध है कि मार्ग ओबरा, कोन, मुर्धवा, विण्ढमगंज, दुद्धी पर अवैध रूप से संचालित व वर्ग रोटेशन में संचालित वहनों का संचालन बन्द कराने की कृपा करें। उक्त अवैध वाहनों का संचालन बन्द न होने की दशा में ह प्रार्थीगण मा उच्च न्यायालय की शरण में जाने को मजबूर होंगे जिसकी सारी जिम्मेदार शासन व प्रशासन की होगी।इस मौके पर प्राइवेट बस आपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष नंद किशोर जायसवाल महामंत्री मनदीप जयसवाल रविकांत नरेश टिंकू मदन अशोक मोहन विनय आकाश चितरंजन उदय मोनू आज लोग मौजूद थे।



# ट्रकों पर लोडिंग का किया आकास्मिक निरीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज टोल प्लाजा लोढ़ी के पास ट्रको पर किये गये लोडिंग का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दो ट्रकों पर किये गये गिट्टी की लोड़िंग की मात्रा व प्रपत्र का आकस्मिक रूप से मिलान किये, ट्रको पर लोड़ किये गये गिट्टी की मात्रा व प्रपत्र वैध पाये गयेइस दौरान जिलाधिकारी ने टोल प्लाजा के पास ओवर लोड़िग व अवैध परिवहन की जॉच हेतु बनायी गयी टीम के द्वारा की जा रही कार्यवाही का रैण्डम आधार पर निरीक्षण भी किये निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग, ए0आर0टी0ओ0 व खनन विभाग अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि ट्रको की जॉच के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाये की माइनटैंग लगे हुये वाहनों के द्वारा ही परिवहन किया जाये बिना माइनटैंग लगे वाहनों के विरूद्ध शघन अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये उन्होनें कहा कि अवैध परिवहन व ओवर लोडिंग की जॉच के समय कोयला लदे वाहनों की भी जॉच की जाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बिना माइनटैंग लगे वाहनों की जॉच कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ खान अधिकारी राकेश बहादुर सिंह, ए0आर0टी0ओ0 धनवीर यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।



# बीएचयू प्रकरण को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** दो माह पूर्व बीएचयू की एक छात्रा के साथ हुई दरिंदगी मे पकडे गये भाजपा आईटी सेल के पदाधिकारियों पर कडी कार्यवाही की मांग को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने रोड मार्च कर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुये नारेबाजी की। सपाइयों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर आरोपियों की फांसी की मांग की है। मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचे सपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुये कानून व्यवस्था पर सवाल खडे किये। सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि बीएचयू मे छात्रा के साथ हुई दरिंदगी मे भाजपा आईटी सेल के पदाधिकारी गिरफ्तार किये गये हैं। इन आरोपियों की भाजपा के जिम्मेदार लोगों के साथ फोटो भी वायरल हुई है जिस कारण पुलिस ने इनको घटना के दो माह बाद गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों की फांसी की मांग समाजवादी पार्टी द्वारा ज्ञापन देकर की गयी है। सपा महिला सभा की अध्यक्ष नीलम यादव ने कहा कि यह सरकार महिला विरोधी है। कानून व्यवस्था का भाजपा के पदाधिकारी ही मजाक बना रहे हैं। सपा इस दरिंदगी की निंदा करते हुये कडी कार्यवाही की मांग करती है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष इदरीश खान, नंदकिशोर शिवहरे, अम्ब्रेश कुमारी, शिवशरण यादव, सोनिया सोनी, नीलम यादव सहित समाजवादी पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूको बैंक ने धूमधाम से मनाया अपना 82 वाँ स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

- धूमधाम से मना बैंक का जन्मदिन, कटा केक

**बाँदा।** आवास विकास कालोनी स्थित यूको बैंक ने अपना 82 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। यूको बैंक की स्थापना 6 जनवरी 1943 को कलकत्ता प. बंगाल मे की गयी थी , इसकी स्थापना प्रसिद्ध उद्योग पति घनश्याम दास बिडला ने कलकत्ता मे की थी। जिसका 19 जुलाई 1969 को भारत सरकार द्वारा बैंक का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। वास्तव में भारतीय बैंक का विचार सबसे पहले 1942 में ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन के बाद भारतीय औद्योगिक पुनर्जागरण के अग्रदूत श्री जीडी बिड़ला द्वारा किया गया था। जल्द ही यह नवजात विचार वास्तविकता में आया और 6 जनवरी 1943 को , यूनाइटेड कमर्शियल बैंक लिमिटेड का जन्म कोलकाता में पंजीकृत और प्रधान कार्यालय के साथ हुआ था। पहले निदेशक मंडल में जीवन के सभी क्षेत्रों से आए देश के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने प्रतिनिधित्व किया था, देश में इसके 3000 से अधिक के साथ-साथ सिंगापुर और हांगकांग में इसके विदेशी केंद्र भी हैं। आवास विकास स्थित ब्रांच मे वर्तमान समय मे लगभग 4500 सेविंग खाते हैं वहीं अन्य सभी खाताधारको की बात करें तो इनकी संख्या 8000 से अधिक है। बाँदा ब्रांच मे योगेश कुमार बरसैया वर्तमान मे शाखा प्रबन्धक हैं इनके साथ ही पंकज सिंह सहायक प्रबन्धक और बालेंद्र सिंह प्रधान खजांची के पद पर हैं। इन सभी के मृदुल स्वभाव के कारण और अपने ग्राहको के प्रति सम्मान की भावना के कारण बैंक निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज शाखा प्रबंधक ने यूको बैंक मे आये हुये अपने सभी ग्राहको का आभार व्यक्त किया और केक काटकर अपने सभी ग्राहको का मुंह मीठा कराया गया। बैंक मे आये हुये सभी कस्टमरों मे प्रमुख रूप से राजेश पाण्डेय , उमा देवी ,सूरज त्रिपाठी , उत्तम कुमार ,रामबाबू, बउवा , बच्चा लाल , हिमांशु सिंह , राजेश श्रीवास्तव सहित दर्जनों ग्राहको की उपस्थिती मे केक काटकर धूमधाम से बैंक का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाँदा शाखा के आनंद सिंह , प्रीति , महेंद्र आदि ने आये हुये सभी ग्राहको का आभार व्यक्त किया।



# कारागार मंत्री ने लखनऊ जेल में बंदियों को वितरित किया कम्बल

**अवधनामा ब्यूरो**

**गर्म इनर, हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड की पुस्तकें दी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने लखनऊ जिला जेल में निरूद्ध ऐसे बन्दी जिनसे मिलने उनके परिजन लंबे समय से नहीं आ रहे हैं, उनको कम्बल एवं गर्म इनर वितरित किये। उन्होंने 30 बंदियों को कम्बल एवं 100 बंदियों को गर्म इनर दिया। साथ ही उन्होंने बंदियों को 150 हनुमान चालीसा एवं 150 सुन्दरकाण्ड की पुस्तकें भी वितरित की। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड की पुस्तकें वितरित करने का उद्देश्य आपकों बेवजह की मुकदमों की चर्चा से दूर रखना है। खाली समय में आप अपने पसंद की पुस्तकों को पढ़े, इससे आपकी सोच में परिवर्तन आयेगा और यहां से बाहर निकलने के पश्चात आप क्राइम से दूर रहेंगे।

आपकी एक गलती परिवार को संकट में डाल देती है -

कारागार मंत्री ने कहा कि आप आवेश में छोटी मोटी गलतियॉ कर बैठते हैं जिससे आपको जेलों में आना पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माता-पिता का सपना होता है कि उसका बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़ लिखकर एक अच्छा नागरिक बने एवं परिवार के भरण-पोषण में अपना योगदान दे। इसके लिए माता-पिता अपनी छोटी-मोटी खुशियों और इच्छाओं पर अंकुश लगाते हुए आपकी पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था करते हैं। लेकिन जेलों में संवाद के दौरान पता चला कि 40 वर्ष से कम आयु के 80 प्रतिशत युवा जेल में हैं। जिस घर का भविष्य जेल में हो, उस घर की क्या हालत होती होगी, आप स्वयं विचार कर सकते हैं। मॉ बाप की सेवा करने के समय, अपने घर परिवार को समय के साथ आगे ले जाने के समय आप जेलों में हैं, यह अत्यन्त दुखदायी है। आपकी एक गलती पत्नी, भाई, बहन, बेटी, मॉ, बाप सबका सपना एवं कैरियर बर्बाद कर देती है। बेटी की अच्छे घर में रिश्ता नहीं हो पाता।



### संकल्प करें कि दोबारा गलती न करें

कारागार मंत्री ने हाल में मौजूद सभी बंदियों से संकल्प कराया कि आप भविष्य में जेलों से बाहर जाने के पश्चात ऐसी गलती दोबारा नहीं करेंगे, जिससे आपको जेलों में पुनः आना पड़े। उन्होंने कहा कि इतनी ठंड में और खराब मौसम के बावजूद आप लोगों के बीच में उपस्थित हुआ हूॅ, इसमें मेरा क्या स्वार्थ है। इस पर बंदियों ने जवाब दिया कि मंत्री जी आपमें इंसानियत है और इंसानियत के नाते ही आप हमारे बीच में आये हैं। हम सभी आपको आश्वस्त करते हैं कि दोबारा हम गलती नहीं करेंगे। कारागार मंत्री ने एक सुझाव देते हुए कहा कि जेलों में पेशेवर कैदी भी रहते हैं। ऐसे अपराधियों से खुद को दूर रखें, क्योंकि वे आपसे छोटे मोटे अपराध की जगह बड़े अपराध करने के लिए प्रलोभन दे सकते हैं।

### जेलों में रहते हुए करें हुनर विकसित

कारागार मंत्री ने संवाद के दौरान बंदियों से कहा कि जेलों में लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योगों के अंतर्गत बहुत से कार्य होते हैं। साथ ही कौशल विकास के तहत टेऊनिंग भी दिये जाने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि जेलों में रहते हुए आप कोई न कोई हुनर अवश्य सीखें जिससे कि जेलों से बाहर जाकर आप खुद का रोजगार शुरू कर सकें और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।
कार्यक्रम के दौरान डीआईजी मुख्यालय ए0के0 सिंह, डीआईजी सुभाष शाक्य, वरिष्ठ जेल अधीक्षक आशीष तिवारी, जेलर राजेन्द्र सिंह, सुरेश बहादुर, अजय राय, डिप्टी जेलर आशुतोष मिश्रा, वीरेन्द्र विक्रम सिंह, राम प्रताप प्रजापति, अजय कुलवंत, सुधाकर राव गौतम, सुनिधि यादव, सुअंशु, सुसुकन्या पराशर उपस्थित रहे।

# अब तक 71 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**

**शुक्रवार को 1553 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालों का आयोजन**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान)का आयोजन किया जा रहा है और इन ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।

सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

# मोदी सरकार संविधान के साथ कर रही खिलवाड़ः अविनाश पांडे

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने आरोप लगाया कि केन्द्र की मोदी सरकार संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में एक अघोषित आपातकाल लगा रखा है, जिसके खिलाफ खड़ा होने का वक्त आ गया है। जननायक राहुल गांधी की 14 जनवरी से शुरू होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर हमें उसे सफल बनाना है और लोकतांत्रिक विचारों की इस लड़ाई को जन-जन तक पहुंचाना है। श्री पांडे शनिवार को शहीद स्मारक पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में सहारनपुर से निकाली यूपी जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले शनिवार को अजय राय के नेतृत्व में रकाबगंज से शुरू हुई यात्रा राजधानी के विभिन्न मार्गो से होते हुए शहीद स्मारक पहुंची, जहां हजारों की संख्या में कांग्रेसी यात्रा में शामिल हुए। श्री पांडे ने कहा कि पिछले 18 दिनों से प्रदेश में चल रही यूपी जोड़ो यात्रा के दौरा जो जनसमस्याएं देखने को आयी उन्हें एक प्रतिवेदन का रूप देकर प्रदेश की योगी सरकार को भेजा जाएगा और अविलम्ब उनके समाधान की मांग की जाएगी। श्री पांडे ने कहा कि कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जाएगा। हर कार्यकर्ता का सम्मान ही कांग्रेस की परम्परा है, जिसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने 10 जनसम्सयाओं की चर्चा करते हुए गन्ना किसानों के शीघ्र भुगतान, किसानों की कर्ज और बिजली माफी, बंद चीनी मिलों को पुनः शुरू करने, कमजोर परिवार की महिलाओं को 6000 रुपये प्रतिमाह देने, जातिगत जनगणना और खाली पड़े सरकारी पदों पर तत्काल भर्ती की मांग की।

## मजलिसे बरसी आज

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चचा अमीर हैदर की स्वर्गीया पत्नी कनीज बुतूल और अमीर हैदर के पुत्र समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अब्बास हैदर की स्वर्गीया पत्नी उज्मा हैदर के ईसाले सवाब के लिए रविवार को मजलिसे बरसी होगी। दरिया वाली मस्जिद में रविवार दोपहर 12:15 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को दिल्ली से आए मौलाना काजी अस्करी खिताब करेंगे। विदित हो कि स्वर्गीया कनीज बुतूल और स्वर्गीया उज्मा हैदर का निधन पिछले वर्ष जनवरी में हजरतगंज के वजीर हसन रोड स्थित अलाया अपार्टमेण्ट के ध्वस्त हो जाने की वजह से मलबे में दब कर हो गया था। वहीं ठाकुरगंज के मुसाहबगंज स्थित मदरसा जामियातुत तब्लीग के संस्थापक रहे स्वर्गीय मौलाना मिर्जा मोहम्मद आलिम के ईसाले सवाब के लिए रविवार को मदरसे में मजलिस होगी।

# 22 जनवरी से 5 फरवरी तक कई ट्रेनें रहेंगी निरस्त

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** मथुरा जंक्शन स्टेशन के यार्ड रिमाडलिंग के लिए 27 नवम्बर से 21 जनवरी और 6 फरवरी से 21 मार्च तक प्री.नॉन इण्टरलॉक कार्य एवं 22 जनवरी से 5 फरवरी तक नॉन इण्टरलॉक कार्य के लिए ब्लाक दिये जाने के कारण ट्रेनों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन एवं शार्ट ओरिजिनेशन तथा नियंत्रण किया जायेगा। ग्वालियर से 10, 17, 24 एवं 31 जनवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 22199 ग्वालियर बलरामपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बलरामपुर से 11, 18, 25 जनवरी एवं 1 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 22200 बलरामपुर ग्वालियर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

बांद्रा टर्मिनस से 21 एवं 28 जनवरी तथा 4 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 22921 बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 23 एवं 30 जनवरी तथा 6 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 22922 गोरखपुर बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बांद्रा टर्मिनस से 25 जनवरी तथा 1 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 22975 बांद्रा टर्मिनस रामनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। रामनगर से 26 जनवरी तथा 2 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 22976 रामनगर बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बांद्रा टर्मिनस से 20, 27 जनवरी तथा 3 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 20921 बांद्रा टर्मिनस लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जंक्शन से 21, 28 जनवरी तथा 4 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 20922 लखनऊ जंक्शन बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। अहमदाबाद से 22 एवं 29 जनवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 19401 अहमदाबाद लखनऊ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ से 23 एवं 30 जनवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 19402 लखनऊ अहमदाबाद एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। अहमदाबाद से 20, 25, 27 जनवरी तथा 1 एवं 3 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 19409 अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 22, 27 एवं 29 जनवरी तथा 3, 5 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 19410 गोरखपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। उदयपुर से 22 एवं 29 जनवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 19615 उदयपुर सिटी कामाख्या एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। कामाख्या से 25 जनवरी तथा 1 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 19616 कामाख्या उदयपुर सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। आगरा फोर्ट से 23, 26, 28, 30 जनवरी तथा 2, 4 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 15055 आगरा फोर्ट रामनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। रामनगर से 22, 25, 27 एवं 29 जनवरी तथा 1, 3 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 15056 रामनगर आगरा फोर्ट एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। कोलकाता से 25 तथा 1 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 13167 कोलकाता आगरा कैण्ट एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। आगरा कैण्ट से 27 जनवरी तथा 3 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 13168 आगरा कैण्ट कोलकाता एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। कोलकाता से 24 एवं 31 जनवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 12319 कोलकाता ग्वालियर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। ग्वालियर से 25 तथा 1 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 12320 ग्वालियर कोलकाता एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

गांधीधाम से 26 जनवरी तथा 02 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 09451 गांधीधाम भागलपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। भागलपुर से 29 जनवरी तथा 05 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या.09452 अहमदाबाद लखनऊ विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 12, 19, 26 जनवरी तथा 2 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 05053 गोरखपुर बांद्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। बांद्रा टर्मिनस से 13, 20, 27 जनवरी तथा 3 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 05054 बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। भरतपुर से 6 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 05424 भरतपुर कास गंज विशेष गाड़ी अपरिहार्य कारणों से निरस्त रहेगी।

## एसएम.शर्मा ने उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक का पदभार संभाला

**लखनऊ।** एसएम.शर्मा ने उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया। शनिवार को एसएम.शर्मा ने उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के नव नियुक्त मंडल रेल प्रबंधक के रूप में निवर्तमान मंडल रेल प्रबंधक डॉ.मनीष थपलियाल से कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व श्री शर्मा दक्षिणी रेलवे के तिरुवनंतपुरम मंडल में डीआरएम थे। इसके अतिरिक्त पूर्व में आपने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में समूह महाप्रबंधक मैकेनिकल, मुख्य राजभाषा अधिकारी और हेवी हॉल इंस्टीट्यूट डीएफसीसीआईएल नोएडा के डीन के अतिरिक्त प्रभार के साथ राष्ट्रीय भारतीय रेलवे अकादमी वडोदरा में प्रबंधन में वरिष्ठ प्रोफेसर, रेलवे बोर्ड में निदेशक, ट्रैक्शन और उत्तर रेलवे में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य कर चुके हैं। श्री.शर्मा भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर्स सेवा आईआरएसएमई 1991 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने लीकुआन यी स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी सिंगापुर से लोक प्रशासन में स्नातककोत्तर किया है और ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से शेवनिंग सीआरआईएसपी स्कॉलर हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 08 जनवरी को

**लखनऊ।** प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि 08 जनवरी 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाना है। जिसमें 11 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।
ट्रेंनिंग काउंसिलिंगएण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम0 ए0 खॉं ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले में 1953 रिक्तियॉं लेकर कंपनियां आ रही है। जिसमें हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, बीटेक पास हो एवं 18 से 40 वर्ष वाले लोग ही प्रतिभाग कर सकते हैं। कंपनियां द्वारा वेतन 13,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा।

# एलडीए ने रो-हाउसेस भवनों को किया सील

**वैध निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे**

**अवधनामा ब्यूरो**




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश पर शनिवार को प्राधिकरण अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए दो व्यवसायिक निर्माण और दो स्थानों पर 26 रो-हाउसेस भवनों को सील कराया। प्रवर्तन जोन-4 और 5 की टीम ने अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई कर अवैध निर्माणों को सील कराया। लविप्रा प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि वकील अहमद व अन्य की ओर से मड़ियांव के फैजुल्लागंज द्वितीय, ग्राम गौरभीट में खसरा नम्बर 369 की जमीन पर लगभग 4000 वर्गफिट क्षेत्रफल में 4 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे निर्माण पर विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। शनिवार को सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता उस्मान अली और राकेश कुमार ने सीलिंग की कार्रवाई कराई।
व्यवसायिक निर्माणों को कराया सील
प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी श्रद्धा चौधरी ने बताया कि जानकीपुरम के सेक्टर-जे में अनिल कुमार वर्मा व अन्य की ओर से भूखण्ड संख्या-3/90 पर लगभग 3200 वर्गफिट क्षेत्रफल में बेसमेण्ट सहित चार मंजिला इमारत का निर्माण कराया जा रहा था। 26 रो-हाउसेस भवन सील इंदिरा नगर के ग्राम जरहरा में लगभग 10,000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर कुनाल आहूजा व अन्य की ओर से 6 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया गया था। वहीं जानकीपुरम में नहर रोड पर मिर्जापुर पुलिया से पहले पवन मिश्रा, राकेश मिश्रा व अन्य की ओर से लगभग 1 बीघा क्षेत्रफल में 20 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना कराए जा रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे।

# 10 हजार प्रशिक्षित श्रमिकों को इजराइल भेजा जायेगा

**इजराइल जाने वाले श्रमिकों की परीक्षा कराने हेतु राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ नामित**

**23 जनवरी से परीक्षा होना प्रस्तावित, इजराइल के परीक्षक लेंगे परीक्षा**

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के लोगों को हर हाथ को काम दिलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की पहल पर भारतीय श्रमिको को इजराइल में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए इजराइल सरकार एवं भारत सरकार के मध्य हुई अनुबन्ध के अन्तर्गत 10 हजार प्रशिक्षित श्रमिको को इजराइल भेजने की तैयारी की जा रही है। कौशल विकास मंत्री ने बताया कि शटरिंग कारपेन्टर, आयरन वेन्डिंग, सेरेमिक टाइल/प्लास्टरिंग के क्षेत्र में इजराइल में भारतीय श्रमिको को सेवायोजित किये जाने के संबंध में प्रधानाचार्य, आईटीआई अलीगंज लखनऊ को टेस्टिंग कराने हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है। शटरिंग कारपेन्टर, आयरन वेन्डिंग, सेरेमिक टाईल/प्लास्टरिंग के क्षेत्र में जानकारी रखने वाले श्रमिको को 1,37,250 प्रतिमाह वेतन पर इजराइल भेजे जाएंगे। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि इजराइल जाने वाले श्रमिको की 23 जनवरी, 2024 से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज, लखनऊ में परीक्षा होना प्रस्तावित है जिसमें इजराइल के परीक्षक परीक्षा लेंगे। जो श्रमिक नौकरी के लिए इच्छूक हो तथा ज्ञान रखते हो वे वेबसाइट www.nsdcjob.com पर आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि आईटीआई लखनऊ में भारतीय श्रमिकों की परीक्षा की समस्त तैयारियॉं इजराइल के द्वारा दिये गये मापदण्डों के अनुरूप इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है। शनिवार को निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन कुणाल सिल्कू द्वारा राजकीय आईटीआई लखनऊ में परीक्षा को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय तैयारियों के लिए प्रधानाचार्य आईटीआई की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान पर संयुक्त निदेशक सत्यकान्त सहित संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# परिवहन निगम की अच्छी छवि लोगों के अंतर्मन में बसायें: मासूम अली


**अवधनामा ब्यूरो**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने सभी क्षेत्रीय/ सहायक क्षेत्रीय प्रबंधको को निर्देश दिए हैं कि परिवहन निगम की बसों में साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम होना है। देश- प्रदेश से श्रद्धालु अयोध्या आयेंगे। ऐसे में परिवहन की उत्तम व्यवस्था रखना परिवहन निगम का दायित्व है। एम0डी ने कहा कि 22 जनवरी को बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आयेंगे। किसी को आवागमन में असुविधा न हो, इसके लिए परिवहन निगम पूरी तैयारियां कर रहा है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से लेकर बसों में रामधुन बजाए जाने की व्यवस्था की जा रही है। बस अड्डों पर ही यात्री उतरते हैं। इसीलिए बस अड्डे भी साफ सुथरी रखे। जिससे एक अच्छी छवि यात्रियों के बीच रहे।

# पूर्व राज्यपाल राम नाईक की पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' अब बांग्ला में भी

**अवधनामा ब्यूरो**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक की संस्मरणात्मक पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' का शनिवार 6 जनवरी को अब बांग्ला अनुवाद विमोचित होगा। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल व त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय की उपस्थिति में कोलकाता के भारतीय भाषा परिषद सभागार में 'चरैवेति! चरैवेति!! के बांग्ला अनुवाद का लोकार्पण होगा। चाणक्य वार्ता प्रकाशन समूह द्वारा यह अनुवाद प्रकाशित हो रहा है।

श्री नाईक ने अपने राज्यपाल पद के कार्यकाल में वर्ष 2015 में मराठी अखबार 'सकाल' में अपने संस्मरण लिखे थे । बाद में इन संस्मरणों का संकलन मूल मराठी 'चरैवेति! चरैवेति!! अप्रैल 2016 में प्रकाशित हुई। इस पुस्तक की पाठकों ने काफी सराहना की जिसके कारण बाद में विभिन्न प्रकाशन संस्थाओं ने अलग-अलग भाषाओं में 'चरैवेति! चरैवेति!! के अनुवाद प्रकाशित किए। अब तक यह पुस्तक मराठी, हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत, गुजराती, सिन्धी, असमिया, तमिल इन भारतीय भाषाओं में व फारसी, अरबी, जर्मन इन विदेशी भाषाओं में विमोचित हुई है। दृष्टिहीनों के लिए यह पुस्तक मराठी, हिन्दी तथा अंग्रेजी में ब्रेल लिपि में भी उपलब्ध है। अब विमोचित होनेवाला बांग्ला अनुवाद 'चरैवेति! चरैवेति!! का सोलहवां संस्करण है।

# भाषा विवि में दीपोत्सव का शुभारंभ

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आठवें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में हो रहे दीक्षोत्सव समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय में स्थित अटल सभागार में विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय डा. नरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बहुत ही सुंदर सुंदर प्रस्तुतियां देते हुए गणेश वंदना नृत्य एवं सरस्वती वंदना जैसी प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम की शुरुआत और भी सुंदर की।इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित वक्ता डा.अक्षय सिंह , साइकैटरिस्ट ने सभागार में उपस्थित सभी जनों को मानसिक तनाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि मानसिक तनाव कैसा और किन किन शक्लों में हो सकता हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि, अपने मानसिक तनाव को कम करने के लिए हम हर रोज़ अपने लिए दिन में बीस मिनट अवश्य निकालें और इसमें हम अलग प्रकार की गतिविधियां कर सकते हैं जैसे कि डायरी लिखना आदि चीजें कर सकते हैं। कार्यक्रम का समापन करते हुए माननीय कुलपति जी को आशीर्वचन के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं सभागार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार हमारे घर जब किसी बच्चे का जन्म होता है तो हम बहुत सारी तैयारियां उत्सव के लिए करते हैं।

## वैष्णवी मिश्रा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी प्रस्तुति



ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट वैष्णवी मिश्रा ने कल एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2024 के औपचारिक उद्घाटन में भारत के उपराष्ट्रपति और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के सामने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। वह समारोह की मास्टर ऑफ़ सेरेमनीऔर मुख्य गायिका थीं। सांस्कृतिक प्रदर्शन में वह गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ में दिखाई देंगी। विभिन्न स्तरों पर एनसीसी अधिकारियों द्वारा गहन चयन के बाद वाष्णवी को सांस्कृतिक श्रेणी में गणतंत्र दिवस शिविर 2024 में चुना गया है। विश्वविद्यालय में एनसीसी20 यूपी बालिका वाहिनी एनसीसी, लखनऊ से संबद्ध है। वैष्णवी मिश्रा विश्वविद्यालय से गणतंत्र दिवस शिविर में प्रतिनिधित्व करने वाली पहली कैडेट है. विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह और एएनओ एनसीसी ने वैष्णवी और उन्हें भावी उपलब्धियों के लिए बधाई दी है।